निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, सोमवार 1 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 194 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

उपराष्ट्रपति सी.पी.राधाकृष्णन ने कुरुक्षेत्र के श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना

भारत ने रोमांचक मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराया, वनडे सीरीज में बनाई बढ़त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला रविवार को झारखंड के रांची में जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली की शतकीय पारी की बदौलत 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 349 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.2 ओवर में 332 दन बनाकर आउट हो गयी। इस प्रकार भारत ने रोमांचक मैच में दक्षिण अफ्रीका को हरा वनडे सीरीज में बढ़त बना ली है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम ने टॉस जीता और भारत के कप्तान केएल राहुल को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। इसके बाद भारत ने बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 349 रन बनाए। भारत के लिए विराट कोहली ने शतक लगाया। इस मैच में यशस्वी जायसवाल रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए आए। यशस्वी 18 रन बनाकर नांद्रे बर्गर की बॉल पर विकेट के पीछे क्विंटन डी कॉक को कैच थमा बैठे। इसके बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 109 बॉल में 136 रनों की साझेदारी की। रोहित शर्मा ने इस बीच अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 गेंदों में 5 चौके और 3 छक्कों के साथ 57 रनों की पारी खेली। रोहित को मार्को जानसेन ने पवेलियन भेजा। भारत के लिए विराट कोहली ने शतकीय पारी खेली। विराट ने 102 बॉल में 7 चौके और 5 छक्कों की बदौलत अपने 100 रन पूरे किए। ये विराट के वनडे करियर का 52वां शतक है। इस शतक के साथ विराट एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विश्व के नंबर 1 बल्लेबाज बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर (51 शतक)को पीछे छोड़ दिया है। विराट कोहली 120 बॉल में 11 चौके और 7 छक्कों के साथ 135 रन बनाकर नांद्रे बर्गर की गेंद पर रियान रिकेल्टन को कैच थमा बैठे। भारत के लिए रुतुराज गायकवाड़ 8 और वाशिंगट सुंदर 13 रों का योगदान दिया। अंतिम के ओवर में रविंद्र जडेजा और कप्तान केएल राहुल ने मिलकर टीम का स्कोर 320 तक पहुंचाया। भारत के लिए रविंद्र जडेजा ने 20 बॉल में 2 चौके और 1 छक्के के साथ 23 रन बनाए, जबकि केएल राहुल ने 36 बॉल में 2 चौके और 3 छक्कों के साथ 60 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए नांद्रे बर्गर, मार्को जानसेन और ओटनील बार्टमैन ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में खेले जा रहे पहले वनडे में रोहित शर्मा और विराट कोहली ने एक बार फिर चमक बिखेरी है। दोनों ने इस मैच में शानदार शतकीय साझेदारी से टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित ने यह उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान हासिल की। इस मैच से पहले रोहित ये उपलब्धि हासिल करने से तीन छक्के दूर थे और उन्होंने मैच में तीन छक्के लगाते ही पाकिस्तान के शाहीद अफरीदी को पीछे छोड़ दिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी ने अपने वनडे करियर में कुल 351 छक्के लगाए हैं लेकिन रोहित के नाम अब इस प्रारूप में 352 छक्के हो गए हैं और वह सभी से आगे निकल गए हैं। रोहित ने पारी के 15वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर प्रेनेलन सुब्रयन की गेंद पर डीप मिडविकेट पर लगातार दो छक्के लगाकर अफरीदी की बराबरी की और फिर मार्को यानसेन की गेंद को डीप स्क्वायर लेग पर पुल करके अफरीदी के काफी कम पारियों में सर्वाधिक वनडे छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड बना लिया। इस मुकाबले में किंग कोहली ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने अपने वनडे करियर का 52वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का 83वां शतक 102 गेंदों में पूरा किया। इसी के साथ वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली से पहले ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था जिन्होंने टेस्ट में 51 शतक लगाए थे, लेकिन अब कोहली उनसे आगे निकल गए हैं। कोहली 294 पारियों में इस उपलब्धि पर पहुंचे हैं। कोहली वनडे प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में पहले ही सचिन को पीछे छोड़ चुके हैं। सइससे पहले उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाए थे। रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी अब भारत की ओर से सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच एक साथ खेलने वाली जोड़ी बन गई।

संक्षिप्त समाचार

बारात निकलने से पहले युवक ने की आत्महत्या

रांची(नबिटा ब्यूरो)। जिले के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में नितेश पांडेय नामक युवक ने अपनी बारात निकलने से पहले सुसाइड कर लिया। नितेश के परिजनों ने इसके लिए पुलिस और एक युवती को जिम्मेदार ठहराया है। रांची एसएसपी ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज रोड में शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गई। बारात निकलने से पहले दूल्हे की आत्महत्या से पूरे मोहल्ले में मातम पसर गया। दरअसल नितेश पांडेय नामक युवक जो रेलवे में कार्यरत था। नितेश की आत्महत्या को लेकर परिजनों ने सुखदेव नगर पुलिस पर बड़ा आरोप लगाया है। परिजनों ने आत्महत्या की वजह पुलिस प्रताड़ना बताया है।

अलग-अलग हादसों में कई लोग घायल

कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)। जिले में रविवार को हुए दो अलग-अलग हादसों ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। पहला मामला धनबाद-गया रेलखंड पर कोडरमा स्टेशन के पास सामने आया जहां आनंद विहार से रांची जा रही एक्सप्रेस से गुमला जिले के सिसाई निवासी सनी उरांव नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं डोमचांच थाना क्षेत्र के रायडीह मोड़ के पास हुई जहां गिट्टी लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो चालक टेकलाल साव, एक युवती और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जामताड़ा में शिबू सोरेन के नाम से खुलेगी डिजिटल लाइब्रेरी

जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)। जिले को डिजिटल लाइब्रेरी की सौगात मिलने जा रही है। जामताड़ा जिला प्रशासन एक ओर स्कूलों में साइबर सिक्योरिटी क्लब खोलकर छात्रों को जागरूक करने का काम कर रहा है दूसरी ओर डिजिटल लाइब्रेरी खोलकर स्कूली बच्चों एवं युवाओं को उनके भविष्य संवारने का काम कर रहा है। प्रशासन ने जिला मुख्यालय में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम से डिजिटल लाइब्रेरी तैयार की है। डिजिटल माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षण शिक्षा देने का काम किया जाएगा। ताकि इस लाइब्रेरी में छात्र, अपने पाठ्यक्रम की सारी जानकारी और करियर बनाने की दिशा में आगे बढ़ सके।

सात जुआरी गिरफ्तार

बोकारो(नबिटा ब्यूरो)। माराफारी थाना क्षेत्र स्थित घोईचा टोला में पुलिस ने जुआ अड्डे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के बाद माराफारी थाना प्रभारी मो. आज़ाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने घोईचा टोला निवासी राम राय के घर के पास बने एक अहाते में धावा बोला, जहां लंबे समय से जुआ संचालन की सूचना मिल रही थी। छापेमारी के दौरान सभी आरोपी ताश के खेल में लिप्त पाए गए और मौके पर ही पकड़ लिए गए।

भारत ने खाद्यान्न उत्पादन में बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड : प्रधानमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत ने 2025 में 357 मिलियन टन अनाज पैदा करके एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। ये देश की खेती के विकास में एक अहम मील का पत्थर होगा। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 128वें एपिसोड में देश को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दस सालों में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन बढ़ा है। ये खेती में आत्मनिर्भरता की तरफ देश की लगातार बढ़ती रफ्तार को दिखाता है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने कृषि क्षेत्र में बड़ी कामयाबी हासिल की है। भारत ने 357 मिलियन टन अनाज पैदा करके एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। 10 साल पहले के मुकाबले भारत का अनाज प्रोडक्शन 100 मिलियन टन बढ़ गया है। तमिलनाडु के कोयंबटूर में प्राकृतिक खेती प्रदर्शनी को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती अपनाने वाले युवाओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं प्राकृतिक खेती पर एक बड़ी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए कोयंबटूर गया था। मैं साउथ इंडिया में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की कोशिशों से बहुत प्रभावित हुआ। बहुत सारे युवा, अत्यधिक योग्य पेशेवर अब प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं। इससे पहले 19 नवंबर को पीएम मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त लाभार्थियों को जारी की। साथ ही प्राकृतिक खेती प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने स्थानीय किसानों से मुलाकात की। उनसे बातचीत की और प्रदर्शनी देखी। इसमें अलग-अलग खेती के उत्पाद दिखाए गए थे। साथ ही एक कोने में पौधों और फसलों के विकास को भी दिखाई गई थी। तमिलनाडु के गवर्नर आर एन रवि भी प्रधानमंत्री के साथ थे। दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन 2025, 19-21 नवंबर तक हुआ। इसका आयोजन तमिलनाडु प्राकृतिक खेती के हितधारकों की ओर से किया गया था। सम्मेलन का मकसद टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल, रसायन मुक्त कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना था। इसके साथ ही पर्यावरण के अनुकूल और रसायन मुक्त कृषि पद्धतियों के तरीकों को बढ़ावा और आर्थिक रूप से टिकाऊ मॉडल को अपनाने पर जोर देना था। एक व्यवहार्य के रूप में प्राकृतिक और खेत की खोई उर्वरता को फिर से प्राप्त करने ओर बदलाव को तेज करने पर भी जोर दिया गया।

शीतकालीन सत्र के पूर्व हुई सर्वदलीय बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। केंद्र और विपक्ष के बीच इस शीतकालीन सत्र में कई मुद्दों को लेकर हंगामा छिड़ने के आसार अभी से नजर आ रहे हैं। शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू समेत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, गौरव गोगोई और अन्य नेता शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस के लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार, भाजपा, प्रधानमंत्री भारत के लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार संसद को पटरी से उतारना चाहती है। उन्होंने संसद में पार्टी की रणनीति को लेकर कहा कि सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने राष्ट्रीय सुरक्षा, वायु प्रदूषण, लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची की सुरक्षा पर चर्चा की मांग की। सर्वदलीय बैठक के बाद माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने कहा कि दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट ने सरकार की पोल खोल दी है। हमारी पार्टी सुरक्षा से मुद्दों पर संसद में विस्तृत चर्चा चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि संसद बाधित या ठप्प होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि किसी ने नहीं कहा कि संसद नहीं चलेगी या चलने नहीं देंगे। कुछ नेताओं ने कहा कि वे एसआइआर पर सदन में हंगामा कर सकते हैं। मैं सकारात्मक रूप से कह रहा हूं कि हम विपक्ष की बात सुनने के लिए तैयार हैं। संसद सबकी है, देश की है। संसद में हर मुद्दे पर चर्चा करने का एक तरीका होता है। नियम होते हैं, परंपराएं होती हैं। किरेन रिजिजू ने कहा कि शीतकालीन सत्र में हम आशा करते हैं कि सभी लोग शांत मन से काम करेंगे और गरमागरम बहस से बचेंगे। संसद में बहस होगी और मुझे उम्मीद है कि कोई व्यवधान नहीं होगा।

अपराधियों ने ज्वेलरी दुकानदार को मारी गोली, देसी कट्टा बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गढ़वा। जिले के श्री बंशीधर नगर में शनिवार की शाम अपराधियों ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। शहर के प्रतिष्ठित आभूषण व्यवसायी दीपक राज सोनी को अपराधियों ने गोली मार दी। यह घटना शाम करीब 7 बजे शहर की मेन रोड पर स्थित एक जिम सेंटर के पास की है। घायल दीपक सोनी ने बताया कि वे दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, इसी दौरान बाइक पर सवार तीन अज्ञात लोगों ने जिम सेंटर के सामने उन्हें रोक लिया और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जिससे उनके बाएं हाथ और दाहिनी जांघ में गोली लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दीपक सोनी ने बताया कि इस दौरान आरोपियों ने उनके पास मौजूद बैग लूटने का भी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना के बाद घायल दीपक को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है। हालांकि स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी अपने हथियार और कारतूस मौके पर ही छोड़कर भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से बरामद हथियार और कारतूस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है और अपराधियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि बहुत जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग कर रहे हैं।

धनबाद सदर अस्पताल में पीपीपी मोड पर बनेगा मेडिकल कॉलेज : अजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

धनबाद। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए झारखंड स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह रविवार को शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) और सुपर स्पेशियलिटी परिसर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं, ओपीडी-आईपीडी संचालन और विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि धनबाद जैसे औद्योगिक और जनसंख्या वाले जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं शीर्ष प्राथमिकता हैं और इसी दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने निरीक्षण के बाद बड़ा ऐलान करते हुए बताया कि मौजूदा ओपीडी सेवाओं को अगले छह महीनों के भीतर नए ओपीडी भवन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उनका कहना था कि पुरानी ओपीडी में जगह और सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों को असुविधा होती है इसलिए आधुनिक तकनीक से सुसज्जित नए भवन में जल्द ही ओपीडी चलाने की तैयारी पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभी के लिए आईपीडी सेवाएं वर्तमान भवन में ही जारी रहेंगी ताकि इलाज में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। धनबाद की बढ़ती जनसंख्या और मरीजों की संख्या को देखते हुए मुख्य सचिव ने 420 बेड क्षमता वाले नए आईपीडी भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस नए भवन से न केवल मरीजों को बेहतर बेड सुविधा मिलेगी बल्कि गंभीर रोगियों के लिए भी विशेष वार्ड और एचडीयू की व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। निर्माण पूरा होने के बाद अस्पताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। मुख्य सचिव ने बताया कि लगभग 12 साल पहले बनकर तैयार हो चुके सुपर स्पेशियलिटी भवन में सेवाएं शुरू न होना गंभीर समस्या रही है। उन्होंने स्पष्ट आश्वासन दिया कि अगले चार महीनों के भीतर सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं जनता को उपलब्ध करा दी जाएंगी। इसके लिए डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जाएगी जिससे विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं बिना देरी के शुरू हो सकें। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। मुख्य सचिव के अनुसार पोस्ट ग्रेजुएशन सीटों को 100 से बढ़ाकर 250 किया जाएगा। वहीं अंडर ग्रेजुएशन सीटों को 19 से बढ़ाकर 100 करने का निर्णय लिया गया है। इससे धनबाद सहित पूरे राज्य में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता और उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

राष्ट्रीय सम्मेलन में बोकारो के जीजीएसईएस टेक्निकल कैंपस को सर्वश्रेष्ठ फैकल्टी पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली/पुडुचेरी। श्री मन्नाकुला विनयगर इंजीनियरिंग कॉलेज, पुडुचेरी में 29 नवंबर 2025 को आयोजित 55वें राष्ट्रीय वार्षिक आईएसटीई फैकल्टी कन्वेंशन में गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, बोकारो को बिहार-झारखंड क्षेत्र के तहत आईएसटीई राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ फैकल्टी चैप्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कॉलेज निदेशक प्रियदर्शी जरुहार ने मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री और मुंबई पुलिस आयुक्त सत्पाल सिंह, आईएसटीई राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतापसिंह काकासाहेब देसाई, सचिव एस.एम. अली सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्राप्त किया। कन्वेंशन के दूसरे दिन 30 नवंबर को आयोजित तकनीकी सत्र में प्रियदर्शी जरुहार ने ल्ल्रए कॉम्प्रिहेंसिव स्टडी ऑफ फैकल्टी रिक्रूटमेंट, सिलेक्शन एंड सेलेक्शन प्रोसेस स्ट्रेटेजीज इन फिफ्थ जेनरेशन एजुकेशनल इंस्टिट्यूट्सङ्क विषय पर पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से शोधपत्र रखा। उन्होंने बताया कि आईएसटीई द्वारा आयोजित ऐसे राष्ट्रीय स्तर के आयोजन तकनीकी शिक्षा से जुड़े शिक्षकों के कौशल विकास, नवाचार, शोध और छात्र उन्मुख शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कॉलेज की इस उपलब्धि पर संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह और सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने निदेशक और संपूर्ण संस्थागत टीम को बधाई दी और कहा कि यह गौरव कॉलेज के शैक्षणिक मानकों, उत्कृष्ट कार्य संस्कृति और निरंतर नवाचार का परिणाम है। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि यह पुरस्कार संस्थान को तकनीकी शिक्षा में और उच्च मानक स्थापित करने की दिशा में प्रेरणा देगा।

SRI MANAKULA VINAYAGAR ENGINEERING COLLEGE
55th ISTE National Annual Faculty Convention
Reimagining Education 5.0
Emerging Technology for a Sustainable Future
Hearty Welcome To All!

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

☎ 7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी
बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

एकतरफा प्यार में पागल अधेड़ पारा शिक्षक ने रसोइया के पति की हत्या की रची साजिश, गिरफ्तार

छतरपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के ठीक पहले चार अपराधियों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। एकतरफा प्यार में पागल अधेड़ पारा शिक्षक ने रसोइया के पति की हत्या की रची साजिश रच दी। छतरपुर थाना के सिलदाग निवासी पारा टीचर 55 वर्षीय सत्यदेव विश्वकर्मा रसोईया महिला को चार-पांच माह से छेड़ रहा था। वह अपने साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाल रहा था। इसका महिला ने लगातार विरोध किया।

महिला रसोइया ने छेड़छाड़ से संबंधित जानकारी अपने पति को दी थी। इस बीच पारा शिक्षक सत्यदेव विश्वकर्मा ने उसके पति को जान से मारने के लिए हत्या की साजिश रच दी। इसकी जानकारी देते हुए पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने रविवार को अपने कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रेस के समक्ष साजिशकर्ता पारा शिक्षक सहित चार अपराधियों को प्रस्तुत करते हुए मामले का खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि छतरपुर थाना क्षेत्र के सिलदाग गांव में कुछ व्यक्ति मिलकर गांव के किसी व्यक्ति की हत्या की योजना बना लिया है। हत्या से संबंधित रेकी भी कर लिया है। आज या कल हत्या करने की योजना है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर सभी अपराधकर्मियों को पकड़ने के लिए निर्देशित किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिलदाग गांव से कूल 4 अपराधकर्मियों को अवैध हथियार, गोली व दो चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साजिशकर्ता पारा शिक्षक सत्यदेव विश्वकर्मा ने बताया कि वह गांव के ही एक महिला को शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाल रहा था। इसे लेकर महिला के पति से भी तूतू-मैंमैं हुई थी। इस बात को लेकर वह महिला के पति की हत्या करने की साजिश रची थी। साजिश के तहत उसने अपने साथ तीन और लोगों को साथ में लिया। हत्या करने के लिए 40 हजार रुपए में डील फाइनल हुई थी। हत्या के बाद उक्त राशि देनी थी। महिला के पति को हत्या करने के लिए उसके घर का पूरा रेकी भी कर एक देशी कट्टा व गोली का व्यवस्था कर लिया था। योजना के अनुसार महिला के पति को अपराधकर्मी राजवंश परहिया सबसे पहले गोली मारता। अगर किसी कारणवश गोली ना चले तो राजू साव व पारा शिक्षक सहदेव विश्वकर्मा अपने साथ ले गए चाकू से उसकी हत्या कर देते। लेकिन घटना के पहले ही छतरपुर पुलिस की टीम ने अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राजवंश परिया डकैती कांड में पहले भी जेल जा चुका है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली के साथ देशी कट्टा व दो चाकू बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गठित टीम में छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक प्रशांत प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक सुशील उरांव, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार रजक, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार सहित छतरपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

10वीं जिला तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025-26 सफलतापूर्वक संपन्न, हर्ष अजमेरा बोले-

हजारीबाग तीरंदाजी का उभरता केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। शहर के कर्जन ग्राउंड में आयोजित 10वीं जिला तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025झ26 का समापन उत्साह और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ हुआ। 20 से 50 मीटर दूरी तक की विभिन्न प्रतियोगिताओं में मिनी, जूनियर एवं कंपाउंड सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम एवं युवा समाजसेवी सह जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में चंदेश्वर दास, अजित साहू, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, थाना प्रभारी अजित कुमार, जिला तीरंदाजी संघ के सचिव मनोज कुमार, दुर्गेश कुमार, नीलम कुमारी, आर्यन कुमार और अलीशबा टुडू सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

पुरस्कार वितरण से पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया, तत्पश्चात खिलाड़ियों के निर्देशन में अतिथियों ने तीरंदाजी का अभ्यास कर लक्ष्य भेदन का अनुभव भी प्राप्त किया।

मुख्य परिणाम

कंपाउंड सीनियर बालिका वर्ग : ज्योति बाला प्रथम, रानी कुमारी द्वितीय

कंपाउंड जूनियर बालिका वर्ग :ज्योति बाला प्रथम, रानी कुमारी द्वितीय

कंपाउंड सीनियर बालक वर्ग :अमन कुमार प्रथम, रुपेंद्र कुमार टुरी द्वितीय, प्रियांशु कुमार तृतीय

रिकर्व जूनियर वर्ग :सोनिया कुमारी प्रथम, अभय कुमार यादव द्वितीय

मिनी जूनियर बालक वर्ग :जिग्याशु रंजन प्रथम, सूरज चौधरी द्वितीय, करण राणा तृतीय

मिनी बालिका वर्ग : परिष्मा सिन्हा प्रथम

जूनियर बालक 30 मीटर : अभिषेक कुमार प्रथम, सौरभ कुमार द्वितीय, उमांग कुमार तृतीय

बालिका 30 मीटर : सपना कुमारी प्रथम, ऋतिका रानी रंजन द्वितीय

जूनियर बालिका 30 मीटर : मनीषा कुमारी प्रथम

बालक 50 मीटर : सुवीत कुमार प्रथम, सौरभ कुमार द्वितीय, मंजीत कुमार तृतीय

बालिका 40 मीटर : मनीषा कुमारी प्रथम

इंडियन राउंड सीनियर

बालिका 50 व 30 मीटर : फुलमती कुमारी प्रथम, अंबिका कुमारी द्वितीय

बालक 50 मीटर-30 मीटर : रियान अख्तर प्रथम, आयुष्मान कुमार द्वितीय, निकुंज नारायण देव तृतीय

सम्मिलित वर्ग 30-50 मीटर : निकुंज नारायण देव प्रथम, रियान अख्तर द्वितीय, आयुष्मान कुमार तृतीय

'हजारीबाग तीरंदाजी का भविष्य उज्ज्वल' : हर्ष अजमेरा

युवा समाजसेवी सह जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि 'हजारीबाग खेल प्रतिभा और अनुशासन के मामले में किसी से कम नहीं है। तीरंदाजी हजारीबाग की पहचान बन चुकी है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएंगे।' उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर बढ़ाने के लिए जिला ओलंपिक संघ लगातार कार्यरत है और भविष्य में भी खिलाड़ियों को हर संभव सहायता मिलती रहेगी। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह, प्रशिक्षकों की मेहनत और आयोजकों की प्रतिबद्धता को आयोजन की सफलता का आधार बताया और कहा 'हजारीबाग खेल की धरती है, और हम सब मिलकर इसे राज्य का प्रमुख खेल केंद्र बनाएंगे।'

पांडू की समस्याओं को जिला स्तर पर उठाने का करेंगे काम : विमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष बिमला कुमारी ने रविवार को पांडु प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने प्रखंड के कांग्रेस पदाधिकारियों व स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की। उनके आगमन पर कांग्रेसी कार्यकताओं व क्षेत्र की जनता ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। मौके पर बिमला कुमारी ने प्रखंड की विकासात्मक जरूरतों, प्रशासनिक स्थिति व जन-समस्याओं से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय स्तर पर जनसहभागिता को बढ़ाने व संगठनात्मक गतिविधियों को सशक्त करने पर जोर दिया। बिमला कुमारी ने कहा कि पांडु प्रखंड कांग्रेस की मजबूत इकाई है। यहां के कार्यकर्ता सदैव प्रतिबद्धता व संगठन के प्रति समर्पण का परिचय देते आए हैं। जनता की समस्याएं हमारी प्राथमिकता हैं। वे पांडू क्षेत्र की समस्याओं को जिला स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाते रहेंगे।

अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की अध्यक्षता में बैठक हुई सम्पन्न

गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महासंघ भवन कचहरी प्रागंण, गिरिडीह मे अमर किशोर सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य अराजपतित कर्मचारी महासंघ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न संगठन या पोस्टल एम० एस०ओ० स्वाहमय ग्रामीण विभाग समेत कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैटक में भारत सरकार के कर्मचारी मजदुर विरोधी नीति का निन्दा किया गया। बैठक में बृहद संख्या में महिला प्रतिनिधि भी उपस्थित थी। मुख्य मुद्दा ओपीएस. की गारन्टी कोविड समय में 18 माह पी. एफ. कटौति वापसी अथवा वेतन पुर्नरिक्षण का टर्म ऑफ रेफरेन्स कर्मचारी प्रतिनिधि के साथ मिलकर तय किया जाए।

कालीबाड़ी के पास फिर चेन छिनतई, हजारीबाग में बढ़ते अपराध से दहशत, प्रशासन के लिए चुनौती

घटना सीसीटीवी में कैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। शहर में चेन छिनतई की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार को कालीबाड़ी के पास फिर एक महिला के गले से सोने की चेन छीनकर अपराधी फरार हो गए। वारदात के बाद क्षेत्र में अफरातफरी और दहशत का माहौल फैल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो बाइक सवार बदमाश अचानक मौके पर आए और महिला की चेन झपट कर तेज रफ्तार से भाग निकले। घटना कुछ ही सेकंड में अंजाम दी गई, जिससे आसपास के लोग कुछ समझ पाते उससे पहले अपराधी फरार हो चुके थे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी इलाके में इससे पहले भी कई बार चेन छिनतई की घटनाएँ हो चुकी हैं, लेकिन अपराधियों पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई है। लोगों में भय का माहौल है और महिलाओं का शाम के समय अकेले बाहर निकलना मुश्किल होता जा रहा है।

लगातार बढ़ रही घटनाएं प्रशासन के लिए सरदर्द

पिछले कुछ महीनों में शहर के विभिन्न हिस्सों—विशेषकर कालीबाड़ी, पुराना बाजार, पगमल, और बड़कागांव रोड में चेन छिनतई की कई वारदात सामने आई हैं। अपराधियों का गिरोह सक्रिय बताया जा रहा है, लेकिन गिरफ्तारी का इंतजार अभी भी जारी है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इलाके की गश्ती बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरे लगवाने और बाइक सवार अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की पहचान के प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस ने इस मामले में ऋक्र्फ दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कब रुकेगा चेन छिनतई का सिलसिला?

आमजन का सवाल है कि—'हर घटना के बाद जांच की बात होती है, लेकिन गिरफ्तारी और रोकथाम कब होगी?' शहरवासियों का कहना है कि यदि रात और शाम के समय पेट्रोलिंग तेज की जाए तथा संदिग्ध बाइक चालकों पर निगरानी बढ़ाई जाए, तो ऐसी वारदातों पर रोक संभव है। फिलहाल प्रशासन पर बढ़ते अपराध को रोकने का दबाव साफ दिख रहा है और लोग जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

वाइब्रेंट फिटनेस डांस स्टूडियो का शुभ उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। वाइब्रेन्त फिटनेस डांस स्टूडियो का शुभ उद्घाटन दोपहर 12 बजे ओनर व उनके बच्चों के द्वारा फीता काटकर किया गया, जिसमें डांस के साथ साथ फिटनेस की भी सुविधा उपलब्ध है, यहां पर डांस टीचर किशन सिंहा के द्वारा ट्रेनिंग दिया जाएगा जो ये कई एल्बम और कई फिल्मों में भी कैरोयोग्राफी कर चुके हैं, यहां पर बॉलीवुड, वेस्टर्न, जुंबा, फोल्क, सेमी क्लासिकल सहित सभी प्रकार की डांस सिखाए जायेंगे। जिसका डांस क्लास का समय है ठंड को देखते हुए 3.30 से 4.30 बजे तक और लेडीज फिटनेस के लिए शाम 4.30 से 5.30 तक और सुबह में 9 बजे से 10 बजे तक। जिसका पता देवनगर रोड, नियर रेड क्रॉस सर्कस फील्ड के समीप।

धोखाधड़ी की शिकार हुई महिला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। सदर प्रखंड के चूंजका पंचायत अंतर्गत प्रमोद दास पिता स्व.शिवलाल दास चूंजका पंचायत निवासी, प्रमोद दास ने अपनी इंडियन बैंक के ग्राहक सुविधा केंद्र में चूंजका निवासी सुशीला देवी पति मनमोहन कुमार को अपना ठगी का शिकार बनाकर सुशीला देवी से 80,000=00 अस्सी हजार रुपए सुशीला देवी की जेएएलपीएस के खाते मां लक्ष्मी सखी महिला मंडल समूह के द्वारा दोबारा ऋण निकासी कर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक प्रमोद दास मेडिकल इमरजेंसी का बहाना बनाकर भोली भली महिला के साथ फर्जी वाड़ा करने का एक संगीन मामला प्रकाश में आया है वहीं सुशीला देवी ने रकम की वापसी का तकादा करने पर 40,000/= चालीस हजार रुपए वापस करते हुए कहा कि कुछ महीनों उपरांत बाकी की रकम वापस कर दूंगा, लेकिन यह बात बोले हुए करीब एक साल का समय बीत चुका है, ठगी के इस मामले को लेकर पीड़िता ने गिरिडीह मुफस्सिल थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज कराया, इस पर भी रकम वापसी नहीं करने पर थक हार कर पीड़िता सुशीला देवी ने गिरिडीह व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ता के द्वारा आरोपी को कोर्ट से नोटिस कराया गया जिसका अभी तक आरोपी के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है।

दूसरी ओर भुगतभोगी सुशीला देवी ने बताया प्रमोद दास रकम वापसी नहीं करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग एवं मारपीट करने पैसा नहीं देने की बात बोलते हुए कहा की पैसा वापस नहीं करेंगे जो करना है कर लो, जिसको बोलना है बोल दो जबकि आरोपी प्रमोद दास शुरूआती समय में अपने बैंक खाते का 40हजार का चेक जमानत के तौर पर दे रखा है। अब देखने वाली बात यह है की एक गरीब, घरेलू, ग्रामीण महिला को न्याय मिलने में कितना समय लगता है, और प्रशासन इस पर संज्ञान लेने में कितना समय लगते है।

वि. सिटी हॉस्पिटल में फ्री मेडिकल शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। फ्री मेडिकल शिविर का आयोजन वि.सिटी हॉस्पिटल नया पूल सिहोडीह गिरिडीह जहाँ लिवर फनशन टेस्ट एलएफटी बिल्कुल मुफ़्त जाँच और इलाज कर उचित सलाह दिया गया। मौके पर डॉ ए के वर्मा ने कहा की अभी के समय मे लोग चाइनीज ऑयली फास्ट फूड जायद खाना पसंद करते है जो गंभीर बीमारी का कारण बन रहा जिसका इलाज समय पर करवाना बहुत जरूरी है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में रविवार को सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन जिला संयोजिका स्वाति सिन्हा, मुख्य वक्ता श्वेता श्रीवास्तव, अनिता मिश्रा एवं सरिता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। विद्यालय की बहनों ने हम ही हैं मातृशक्ति गीत से सबों को भाव विभोर कर दिया। अतिथि परिचय मधु श्रेय, मंच संचालन शालिनी राज एवं आभार निशा श्रेष्ठ ने किया।

मौके पर स्वाति सिन्हा ने सप्त शक्ति संगम के उद्देश्य एवं इसकी स्थापना पर प्रकाश डाला। उन्होंने नारियों को स्व बोध,कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्य का पालन कर देश को प्रगति की राह पर ले जाने का आग्रह किया। मुख्य वक्ता श्वेता श्रीवास्तव ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी अगर अपने सप्त गुणों को जागृत कर ले तो वह संसार में परिवर्तन ला सकती है।परिवार में पर्यावरण की सुरक्षा एवं स्वच्छता के साथ-साथ एक पेड़ लगाने का आग्रह उपस्थित माताओं से किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में अनिता मिश्रा ने कहा कि नारी श्रद्धा और शक्ति की आधार है। हमें आधुनिकता के साथ-साथ अपनी संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए।माताएं अपने बच्चों को संस्कारी बनने के लिए प्रेरित करें।कार्यक्रम में समस्त दीदी एवं सैकड़ो महिलाएं माताएं उपस्थित थी।

भारतीय खाद्य संरक्षा व मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई से संबंधित प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। सिविल सर्जन, गिरिडीह के आदेशानुसार आज सदर हॉस्पिटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 एवं खाद्य सुरक्षा और मानक खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण विनियम, 2011 के अनुसूची क्ष्ट में किये गए प्रावधान के अनुरूप भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई के फॉस्टक कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्य व्यवसाय संचालकों फबॉस को खाद्य सुरक्षा एवं मानक विषय पर प्रशिक्षित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमे कुल मिला कर 100 कारोबारियों ने भाग लिया। एफएसएसएआई के सूचीबद्ध प्रशिक्षक डॉ० राकेश सिंह ने खाद्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा खतरा, खाद्य विषाक्तता फूड पोइजनिंग खाद्य संक्रमण फूड इन्फेक्शन और खाद्य एलर्जी फूड एलर्जीज एवं नियंत्रण, खाद्य जनित रोग, संचारी और गैर संचारी रोग, फूड ग्रेड रंग, पैकेजिंग सामग्री, कागज, बर्तन, एडिटिव एवं प्रिजर्वेटिव, टेंपरेचर डेंजर जोन, उच्च जोखिम वाले खाद्य पदार्थ, जीएमपी गुड मैन्युफै रिंग प्रैक्टिसेस, जीएचपी गुड हाइजेनिक प्रक्टिसेस, शॉप स्टैंडरड ऑपरेटिंग प्रोसीजर, एफएसएमएस खाद्य सुरक्षा और प्रबंधन प्रणाली खाद्य व्यवसाय रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस के अनिवार्यता एवं प्रक्रिया, लाइसेंस और पंजीकरण के नियम और शर्तें, व्यक्तिगत एवं कार्यस्थल की साफ-सफाई एवं स्वच्छता, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, फूड सैंपल एवं टेस्ट की जरूरत, फूड पैकेजिंग एवं लेबलिंग नियम, कच्ची सामग्री की गुणवता के मानक, पेयजल मानक और परीक्षण कीट नियंत्रण, खाद्य पदार्थ का सुरक्षित भंडारण और परिवहन, फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड, गोल्डेन रूल, कचरे का प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा इंस्पेक्शन चेकलिस्ट, इत्यादि का विशेष रूप से चर्चा किया गया प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के ट्रेनिंग पार्टनर 360 रिसर्च फाउंडेशन के राहुल कुमार प्रोजेक्ट मैनेजर, झारखंड अमित कुमार और शुभम के द्वारा किया करवाया गया।

अवैध शराब माफिया पर कड़ा प्रहार : चौपारण में महुआ भट्ठियों पर छापा, हजारों किलो जावा महुआ नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग)। जिले में अवैध शराब के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन ने रविवार को कड़ी कार्रवाई की। उपायुक्त हजारीबाग शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर सहायक आयुक्त, उत्पाद विभाग के नेतृत्व में चौपारण थाना क्षेत्र के वृंदा एवं डोमापहाड़ी गांवों में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया।

छापेमारी के दौरान कई अवैध महुआ चुलाई भट्ठियाँ संचालित पाई गईं। टीम ने मौके पर तथा आसपास छिपाकर रखे गए लगभग 4000 किलोग्राम किन्वयण योग्य जावा महुआ को नष्ट कर दिया। वहीं करीब 200 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा उत्पादन में उपयोग होने वाले उपकरण और कच्ची सामग्री को जब्त किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया जा रहा है और जिले में ऐसे तत्वों पर कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। छापेमारी टीम में अवर निरीक्षक (उत्पाद) सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सय्यद बसीरुद्दीन, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह तथा सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। जिला प्रशासन ने कहा है कि अवैध शराब माफियाओं की गतिविधियों पर सभी प्रखंडों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है और ऐसी अवैध गतिविधियों को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया दो दिवसीय रक्तदान शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन की ओर से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों की सहायता हेतु 29 एवं 30 नवंबर को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध रक्तदाता ब्लड मैन निर्मल जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नियमित रक्तदाता संदीप पांडे, शिवम एवं मुकेश ने रक्तदान कर किया। इसके बाद शाश्वत सहाय, अमरजीत, धीरज, अजय, सत्यम, रोहित, रंजीत, जयकुमार, मनु कुमार, राजा कुमार, बबलू, प्रिंस, शंकर कुमार सहित कुल 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। रक्तदान के बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, यह किसी की जिंदगी बचाने का सबसे पवित्र कार्य है। शिविर को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, महासचिव विनीत छाबड़ा, कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, जनसंपर्क सचिव राजेश सेठी एवं मेडिकल टीम की अहम भूमिका रही।

मर्सी हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल मर्सी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला, जिसमें जिले और आसपास के क्षेत्रों से लगभग 300 से अधिक मरीजों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया।

यह शिविर लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच और परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे, जिनमें गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार एमबीबीएस, एमडी, डीएम नेफ्रॉलॉजी, ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. विवेक ढोकानिया आदि शामिल थे।

एबीवीपी ने महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस की जयंती मनाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी गिरिडीह नगर इकाई ने महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस की जयंती मनाई। इस अवसर पर कार्यकताओं ने जेसी बोस चौक में स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई।

अभाविप के नगर मंत्री नीरज चौधरी ने कहा कि जगदीश चंद्र बोस एक महान वैज्ञानिक थे जिन्होंने रेडियो और माइक्रोवेव ऑप्टिक्स में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने पौधों की जैविकी पर भी महत्वपूर्ण शोध किया और उन्हें भारतीय विज्ञान के पिता के रूप में जाना जाता है पूर्व कार्यकर्ता रणजीत राय जी ने कहा कि जगदीश चंद्र बोस की जयंती हमें उनके जीवन और कार्य से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि बोस जी की वैज्ञानिक दृष्टि और अनुसंधान ने भारत को वैज्ञानिक क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई है। मौके पे पूर्व छात्र संघ सचिव आकाश श्रीवास्तव, नगर सह मंत्री सदानंद राय, राहुल बरनवाल, आशीष, विवेक, सचिन शर्मा, योगेंद्र मंडल, प्रियांशु, आशुतोष आदि कार्यकता मौजूद थे।

विद्या भारती विद्यालय
सप्त शक्ति संगम
आयोजक :-

मिलावटी पनीर-मक्खन निर्माण पर बड़ी कार्रवाई

परिसर सील, नमूना जांच के लिए भेजा गया

हजारीबाग ब्यूरो

हजारीबाग। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो. मंजर हुसैन की टीम ने शनिवार को पूणापानी, चुरचू स्थित अनिल सिंह के खाद्य परिसर पर औचक छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान प्रथम द्दष्टया मिलावटी पनीर एवं मक्खन के निर्माण की पुष्टि हुई।

जांच के क्रम में टीम ने संदिग्ध पनीर और मक्खन के नमूने राज्य खाद्य जाँच प्रयोगशाला, नामकुम भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

छापेमारी के दौरान 1.3 क्विंटल मिलावटी पनीर, 40 लीटर मक्खन तथा 10 किलो मक्का स्टार्च जब्त किए गए।

जब्त सामग्री को चरही थाना में सुरक्षित रखा गया है। जिसे प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद नष्ट किया जाएगा।

परिसर में अत्यधिक गंदगी की स्थिति, मानकों के विपरीत निर्माण प्रक्रिया तथा बिना त्र्रअक लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन के खाद्य निर्माण व कारोबार संचालन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत परिसर को अगले आदेश तक सील कर दिया गया है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो० मंजर हुसैन ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी प्रतिष्ठान से खराब गुणवत्ता या मिलावटी खाद्य सामग्री प्राप्त होती है, तो तुरंत फूड सेफ्टी कनेक्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करें।

इस ऐप से विभाग को तत्काल सूचना मिलती है और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

आइसीयू में सियार घुसने के मामले पर हाई कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सर्जिकल आईसीयू में 17 नवंबर को सियार घुसे जाने के मामले पर हाई पावर कमेटी जांच करेगी। हाई कोर्ट ने मामले पर स्वत संज्ञान लिया है। हाई कोर्ट के निर्देश पर आज स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह देर शाम धनबाद पहुंचेंगे। इसके साथ रविवार को सियार घुसे जाने के मामले की जांच करेंगे। दैनिक जागरण ने 18 नवंबर के अंक में सियार घुसे जाने के मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मामला हाई कोर्ट तक पहुंचा और अब जांच शुरू हुई है।

अपर मुख्य सचिव अस्पताल में बाउंड्री वॉल, सुरक्षा के उपाय संबंध में जानकारी लेंगे। स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला प्रशासन, भवन प्रमंडल विभाग और पथ प्रमंडल विभाग के पदाधिकारी भी होंगे। अस्पताल के चारों ओर बाउंड्री वॉल दुरुस्त करने, होमगार्ड जवानों की संख्या बढ़ाने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

इसकी रिपोर्ट सरकार हाई कोर्ट को देगी। इसके साथ यहां सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को जल्द शुरू करने को लेकर निरीक्षण किया जाएगा। प्रधान सचिव को आगमन को लेकर रविवार को सभी छुट्टी निरस्त कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के बाद अपर मुख्य सचिव सदर अस्पताल पहुंचेंगे। यहां आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र का उद्घाटन होगा। इसके साथ 37 स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी उद्घाटन किया जाएगा। अस्पताल में मिल रही सेवाओं का वह जानकारी लेंगे।

देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शिवाजीनगर। शिवाजीनगर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को एक अवैध देसी कट्टे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के राजौर-रामभद्रपुर पंचायत अंतर्गत गंगारही यादव टोल जाने वाले तीन बटिया के पास से दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों युवकों ने अपनी पहचान रोसड़ा थाना क्षेत्र के काजी डुमरा गांव निवासी संजय यादव के 19 वर्षीय पुत्र राजा कुमार, और दली अहमद के 20 वर्षीय पुत्र मोहम्मद लाल बाबू बताया है। थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिला कि अवैध हथियार के साथ उक्त रास्ते से आवाजाही कर रहे है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर दोनों संदिग्ध युवकों को पकड़ा है। तलाशी के दौरान इन लोगों के पास से एक अवैध देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है पुलिस ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ अवैध हथियार रखने के उद्देश्य और संभावित उपयोग से संबंधित सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है थाना अध्यक्ष ने यह भी बताया कि दोनों युवकों का आपराधिक इतिहास तलाशा जा रहा है, ताकि यह पता चल सके कि वे पहले से किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त रहे हैं या नहीं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध हथियारों के साथ घूमने वाले रोक लगाने में महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

विक्षिप्त महिला ने फोटोग्राफर को लगायी आग

लखीसराय। शहर के कबैया थाना क्षेत्र के नया बाजार स्थित डॉ. सुरेश शरण गली में रविवार को एक दर्दनाक घटना में मानसिक रूप से बीमार एक महिला ने स्टूडियो में बैठे फोटोग्राफर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इससे संसार पोखर निवासी रामोतार राम के पुत्र फोटोग्राफर छोटू कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद उन्हें आसपास के लोगों की सहायता से तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए पीएमसीएच पटना के लिए रेफर कर दिया गया।

आरोपित महिला मंजिल देवी को पुलिस ने घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

सदर अस्पताल धनबाद में बढ़ायी जायेगी बेडों की संख्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। निजी महंगे अस्पतालों में इलाज करा पाने में असमर्थ रहने पर सरकारी अस्पतालों का रुख करनेवाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। धनबाद सदर अस्पताल जोकि वर्तमान में 100 बेड का अस्पताल है, वह जल्द ही डेढ़ सौ बेड का अस्पताल हो जायेगा।

मेडिकल कॉलेज बनने के बाद बेडो की संख्या बढ़कर 420 हो जाएगी। यह बातें शनिवार को निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अजय कुमार सिंह ने कहीं।

उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी के लिए झारखंड पब्लिक सर्विस कमिशन से बहाली हो रही है। जल्द डॉक्टरों की कमी भी पूरी की जाएगी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि 16 करोड़ की लागत से सदर अस्पताल के कैंपस का सौन्दर्यकरण कार्य होना है। जिसमे कई भवन भी बनने हैं, जिसके बाद सदर अस्पताल 100 बेड से डेढ़ सौ बेड का अस्पताल हो जायेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि सदर अस्पताल कैंपस में ही पीपीपी मोड यानी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में मेडिकल कॉलेज भी बनना है। जिसकी स्वीकृति भारत सरकार से मिल भी चुकी है और राज्य सरकार से इसकी स्वीकृति प्रक्रिया में है। मेडिकल कॉलेज बन जाने से पूरा अस्पताल 420 बेड का हो जायेगा।

अपर मुख्य सचिव के हाथों से सदर अस्पताल कैंपस में निर्मित आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र का भी उद्घाटन हुआ। इस दौरान कुपोषण उपचार केंद्र के साथ साथ सदर अस्पताल के विभिन्न विभागों का उन्होंने निरीक्षण भी किया।

अपर मुख्य सचिव ने निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था को संतोषजनक पाया। साथ ही उन्होंने धनबाद डीसी आदित्य रंजन के द्वारा किये गए प्रयासों की भी सराहना की।बहरहाल, अपर मुख्य सचिव ने अपने दौरे में यह स्पष्ट कर दिया है कि अगले छह माह में सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था में कई और परिवर्तन देखने को मिलेंगे।

दुर्घटना में मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवगछिया। पुलिस जिला नवगछिया के रंगरा थाना क्षेत्र में एनएच 31 पर अजय ढाबा के पास रविवार की सुबह करीब 9:20 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। शादी का भोज खाकर नवादा गांव से लौट रहे यात्रियों से भरा टोटो तेज रफ्तार ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान पिछले हिस्से में टक्कर लगने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 62 वर्षीय सविता देवी, पति राजेंद्र सिंह, निवासी झ लोकमानपुर की मौके पर ही मौत हो गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना रंगरा थाना को दी। उसी दौरान गश्ती में लगे ट्रैफिक थाना अध्यक्ष सुजीत वारसी भी मौके पर पहुंचे।

स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को नवगछिया अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सविता देवी को मृत घोषित कर दिया।हादसे में पांच अन्य यात्री, जिनमें पुरुष, महिला और तीन छोटे बच्चे शामिल हैं, घायल हुए हैं। बच्चों को मामूली चोटें आई हैं।

लूटपाट करने वाले जीजा-साली को पुलिस ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। पटना से सीएनजी टेंपो किराये पर लेकर बिदुपुर और गंगाब्रिज थाना क्षेत्र में लूटपाट करने वाले जीजा और साली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपितों में बिदुपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर निवासी रामेश्वर पंडित का पुत्र राजकिशोर पंडित तथा उसकी साली, समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र स्थित वानवेकरनोती निवासी सुनील पंडित की पत्नी छोटी कुमारी शामिल है। यह जानकारी एसडीपीओ सदर वन सुबोध कुमार ने दी।एसडीपीओ ने बताया कि जीजा-साली पटना के दीघा से सीएनजी टेंपो बुक कर उसे बिदुपुर व गंगाब्रिज थाना क्षेत्र के सुनसान इलाकों में ले जाते थे और चालक को लूट लेते थे। लूट के बाद आरोपी उन्हीं टेंपो का उपयोग शराब के अवैध धंधे में करते थे।

पूर्व में महुआ थाना पुलिस ने चोरी के एक टेंपो को शराब के साथ बरामद किया था। उन्होंने बताया कि बीते जुलाई महीने में दीघा थाना क्षेत्र से किराये पर लिए गए एक टेंपो को बिदुपुर लाकर पानापुर धर्मपुर के समीप एक महिला की मदद से तीन बदमाशों ने लूट लिया था।

इस मामले में जांच के दौरान बिदुपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर निवासी उदय सिंह के पुत्र विशाल कुमार को पुलिस ने कुछ दिनों पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उस समय लूटा गया सीएनजी टेंपो और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया था। उसी मामले में फरार चल रहे दोनों जीजाझसाली को भी अब गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

एसडीपीओ ने बताया कि राजकिशोर पंडित, उसकी साली छोटी कुमारी और विशाल कुमार मिलकर पटना के दीघा से टेंपो किराये पर लेते थे। छोटी कुमारी फैमिली बताकर टेंपो बुक करती थी और चालक के सुनसान स्थान पर पहुंचने के बाद तीनों मिलकर लूटपाट को अंजाम देते थे।

बीते दिनों विशाल कुमार की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को जीजा-साली के शामिल होने की जानकारी मिली थी।

अनियंत्रित ट्रेलर ने कई छोटे वाहनों को मारी ठोकर

घाटी में पलटी, हुई आग के हवाले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामगढ़। जिले में रांची-पटना हाईवे के चुटूपालू घाटी में एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना हुई। आयरन ओर से भरा एक ट्रेलर रांची की ओर से रामगढ़ की तरफ जा रहा था। जैसे ही वाहन घाटी क्षेत्र में पहुँचा, ट्रेलर अचानक अनियंत्रित हो गया और आगे चल रहे कई छोटे वाहनों, ऑटो और बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि क्षण भर में पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

ट्रेलर के पलटते ही उसमें आग लग गई और देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। दुर्घटना के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे हटाने में पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी मेहनत की।

इस हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से लापता है। पुलिस यह जांच कर रही है कि वह घायल होकर कहीं गिर गया या फिर घटना के डर से भाग निकला।

उसकी तलाश में पुलिस टीम जुट गई है। रामगढ़ पुलिस ने हाईवे पर यातायात को बहाल करने का काम शुरू कर दिया है और दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक अनुमान के अनुसार ब्रेक फेल होने या वाहन की तेज रफ्तार इस बड़ी दुर्घटना की वजह हो सकती है।

रालोमो की सभी इकाईयां भंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) में बड़े संगठनात्मक बदलाव किए गए हैं। पार्टी की प्रदेश इकाई, सभी जिला इकाइयों और प्रकोष्ठों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।

यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में यहां हुई कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। संगठन में नई ऊर्जा और नई संरचना को आकार देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक ने बताया कि फिलहाल संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए पांच सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया है। समिति की जिम्मेदारी पार्टी के सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों के संचालन से लेकर अंतरिम संगठनात्मक प्रबंधन तक रहेगी। समिति का संयोजक मदन चौधरी को बनाया गया है। सुभाष चंद्रवंशी, प्रशांत पंकज, हिमांशु पटेल और आरके सिन्हा को सदस्य नामित किया गया है।

संदेश-पवना मार्ग होगा अतिक्रमण मुक्त

प्रशासन के अल्टीमेटम के बाद लोग खुद अतिक्रमण हटा रहे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आरा। संदेश-पवना पथ पर सरकारी जमीन पर बढ़ रहे अवैध कब्जों को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। अंचलाधिकारी अरुण कुमार ने थाना क्षेत्र के गैरमजरुआ भूमि (थाना नंबर 193, खाता संख्या 524, खेसरा संख्या 665) पर अस्थायी अतिक्रमण करने वाले 35 व्यवसायियों को नोटिस जारी किया है। प्रशासन ने स्पष्ट कहा कि सभी अतिक्रमणकारी 29 नवंबर तक अपना जवाब दें व स्वयं कब्जा हटाएं, अन्यथा बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

संदेश-पवना पथ के दोनों ओर वर्षों से अस्थायी दुकानों व ढांचों के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिससे जाम, दुर्घटना की आशंका तथा आवाजाही में दिक्कतें बढ़ गई थीं।

राजस्व जांच में भूमि को पूरी तरह गैरमजरुआ आम श्रेणी का पाया गया, जिस पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण प्रतिबंधित है। नोटिस जारी होते ही बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, जबकि स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक कार्रवाई का समर्थन किया है।

वहीं, दूसरी ओर स्थानीय नगर पंचायत में अतिक्रमण को लेकर कराए गए माइकिंग के बाद से अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं से अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया गया है। सैकड़ो की संख्या में अस्थाई रूप से रोड के चाट में बनाई गई दुकानों को अतिक्रमणकारियों द्वारा हटाने का कार्य पिछले दो दिन से युद्धस्तर पर किया जा रहा है। हालांकि, शाहपुर व करनामेपुर में बाजार में अभी भी बहुत सारे दुकानदारों को लगता है कि नपं प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को लेकर कराया गया अनाउंसमेंट पहले की तरह ही महज खानापूर्ति भर है। क्योंकि पिछले कई बार से अतिक्रमण हटाने के नाम पर सड़कों के चाट का पैमाइश व नोटिस किया गया है, लेकिन अतिक्रमण हटाने को लेकर कुछ नहीं किया गया।हालांकि, इसबार प्रशासन का रूख थोड़ा सख्त दिखाई दे रहा है। क्योंकि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है। इधर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। प्रशासन के सख्त चेतावनी कब बाद शाहपुर व करनामेपुर बाजार में अतिक्रमण करने कर दुकान लगाने वाले सैकड़ों लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। अब देखना होगा कि 24 घंटे के मोहलत के बाद सोमवार के दिन प्रशासन का रुख क्या रहता है।

चाईबासा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक पर लग रहे गंभीर आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चाईबासा। चाईबासा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक पर इन दिनों गंभीर आरोप लग रहे हैं। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि ब्लड ट्रांसफ्यूजन से पहले उन्हें शपथ-पत्र लिखवाया जा रहा है, जिसमें यह लिखना पड़ता है कि रक्त चढ़ाने के दौरान अगर कुछ भी होता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मरीज पक्ष की होगी।

यह आरोप सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मरीजों ने आरोप लगाया कि ब्लड बैंक के कर्मचारियों द्वारा ऐसा पत्र लिखवाना न केवल असामान्य है, बल्कि बेहद डरावना भी है।

परिजनों ने बताया कि अस्पताल में कामकाज के दौरान सामान्यतः एक मानक सहमति पत्र भरा जाता है, लेकिन हाल ही में जिस प्रकार का शपथ-पत्र लिखवाया जा रहा है, वह पूरी तरह अलग और गैर-जरूरी प्रतीत होता है।

एक मरीज के परिजन ने बताया कि हम तो खून लेने आते हैं ताकि मरीज बच सके। लेकिन यहां तो पहले हमें ही जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। अस्पताल में इलाज होने के बावजूद हर जोखिम हम पर क्यों डाला जा रहा है?

मामला तब और गंभीर हो गया जब कुछ सप्ताह पहले चाईबासा के ही पांच थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के ब्लड ट्रांसफ्यूजन के बाद उनके एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने की बात सामने आई। यह खबर फैलते ही जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठने लगे।

इसी घटना के बाद से ब्लड बैंक में रक्त की भारी कमी बनी हुई है और परिजन भय के कारण भी रक्तदान से बचने लगे हैं। परिजनों का कहना है कि अस्पताल के कर्मचारी उन्हें बार-बार जमशेदपुर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से रक्त लाने के लिए कह रहे हैं।

कई बार कर्मचारी खुद एमजीएम जाकर यूनिट लेकर आते हैं, लेकिन इसके बाद भी परिजनों से एक ऐसी चिट्ठी लिखवाई जाती है जिसमें यह उल्लेख करना होता है कि हमने रक्त स्वयं लाया है और किसी भी अनहोनी की स्थिति में जिम्मेदारी हमारी होगी।

मरीजों का कहना है कि यह प्रक्रिया न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि अस्पताल की जवाबदेही से बचने का तरीका भी प्रतीत होती है। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जब मरीज किसी बाहरी ब्लड बैंक से रक्त लाते हैं, तो सुरक्षा कारणों से एक अलग प्रकार का सहमति पत्र लिया जाता है।

धूल फांक रही गाड़ियां

नवगछिया। नवगछिया ट्रैफिक थाना को ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने दो नई गश्ती गाड़ियां उपलब्ध कराईं, लेकिन इनके साथ ड्राइवर भेजना भूल ही गई। नतीजा एक गाड़ी होमगार्ड जवान के भरोसे सीमित इलाके में घूम रही है, जबकि दूसरी तकनीकी खराबी के कारण थाने में महीनों से बंद खड़ी धूल फांक रही है।

ट्रैफिक कर्मियों की मानें तो एनएच-31 पर रोज लगने वाला जाम अब स्थायी द्दश्य बन चुका है। ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात एक कर्मी ने नाम नहीं छापने के शर्त पर कहा- न ड्राइवर है, न पर्याप्त बलङ्क एक गाड़ी से कितना क्षेत्र संभलेगा।

एनएच-31 की सुरक्षा व विधि-व्यवस्था तो भगवान भरोसे चल रहा है। थाने में खराब खड़ी गाड़ी को लोग अब मजाक में ह्लसरकारी शोपीसह्व कहने लगे हैं। सड़क सुरक्षा और सुचारू ट्रैफिक संचालन के सरकारी दावे यहां हकीकत से कोसों दूर दिखते हैं।

बिना ड्राइवर सरकारी गाड़ियां आखिर कितनी प्रभावी होंगी, यह सवाल लगातार उठ रहा है। फिलहाल ट्रैफिक थाना भी ड्राइवर मिलने की प्रतीक्षा में है।

छात्रा की मौत के बाद कालेज में गुस्साये छात्रों ने मचाया उपद्रव

छात्रों ने बीस करोड़ का पहुंचाया नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। चंडी स्थित नालंदा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (एनसीई) के बीटेक - 2024 की सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा सोनम कुमारी की हॉस्टल की छत से गिरकर हुई मौत के बाद कालेज में हुए उपद्रव के दौरान, आगजनी कर वाहनों को जलाना, कॉलेज भवन में आग लगाने के अलावा कीमती सामान भी गायब किए। उपद्रवी विद्यार्थियों ने प्राचार्य का जैकेट भी ले भागे। इसका खुलासा शुक्रवार को तब हुआ जब प्राचार्य डॉ. गोपाल नंदन ने ठंड बढ़ने पर सरकारी आवास में अपना जैकेट ढूंढा। प्राचार्य ने बताया कि दस हजार रुपए का जैकेट था। अन्य उपकरणों के साथ बदमाश छात्र जैकेट भी ले भागे। प्राचार्य ने बताया कि आगजनी और तोड़फोड़ कर उपद्रवी विद्यार्थियों ने कालेज को बीस करोड़ रुपए से नुकसान पहुंचाया है। इसमें सिर्फ सवा करोड़ रुपए के कंप्यूटर को नुकसान पहुंचाया है। एक सौ पीसी में अधिकतर गायब हैं। कुछ के महत्वपूर्ण पुर्जे चोरी कर लिए। कई को जलाया गया।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक कंप्यूटर सवा लाख रुपए में खरीदी गई थी। प्राचार्य ने कहा कि आगजनी में भवन की दीवारों, खिड़कियों और दरवाजों को काफी नुकसान पहुंचाया गया। इन सबकी मरम्मत करवाने में बीस लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है।

अभी इन सब के लिए कोई निधि नहीं दी गई है। विद्यार्थियों के आपराधिक आचरण से विभागीय अधिकारियों के मन भी खिन्न हैं। उपद्रव के कारण कालेज काफी पीछे चला गया।

सोनम की मौत अभी भी रहस्य बना हुआ है। वह धोखे से गिरी या कूदकर जान दे दी, इसका खुलासा स्पष्ट रूप से नहीं हो पाया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए छत से गिरने और कूदने के द्दश्य का पुनर्निर्माण भी किया गया। लेकिन अनुसंधान में मिल रहे तथ्य आत्महत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सोनम के जिन दोस्तों से बात होती थी, उनमें एक दोस्त पुलिस के समक्ष आया है। घटना से पूर्व 24 सितंबर को उसने उसे छह बार फोन कॉल की थी। उस दोस्त ने पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी है। इस कारण इस केस में एक और मोड़ जुड़ गया है। उस लड़के की बहन से सोनम की दोस्ती थी। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि सोनम अपने शैक्षणिक प्रगति से संतुष्ट नहीं थी। वह नर्सिंग करने का भी प्रयास कर रही थीं। नर्सिंग में एंट्रेंस का टेस्ट सेंटर पर देर से पहुंचीं थीं, इस कारण उन्हें परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। इस कारण वह परेशान थीं।

योजना की हुई समीक्षा

कटिहार। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की बैठक सहायक निदेशक यशस्वी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में प्रखंडों के कार्यपालक सहायक व डाटा इंट्री ऑपरेटर शामिल हुए।बैठक में मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत संबल योजना की समीक्षा की गई। बैठक में सहायक निदेशक ने मोटराज्ड ट्राइसाइकिल, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण को लेकर प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन एवं शतप्रिशत लाभुको का युडीआईडी कार्ड बनाकर देने का निर्देश दिया।इस दौरान प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र कटिहार, सिंटू कुमार, मयंक कुमार, कुंदन कुमार,सुमित कुमार सहित कई अन्य डाटा ऑपरेटर उपस्थित रहे।

बेकाबू ट्रक ने पांच को रौंदा

⇨आधा दर्जन बाइक और टेम्पो को कुचला ट्रक

⇨जाम कर रहे लोगों ने पुलिस पर चलाये ईंट-पत्थर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। जिले के एनएच-27 के कोटवा-दीपऊ मोड पर सड़क पार करने के लिए खड़े बाइक सवार व पैदल लोगों को ट्रक ने रौंद दिया। घटना में पांच लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

मृतकों की पहचान गढ़वा खजुरिया निवासी आतिफ पिता तोफिक 18 वर्ष, कैफ पिता रईस 20 वर्ष, पांडेय टोला करारिया में सिलाई का कार्य करने वाले अशोक कुमार पिता मोहन साह 34 वर्ष, केसरिया थाना के बेतिया वंसत निवासी नितेश पटेल पिता श्यामाकांत पटेल उम्र 28 वर्ष के अलावा एक अन्य शामिल है। एक मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

घटना में अशोक कुमार के भाई प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया गया कि बताया गया कि रविवार को लोग एनएच 27 पार करने के लिए इंतजार कर रहे थे। तभी अचानक गोपालगंज कि तरफ से आ रहे ट्रक अनियंत्रित हो गई और सड़क पार करने के लिए खड़े बाइक सवारों और अन्य वाहनों को रौंद दिया।

ट्रक आधा दर्जन बाइक और टेम्पो आदि को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। घटना इतनी तेजी से हुई कि किसी को बचने का मौका तक नहीं मिला और देखते-देखते दर्जन भर लोग बुरी तरह कुचल दिए गए, जिसमें 5 लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चारों तरफ चीख-पुकार मच गया।

चालक मौके का फायदा उठा भागने में सफल रहा। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच स्थिति संभालने का प्रयास किया, परंतु घटना के स्थानीय लोगों ने एनएच-27 जाम कर दिया। थानाध्यक्ष द्वारा जाम हटाने के प्रयास में लोग भड़क गए और पुलिस पर हमला कर दिया। लोगों ने पुलिस पर ईंट व पत्थर चलाए, जिससे कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए।

लोगों के आक्रोश को देख डीएसपी सदर 2 समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को भागकर जन बचानी पड़ी। हालांकि, सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची जिला पुलिस और अन्य थानों की पुलिस ने मोर्चा संभाला और फिर आवागमन सुचारू कर शव को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

सड़क किनारे वाहन खड़ा करने वालों को मंत्री ने चेताया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। प्रदेश में सड़क प्रतिदिन कहीं न कहीं दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सिर्फ वर्ष 2024 में राज्य में प्रत्येक दिन 32 सड़क दुर्घटनाएं हुई। बावजूद लोग वाहन चलाने में अतिरिक्त सावधानी नहीं रखते।

सरकार के स्तर पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में नवनियुक्त परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बड़ी पहल की है।

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने चार पहिया वाहनों को सड़क किनारे लापरवाही से खड़े करके छोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

मंत्री ने रविवार को कहा कि कोई भी चार पहिया या इससे अधिक पहिये वाले वाहन चाहे वह कार, ट्रक, ट्रैक्टर या बस कुछ भी हो, यदि सड़क किनारे दो दिन या उससे अधिक समय तक खड़ा पाया गया, तो चालक और वाहन मालिक दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को ऐसे वाहन चालकों और वाहन मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। इसमें भारी जुमार्ना, वाहन जब्ती और लाइसेंस निलंबन जैसी सजाएं शामिल हैं।

ठंड के मौसम में घना कोहरा छाया रहता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी इजाफा होता है। सड़क किनारे खड़े लावारिस वाहन दृश्यता कम होने के कारण हादसों का प्रमुख कारण बन जाते हैं। कई बार तेज रफ्तार वाहन इन खड़े ट्रकों से टकरा जाते हैं, जिससे जान जाने का खतरा रहता है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए विभाग तैयारी कर रहा है।

गेड़ाबारी बाजार को करवाया गया अतिक्रमण मुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोढा/कटिहार। नगर पंचायत क्षेत्र के गेड़ाबारी बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर लगने वाले लंबे जाम और अव्यवस्था की समस्या को नियंत्रित किया। एनएच-31 पर लगातार लगने वाले जाम और बढ़ती अव्यवस्था के कारण राहगीरो को घंटो जाम मे फंसे रहना पड़ता था।

नगर पंचायत ने दो दिन पहले फुटकर दुकानदारों को 24 घंटे के भीतर दुकानें हटाने का नोटिस जारी किया था।जिसके बाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शहनवाज रजा और कोढ़ा थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने पुलिस बल और नगर पंचायत टीम के साथ मिलकर कार्रवाई की। कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत प्रभावित फुटकर दुकानदारों के लिए अस्थायी जगह उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर रहा है, ताकि उनकी रोजी-रोटी प्रभावित न हो।वही मुख्य पार्षद धीरज कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश पर की गई है।उन्होने ने बताया कि पर्याप्त भूमि न होने के कारण स्थायी समाधान तुरंत संभव नहीं है, लेकिन प्रशासन इस दिशा में प्रयासरत है।

साइबर फ्रॉड के चार आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार नगर। जिले के रौतारा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रौतारा पुलिस ने एक मामले मे कार्रवाई करते हुए चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 05 मोबाइल फोन, 7,000 रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।रौतारा थानाध्यक्ष ने बताया कि साईबर फ्रॉड के मामले पर कार्रवाई की गई है।

गिरफ्तार अभियुक्तो की पहचान सुमन कुमार यादव पिता जीवन यादव, सूरज कुमार यादव,पिता जीवन यादव, करण कुमार, पिता राज किशोर चौधरी, रौशन कुमार पिता कृष्ण पंडित सभी चंदवा थाना रौतारा जिला कटिहार निवासी के रूप मे हुई है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल भी फ्रॉड के पैसे खरीदी गई है। वही सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधि सम्मत अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हथियारबंद अपराधियों ने युवक को गोलियों से किया छलनी

⇨घटना पुलिस लाइन के पास की

⇨गोलियों की आवाज से दहला इलाका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा। छपरा शहर नगर थाना क्षेत्र रविवार की दोपहर गोलियों की आवाज से दहल उठा, जब पुलिस लाइन से महज 100 मीटर की दूरी पर हथियारबंद बदमाशों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी।

दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों से बचने के लिए मृतक एक घर में घुसने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इससे पहले ही बदमाशों ने उसके सिर में गोली मार दी। घर के दरवाजे पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक गोलियों की आवाज सुनाई दी तो लोग दहशत में बाहर निकले। देखा कि एक युवक लहूलुहान हालत में दरवाजे पर गिरा पड़ा है। गोली मारने के बाद आरोपी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर चारों तरफ खून फैला हुआ था। मृतक की तत्काल पहचान नहीं हो सकी, लेकिन उसकी जेब से छपरा से कटिहार का टिकट मिला, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है।

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) की टीम भी पहुंची। विशेषज्ञों ने घटनास्थल से खून का नमूना, फिंगरप्रिंट और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए। स्पेशल टीम ने भी इलाके में छापेमारी तेज कर दी है।

पुलिस आसपास के घरों और दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है, ताकि बदमाशों की पहचान और उनके भागने की दिशा का पता लगाया जा सके।

नगर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमलावरों की तलाश में कई टीमें लगाई गई हैं। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मृतक कौन था, कहां से आया था और किस वजह से उसकी हत्या की गई, इन सभी पहलुओं पर जांच जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि पुलिस लाइन के इतने करीब ऐसी वारदात होना चिंता का विषय है। वहीं, पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

किसान के घर पर गोलीबारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र के पताही गांव में बदमाशों ने किसान राकेश चौधरी के घर पर चढ़कर कई राउंड फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से पीड़ित परिवार दहशत में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, गांव में आयोजित एक श्राद्ध भोज के दौरान पहले राकेश चौधरी को धमकी दी गई और फिर मारपीट की गई थी। स्थानीय ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद राकेश चौधरी घर लौट आए। लेकिन थोड़ी ही देर बाद उनके घर पर बदमाशों ने गोलीबारी कर दी। फायरिंग में घर की खिड़की का कांच टूट गया, जबकि रसोई की दीवार पर भी गोली के निशान मिले हैं। राकेश चौधरी के पुत्र आदित्य चौधरी ने आरोप लगाया कि जमीन के एक केस में उनके पिता की गवाही रोकने के लिए उन्हें धमकाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शाम को उनके पिता भोज में गए थे, जहां हमला करने की नीयत से लोग मौजूद थे।

नारायण भोज का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। मारवाड़ी युवा मंच कटिहार शाखा की ओर से समाजसेवा और मानवता से जुड़े कार्य लगातार किये जा रहे हैं।इसी कड़ी में शाखा द्वारा प्रतिमाह दो अवसरों पर नारायण भोज कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया है।

इसी श्रृंखला की कड़ी के रूप में श्याम मंदिर परिसर में नारायण भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच शाखा के सदस्यों ने सक्रिय रूप से नारायण भोज के तहत जरूरतमंदों को खाना खिलाया ।भोजन वितरण के इस कार्य में मंच के शाखा अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री अमित सुरेका, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास खण्डेलिया, शाखा सह सचिव मयंक पूरणमलका उपस्थित रहे और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित भाव से योगदान दिया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दीपक अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों ने कहा कि मंच समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा इसी प्रकार निभाता रहेगा और ऐसे मानवीय कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

श्री रामकथा को लेकर निकाली गयी भव्य कलश शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरारी /कटिहार। प्रखंड क्षेत्र के सकरेली पंचायत स्थित परजेली के सती माँ मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री श्री 108 श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ की शुरूआत को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। 7 दिसंबर तक चलने वाले इस नौ दिवसीय श्रीराम कथा महायज्ञ में पूरे क्षेत्र से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।सुबह शुभ मुहूर्त में आरंभ हुई शोभायात्रा में 1100 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा और सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार और मधुर ध्वनि के बीच कलशयात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुँची। इस दौरान वातावरण जय श्रीराम और सनातन संस्कृति की जय हो के जयघोष से गूंज उठा।हरिद्वार से पधारे कथाव्यास श्री जय प्रकाशा नन्द जी महाराज ने सती माँ मंदिर प्रांगण में कथा रूपी गंगा बहाकर श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया गया। शाम से रात 10 बजे तक चलने वाली कथा में आसपास के गांवों से आए भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर बाबा ने रामचरित मानस के प्रसंगों के माध्यम से समाज में धर्म, सेवा और संस्कारों के पालन का संदेश दिया गया।उन्होंने कहा कि नौ दिन तक चलने वाली यह पावन कथा पूरे क्षेत्र में सद्भाव, शांति और आध्यात्मिकता का संदेश फैलाएगी। इस आयोजन का संचालन सेवा समिति मंदिर प्रेम धाम आश्रम, भूपतवाला रोड,ऋषिकेश - हरिद्वार के द्वारा किया जा रहा है।कार्यक्रम को सफल बनाने में कैलाश प्रसाद मंडल, हरिलाल मंडल, मुकेश कुमार मंडल, बबलू कुमार मंडल, राज कुमार मंडल, कृष्णदेव मंडल,सदानंद मंडल, मनोज कुमार साह, गोपी चंद साह, पूर्व मुखिया बालकृष्ण पटेल,अजय चौधरी और प्रमोद कुमार सुमन सहित स्थानीय ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान बताया गया है।

ट्रक बाइक को ठोककर चाय दुकान में घुसा, एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा । थाना क्षेत्र के विशनपुर-बेनीपुर महिनाम सड़क पर शनिवार की रात में अनियंत्रित खाली ट्रक एक युवक को रौंदते हुए सड़क किनारे खड़ी एक बाइक को ठोक कर चाय दुकान में घुस गई। इसमें युवक की मौत हो गई।

जबकि चाय दुकानदार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की खोजबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, नेउरी गांव के योगेंद्र सहनी का पुत्र मिथुन सहनी (26) रात में भोजन कर अपने घर से बाहर सड़क पर टहल रहा था। इस बीच बिरौल से महिनाम-बेनीपुर जा रही खाली अनियंत्रित ट्रक ने उसे रौंद दिया।ट्रक सड़क किनारे खड़ी बाइक को रौंदते हुए चाय दुकान में घुस गया। चाय दुकानदार बिंदे सहनी एवं उनकी पत्नी आरती देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए दरभंगा ले जाया जा रहा था। बेनीपुर के पास पहुंचते ही मिथुन ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजन के हवाले कर दिया है। शव के नेउरी पहुंचते ही स्वजन के बीच कोहराम मच गया। मिथुन अविवाहित था और बिष्णुपुर स्थित बालू डिपो में काम करता था। इसके अलावा स्वजन को मखाना फोड़ने में सहयोग करता था।

वह दो भाइयों में छोटा था और अपने परिवार का मुख्य सहारा माना जाता था। उसकी मौत के बाद मां शांति देवी का रो-रो कर खराब हाल है। बिरौल अनुमंडल रोगी कल्याण समिति सदस्य इंद्र मोहन साफी ने इस हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया और प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा की मांग की है।

साथ ही, सड़क सुरक्षा को लेकर भी आवाज उठाई है ताकि भविष्य में ऐसे अनियंत्रित वाहन से दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनिहारी /कटिहार । प्रखंड क्षेत्र के नारायणपुर पंचायत भवन में जन साहस फाउंडेशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित, शोषित एवं जरूरतमंद वर्गों को उनके कानूनी अधिकार, सरकारी योजनाओं, महिला व बाल संरक्षण कानून, श्रमिक अधिकार, घरेलू हिंसा निरोधक अधिनियम सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम में जन साहस संस्था के जिला समन्वयक लव कुमार ने संस्था के कार्यों और सामाजिक न्याय को सशक्त बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिवक्ताओं द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार,बाल संरक्षण कानून, श्रमिक कल्याणकारी योजनाएँ, सिविल एवं आपराधिक मामलों में कानूनी प्रक्रिया, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के एकीकरण व न्याय तक पहुँच जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।कार्यक्रम में पीएलवी रेहाना खातून ने बैठक की अध्यक्षता व नेतृत्व करते हुए ग्रामीणों को कानूनी जागरूकता से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ी। मौके पर विजय कुमार श्रीवास्तव मुख्य न्याय निरीक्षक, रेहाना प्रवीण, लव कुमार एवं जन साहस टीम के सदस्य उपस्थित रहे।जन साहस टीम ने लोगों को हेल्पलाइन नंबर व शिकायत प्रक्रिया की जानकारी भी उपलब्ध कराई तथा आगे भी ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई ताकि समाज के कमजोर वर्गों तक कानूनी सहायता और सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

महिला का पर्स चुराने की आरोपित महिला गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। एसके पुरी थाना क्षेत्र के बोरिंग रोड चौराहा के पास से ई-रिक्शा से घर लौट रही महिला के पर्स 30.12 ग्राम का कंगन चुराने वाली आरोपित महिला को पुलिस ने राजीव नगर स्थित फुटपाथ से गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान हसीना गुलगुलिया के रूप में हुई, जिसने चोरी कर कंगन को नवादा के सोनारपट्टी स्थित ज्वेलरी दुकान में में बेच देने की बात बताई। उसकी निशानदेही पर पुलिस नवादा पहुंची। ज्वेलरी दुकान के मालिक सुरेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर कंगन के बारे में पूछा गया। पता चला कि उसे 2.40 लाख रुपये में खरीदकर गला दिया। पुलिस ने उसे गलाकर बनाए आभूषण में शेष बचे 13.474 ग्राम सोना और 24 हजार रुपये जब्त कर लिया है।

20 अक्टूबर को पीड़िता बोरिंग रोड चौराहा स्थित एक ज्वेलरी दुकान से 30.12 ग्राम सोने का कंगन खरीदकर पर्स में रखी और ई-रिक्शा से घर लौट रही थी। ई-रिक्शा में पहले से एक महिला बच्चे को गोद में लेकर बैठी थी।

पीड़िता अपार्टमेंट के पास उतरकर जब ई-रिक्शा चालक को किराया देने के लिए पर्स चेक की तो उसमें से कंगन गायब था। उन्होंने एसके पुरी थाने में केस किया। सिटी एसपी मध्य दीक्षा ने इस मामले में जांच कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया।

सीसीटीवी फुटेज में गोद में बच्चा लेकर बैठी महिला की भूमिका संदिग्ध दिखी। जो राजापुर पुल से दूसरे ऑटो में बैठकर दीघा हाट के पास उतरते हुए राजीव नगर की तरफ चली गई। उस महिला की खोजबीन शुरू की गई। उसे राजीव नलगर चौक के पास सड़क किनारे फुटपाथ पर देखा गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसने सोने का कंगन नवादा जिले के एक ज्वेलरी संचालक को बेचने की बात स्वीकार की। इसके बाद दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

लापता बालक का शव गड्ढे में उपलाता मिला

बलरामपुर /कटिहार। बलरामपुर थाना क्षेत्र में एक 5 वर्षीय नाबालिग बालक की डूबने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश मे आया है। जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को विवेक कुमार भारती पिता लोटन सिंह साह,तेलता जिला कटिहार ने बलरामपुर थाना में एक लिखित आवेदन दिया कि उनका पुत्र नाबालिग (5) अपने नाना के घर ग्राम महिशाल से गायब है। पिता के लिखित आवेदन के आधार पर बलरामपुर थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में लापता 5 वर्षीय नाबालिग बालक की विभिन्न जगहों पर लगातार खोजबीन की जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 29 नवंबर को आवेदक के 5 वर्षीय नाबालिग बालक का शव आवेदक के ससुर के घर के पीछे से करीब 50 मीटर की दूरी पर पानी भरे गड्ढे में तैरता हुआ मिला। घटनास्थल पर तुरंत एफएसएल टीम को सूचित किया गया। शव को कब्जे में लेकर मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट और पंचनामा तैयार किया गया।और पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया।

मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर

प्रशासन की उदासीनता से माफिया का हौसला बुलंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोढ़ा/ कटिहार। कोढ़ा प्रखंड के भटवाड़ा पंचायत के कुर्सी नारायणपुर वार्ड 14 में धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी का अवैध खनन,प्रशासन की उदासीनता से माफियाओं का हौसला बुलंद है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गैरकानूनी गतिविधि में कुछ सरकारी अधिकारी की भी मिलीभगत है। जो अपने स्वार्थ के लिए इस अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया की मिट्टी का अवैध खनन लगभग 20 दिन से हो रहा है । इसकी शिकायत 112 को भी किया गया। लोकल थाना कोढा को भी सुचना दिया गया। लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ और अवैध मिट्टी खनन धड़ल्ले से जारी है। मिट्टी कटाई रात में 7 बजे शाम से 3 बजे सुबह तक किया जाता है ।जिस कारण ग्रामीण भी परेशान है। जिस जगह पर मिट्टी काटा जाता है उसके कुछ दूरी पर रात में गश्ती पुलिस भी रहती है। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह चरम पर पहुंच चुका है। इलाके में माफियाओं का हौसला बुलंद है ट्रेलरों के जरिए मिट्टी की अवैध खुदाई और बिक्री हो रही है, जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान उठाना पड़ रहा है और माफिया निडर होकर कार्य कर रहे हैं। कोढ़ा में अवैध मिट्टी खनन के चलते सरकार हर साल लाखों रुपये के राजस्व से वंचित रह जाती है। बिना किसी वैध लाइसेंस के संचालित हो रहे ईंट भट्ठों के लिए खेतों और सरकारी जमीनों से बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई की जा रही है।

अब सवाल उठता है कि प्रशासन कब तक इस अवैध खनन पर आंखें मूंदे रहेगा क्या सरकार इस गोरखधंधे पर कड़ी कार्रवाई करेगी या फिर अवैध खनन माफिया सरकारी राजस्व और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करते रहेंगे । जिस वार्ड में मिट्टी काटी जाती है उस जगह के ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी काटने वाले का रिश्तेदार कोढा थाना के ड्राइवर है कहीं पर सूचना देने पर उन्हें पता चल जाता है कि कौन शिकायत किया है मिट्टी काटने वाले शिकायत करने वाले को धमकाने का भी प्रयास करते हैं, और वेधड़क रात भर मिट्टी काटते हैं । वही ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी से मांग की है की जांच कर उचित कार्रवाई की जाय ।

जमीन विवाद में मारपीट, चार गंभीर

मनसाही/कटिहार। मनसाही प्रखंड क्षेत्र के फुलहारा पंचायत के फूलहारा में जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में दोनों ही तरफ से चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं,जिनका इलाज सदर अस्पताल कटिहार में चल रहा हैं। घायलों में एक पक्ष के नारद मंडल,शशिकांत पटेल एवं राजकिशोर मंडल जबकि द्वितीय पक्ष के रोहित कुमार शामिल हैं । घटना बाद दोनों ही पक्ष के लोग मनसाही थाने पहुंचे जहां पुलिस द्वारा सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेजा दिया ।

हर्ष फायरिंग में दूल्हे की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खगड़िया। शहर से महज एक किलोमीटर दूर मुफस्सिल थाना के कुतुबपुर गांव में शादी समारोह में उस समय मातम छा गया। जब समारोह में की जा रही हर्ष फायरिंग में एक गोली दूल्हे को जा लगी और उसकी मौत हो गई। मृतक दूल्हा कुतुबपुर गांव का ही 22 वर्षीय मु. इरशाद है। शनिवार रात कुतुबपुर में ही मु.इरशाद की शादी हो रही थी। जिसे लेकर समारोह आयोजित किया गया था। निकाह के बाद समारोह में हर्ष फायरिंग की जाने लगी। जिसमें दूल्हे मु. इरशाद को गर्दन के समीप गोली लग गई। गोली लगते ही समारोह में अफरातफरी मच गई।

गंभीर स्थिति में स्वजन उसे सदर अस्पताल ले गए। जहां आरंभिक उपचार बाद उसे रेफर कर दिया गया। स्वजन उसे बेगूसराय ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई।

एसपी राकेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ वन मुकुल रंजन के नेतृत्व में मुफस्सिल थाना की पुलिस घटनास्थल का जायजा लिया। घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए फोरेंसिक टीम को साक्ष्य एकत्रित करने के लिए रवाना किया गया।

शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस बावत केस दर्ज करने के साथ ही गहन पड़ताल की जा रही है। एसपी न बताया कि कुतुबपुर गांव में मु. ईरशाद का निकाह पास के ही लड़की से शनिवार की रात धूमधाम से हुई। गाजे बाजे के बीच लोग खुशियां मना रहे थे।

स्वजनों का कहना हुआ कि मुस्लिम समाज में निकाह के बाद छोहारा वितरण का रश्म होता है। छोहारा वितरण के दौरान गोली चली जो इरशाद को लग गई। इरशाद लहुलुहान होकर गिर गया। वर वधु पक्षों के लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में इरशाद को सदर अस्पताल लाया गया जहां से रेफर कर दिया गया रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना की चर्चा आसपास के क्षेत्रों में हो रही है कि वधु का निकाह के साथ ही सुहाग उजड़ गया। वहीं, दूल्हे की मौत से वर पक्ष भी सदमे में है। हालांकि वर पक्ष अथवा वधू पक्ष के लोग अब तक स्पष्ट नहीं कर पाए।

कृषि मंत्री ने पटना सिटी जल्ला के बाहरी धवलपुरा में किसान चौपाल में की सहभागिता

किसी भी कीमत पर किसानों को परेशान नहीं होने दूंगा : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने आज पटना सिटी के जल्ला क्षेत्र के बाहरी धवलपुरा में आयोजित किसान परिचर्चा-किसान चौपाल में सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने उपस्थित होकर मंत्री का स्वागत किया और अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रखीं।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कृषि विकास, किसान सुरक्षा और किसान सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'किसानों को किसी भी कीमत पर परेशान नहीं होने दिया जाएगा। किसानों की पीड़ा मेरी अपनी पीड़ा है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।' उन्होंने बताया कि प्याज उत्पादन में बिहार देश में चौथे स्थान पर है तथा प्याज, आलू एवं सब्जी जल्ला क्षेत्र के मुख्य कृषि उत्पाद हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की चुनौतियों से वे पहले से परिचित हैं और इनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। किसान चौपाल के दौरान किसानों ने सामूहिक रूप से कृषि मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्य रूप से नहर का पक्कीकरण, नेशनल हाईवे के नीचे अंडरपास निर्माण, जलजमाव की समस्या के स्थाई समाधान, समय पर बीज-उर्वरक-कीटनाशक उपलब्धता, सब्जी विक्रय केंद्र की स्थापना और सिंचाई हेतु नियमित बिजली आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं। मंत्री ने ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि जल्ला क्षेत्र की इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से जुड़े हर मुद्दे पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर किसान आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, स्थानीय विधायक रत्नेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में किसान और कृषि अधिकारी उपस्थित थे।

बिहार में सड़क किनारे खड़े वाहनों को जब्त करेगी सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। प्रदेश में सड़क प्रतिदिन कहीं न कहीं दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सिर्फ वर्ष 2024 में राज्य में प्रत्येक दिन 32 सड़क दुर्घटनाएं हुई। बावजूद लोग वाहन चलाने में अतिरिक्त सावधानी नहीं रखते। सरकार के स्तर पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में नवनियुक्त परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बड़ी पहल की है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने चार पहिया वाहनों को सड़क किनारे लापरवाही से खड़े करके छोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। मंत्री ने रविवार को कहा कि कोई भी चार पहिया या इससे अधिक पहिये वाले वाहन चाहे वह कार, ट्रक, ट्रैक्टर या बस कुछ भी हो, यदि सड़क किनारे दो दिन या उससे अधिक समय तक खड़ा पाया गया, तो चालक और वाहन मालिक दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को ऐसे वाहन चालकों और वाहन मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। इसमें भारी जुर्माना, वाहन जब्ती और लाइसेंस निलंबन जैसी सजाएं शामिल हैं। ठंड के मौसम में घना कोहरा छाया रहता है जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी इजाफा होता है। सड़क किनारे खड़े लावारिस वाहन दृश्यता कम होने के कारण हादसों का प्रमुख कारण बन जाते हैं। कई बार तेज रफ्तार वाहन इन खड़े ट्रकों से टकरा जाते हैं, जिससे जान जाने का खतरा रहता है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए विभाग तैयारी कर रहा है।

हार की हताशा से बाहर निकल कर सकारात्मक भूमिका निभाए विपक्ष : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि हार की हताशा से बाहर निकल कर बिहार के विपक्ष को विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में सकारात्मक भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। विपक्ष हार के बाद भी पुरानी मानसिकता से बाहर नहीं निकल रहा है। एनडीए सरकार की प्राथमिकता बिहार का चतुर्दिक विकास है। विगत जनादेश का स्पष्ट संकेत भी यही है। श्री पाण्डेय ने कहा कि हाल में ही सम्पन्न हुए बिहार विधान सभा के चुनाव में बिहार की जनता ने एनडीए को अपार समर्थन देकर एक मजबूत और स्थिर सरकार के गठन का सुअवसर दिया है। एनडीए को मिली शानदार सफलता एक तरह से बिहार के 14 करोड़ लोगों की अपेक्षा और आकांक्षा की जीत है। बिहार के लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार की विकासात्मक नीतियों और सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर अपना भरोसा जताया है। जनाकांक्षा को सम्मान देना विपक्ष का भी दायित्व है। विपक्ष को आत्मावलोकन जरूर करना चाहिए कि जनता ने उसपर भरोसा क्यों नहीं किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि विगत के चुनाव परिणामों से विपक्ष को सबक लेने की भी जरूरत है। केवल नकारात्मक व अनर्गल आरोपों से जनता को भ्रमित करने की उसकी कोशिश सफल नहीं हो सकती है।

डॉ. दिलीप जायसवाल ने नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल समेत कई नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया, विधायक विनोद नारायण झा भी भाजपा कार्यालय पहुंचे और 'मन की बात' को तन्मयता से सुना। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 128वें एपिसोड को सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि उनके मन की बात से बहुत कुछ समझने, सीखने और जानने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आज अपने 'मन की बात' में भारतीय नौसेना पर चर्चा की कि भारतीय नौसेना किस बहादुरी के साथ चर्चा में लगी हुई है। उन्होंने भूटान की भी चर्चा की। उन्होंने कहा 'वोकल फॉर लोकल' प्रधानमंत्री का सदैव स्लोगन रहा है कि भारत में बनी वस्तुओं का ही भारतवासी उपयोग करें। भारतीय खिलाड़ियों के बारे में भी उन्होंने विशेष चर्चा की। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा मिलती है और देश के सुदूरवर्ती इलाकों की भी जब वे चर्चा करते हैं तो पूरे देश को एक साथ देखने की दिलचस्पी बढ़ती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 357 मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने की भी जानकारी दी और कहा कि 10 साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन और बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में सर्दियों के दौरान 'वेड इन इंडिया' अभियान की बढ़ती लोकप्रियता की भी बात करते हुए कहा कि सर्दियों की सुनहरी धूप हो, पहाड़ से उतरते कोहरे की चादर हो, डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए पहाड़ भी अब खूब लोकप्रिय हो रहे हैं। कई शादियां अब खास तौर पर गंगा जी के किनारे हो रही हैं। उन्होंने इसके जरिए पर्यटन को बढ़ावा देने की भी बात की। उद्योग मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने आज के संस्करण में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के कार्यक्रम, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग, राम मंदिर पर धर्मध्वजा, रामबन सुलाई शहद और देश के अलग-अलग हिस्सों में बनने वाले शहद को लेकर बात की है। इतना ही नहीं उन्होंने इसे मधु क्रांति कहकर संबोधित किया।

इन्दिरा आईवीएफ का बिहार के हाजीपुर में नया फर्टिलिटी क्लिनिक शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पिटल लिमिटेड ने हाजीपुर में अपने नए फर्टिलिटी क्लिनिक का शुभारंभ किया है। यह कदम देशभर में रिप्रोडक्टिव हेल्थकेयर सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है। नया सेंटर सेकेण्ड फ्लोर, मंजू कॉम्प्लेक्स, विशाल मेगा मार्ट के पास, नवीन सिनेमा रोड, हाजीपुर (वैशाली) में आरम्भ किया गया है। यह क्लिनिक उन लोगों और दंपतियों को परामर्श, डायग्नोस्टिक और उपचार सेवाएं प्रदान करेगा जो अपने घर के नज़दीक ही फर्टिलिटी समाधान चाहते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हाजीपुर अवधेश सिंह और विधायक रोसरा बिरेंद्र कुमार तथां वैंटेज हुंडई हाजीपुर के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिजीत कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इनके साथ ही कार्यक्रम मे इन्दिरा आईवीएफ बिहार हेड, पटना मेन ब्रांच सेंटर हेड डॉ. दयानिधि कुमार तथा इन्दिरा आईवीएफ हाजीपुर की सेंटर हेड डॉ. अनामिका भी मौजूद रही।

वैशाली के प्राचीन जैन मंदिर में स्वर्ण कलश एवं ध्वज की भव्य स्थापना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

वैशाली। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के अंतर्गत वैशाली के ऐतिहासिक एवं प्राचीन जैन मंदिर में अत्यंत मंगलमय वातावरण के बीच स्वर्ण कलश एवं स्वर्ण ध्वज की स्थापना बड़े धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से सम्पन्न हुई। यह आध्यात्मिक अनुष्ठान जैन मुनि सराककेशरी विशल्य सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित किया गया। मौके पर अलका दीदी एवं भारती दीदी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मौके पर पटना, आरा, छपरा, मुजफ्फरपुर, मुंबई, मुरैना व वाराणसी सहित अनेक स्थानों से आए जैन समाज के श्रद्धालुओं ने इस पावन क्षण का साक्षात्कार किया और धर्मलाभ पाया। इस शुभ अवसर पर पटना के सुबोध जैन को स्वर्ण कलश चढ़ाने का तथा पटना के अजय जैन एवं एम.पी. जैन, डॉ गीता जैन तथा छपरा के राजेश जैन को स्वर्ण ध्वज स्थापित करने का विशिष्ट सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूरे धार्मिक अनुष्ठान का संचालन एवं विधि-विधान मुरैना के प्रतिष्ठाचार्य पंडित मुकेश जैन द्वारा सम्पन्न कराया गया जिन्होंने अत्यंत श्रद्धापूर्ण ढंग से पूजा-अर्चना एवं अभिषेक एवं यागमण्डल विधान करवाए। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया। स्वर्ण कलश एवं ध्वज स्थापना को समुदाय ने जैन धर्म के उत्थान और मंदिर की गौरवशाली परंपरा के पुनरोद्धार का महत्वपूर्ण कदम बताया।

चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित करेंगे डॉ. दिलीप जायसवाल

समारोह में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी रहेंगे मौजूद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा, एनडीए के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद प्रदेश भाजपा ने चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने बताया कि पार्टी प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रबंधन समिति ने बेहतर कार्य कौशल का प्रदर्शन करते हुए पूरे चुनाव के दौरान बेहतर प्रबंधन किया है जिसके कारण एनडीए ने चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 202 सीटों पर जीत हासिल किया।

जन-सामान्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा पटना स्थित एक विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में एक स्टॉल के माध्यम से जन-सामान्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभिवर्धित करने का प्रयास किया गया। नोट्रेडेम एकेडमी, पटना में 29-30 नवम्बर, 2025 तक आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राएं, शिक्षकगण, अभिभावकगण के अतिरिक्त दर्शकों के लिए यह स्टॉल आकर्षण का एक केन्द्र बना रहा। पर्षद् के वैज्ञानिकों द्वारा आगन्तुकों को स्टॉल पर प्रदर्शित परिवेशीय वायु की गुणवत्ता ज्ञात करने में प्रयुक्त पीएम10 एवं पीएम 2.5 तथा ध्वनि मापक यंत्रों के परिचालन के बारे में बताया गया। राज्य पर्षद् द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रकाशित 8 प्रकार के रंगीन फोल्डरों को जन-सामान्य के सूचनार्थ रखा गया था। स्टॉल में प्रदर्शित फ्लैक्स तथा परिसर में लगाये गये विभिन्न विषयों के स्टैंडी के माध्यम से जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अतिरिक्त राज्य पर्षद् की अपील का पुनः स्मरण कराया गया। हर रविवार को नो हार्न डे मनाएं एवं सप्ताह के अन्य दिनों बेवजह हार्न न बजाएं।

संस्कृत विद्यालयों में आज मनायी जायेगी गीता जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अधीन संचालित सभी संस्कृत विद्यालयों में एक दिसंबर को गीता जयंती मनायी जायेगी। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों की सहभागिता के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने इस संबंध में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि गीता जयंती भारतीय ज्ञान-परंपरा, अध्यात्म और नैतिक मूल्यों का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे संस्कृत संस्थानों में विशेष रूप से मनाया जाना चाहिए। निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में इस दिन भगवद्गीता के चयनित श्लोकों का सामूहिक पारायण कराया जायेगा। छात्रऽछात्राएं, आचार्य और कर्मचारी मिलकर गीता अध्यायों का पाठ करेंगे। इसके साथ ही गीता के दार्शनिक, नैतिक और जीवनोपयोगी संदेशों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान भी आयोजित किया जायेगा, जिसमें कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग जैसे सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला जायेगा। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन और मार्गदर्शन देने वाला अद्वितीय ग्रंथ है। विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों के प्रति रुचि बढ़ती है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि कार्यक्रम शालीन, शैक्षणिक और प्रेरणादायक हो तथा अधिक से अधिक छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। कार्यक्रम के प्रतिवेदन एवं फोटो बोर्ड को भेजने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही गीता पारायण कार्यक्रम को विभिन्न सोशल मीडिया साइड पर भी प्रसारित करना होगा। बोर्ड ने विद्यालयों को कार्यक्रम आयोजन के लिए रूपरेखा भी भेजी है, जिसमें गीता श्लोक-पारायण, गीता महिमा पर व्याख्यान, छात्र भाषण प्रतियोगिता व गीता आधारित प्रश्नोत्तरी शामिल करने को कहा गया है।

मनोज भावुक की पुस्तक 'भोजपुरी सिनेमा के इतिहास' को चौधरी कन्हैया सिंह सम्मान'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (अमनौर)। बिहार में सारण जिले के अमनौर में आयोजित 'अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन' में साहित्यकार और गीतकार मनोज भावुक की पुस्तक 'भोजपुरी सिनेमा के संसार' को 'चौधरी कन्हैया सिंह पुरस्कार' से नवाजा गया है। 28 से 30 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय इस सम्मेलन में श्री भावुक को यह पुरस्कार बिहार के पर्यटन एवं कला-संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने प्रदान किया। इस सम्मेलन में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण नगर विकास मंत्री नितीन नवीन, सांसद मनोज तिवारी, फिल्म अभिनेत्री अक्षरा सिंह, कल्पना पटवारी, श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर समेत देश-विदेश के लेखक, कवि, कलाकारों ने हिस्सा लिया। मनोज भावुक कृत 'भोजपुरी सिनेमा के संसार' भोजपुरी सिनेमा के इतिहास पर भोजपुरी भाषा में लिखी गई पहली किताब है। इस पुस्तक का प्रकाशन मैथिली-भोजपुरी अकादमी, दिल्ली ने किया है। इस पुस्तक में वर्ष 1931 से लेकर अब तक के भोजपुरी सिनेमा के सफर पर विहंगम दृष्टिपात है। इस पुस्तक के लेखक श्री भावुक वर्तमान में भोजपुरी साहित्य और सिनेमा की अभूतपूर्व सेवा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि श्री भावुक सिर्फ भोजपुरी सिनेमा के इतिहासकार के साथ एक प्रतिष्ठित गीतकार भी हैं जिनके कई गाने लोकप्रिय काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। उनका एक गाना 'तोर बउरहवा रे माई' पिछले दिनों सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड हो रहा था। दरअसल भोजपुरी के संस्कार का ख्याल और सुसंस्कृत शब्दावली श्री भावुक को अन्य गीतकारों और लेखकों से अलग करती है।

ट्रैक्टर पलटा, किसान की मौके पर मौत, गांव में कोहराम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारी शरीफ। पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत अलबकसपुर गांव में एक दुखद हादसा हुआ। 60 वर्षीय रामप्रवेश सिंह, अपने निजी खेत में जुताई कर रहे थे तभी उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और पलटने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। परिवार के लोग विलाप करते हुए पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से किसी तरह ट्रैक्टर को खड़ा किया गया। काफी मशक्कत के बाद मृतक की लाश ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाली गई। इस दौरान प्रशासनिक मदद नहीं मिली। गांव वालों के अनुसार रामप्रवेश सिंह अपने खेत में स्वयं जुताई कर रहे थे और खेत जुताई का काम उन्होंने पूरा कर लिया था तब खेत से ट्रैक्टर को बाहर निकालने के समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ा और ट्रैक्टर पलट गया जिसके नीचे वह दब गए। ग्रामीणों ने तुरंत परिवार को सूचना दी और मिलकर शव को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। अचानक हुए हादसे से परिवार और गांव में कोहराम मच गया।

'नई धारा' का उदयराज सिंह स्मारक व्याख्यान एवं साहित्यकार सम्मान समारोह संपन्न

समय की चुनौतियों और संक्रमणों से ही साहित्य के सरोकार तय होते हैं : जयनंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कथा साहित्य के सरोकार समय की चुनौतियों और संक्रमणों से ही तय होते हैं। देश का जीडीपी ज्यों-ज्यों बढ़ रहा है, गरीब और गरीब हो रहे हैं। आदमी जितना बौद्धिक हो रहा है, उतना ही अमानवीय भी। समकालीन कथा साहित्य का सरोकार इन्हीं तथ्यों के उद्घाटन से विश्वसनीय बनता है। यह कहना है प्रसिद्ध कथाकार जयनंदन का। वे रविवार की शाम चर्चित साहित्यिक पत्रिका 'नई धारा' द्वारा आयोजित 21वें उदयराज सिंह स्मृति व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। व्याख्यान का विषय था- हिन्दी कथा साहित्य के बदलते सरोकार। समारोह की अध्यक्षता बिहार के पूर्व मुख्य सचिव एवं बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने की जबकि संचालन 'नई धारा' के संपादक डॉ- शिवनारायण ने किया। कथाकार जयनंदन ने अपने व्याख्यान में कहा कि प्रेमचंद को जो स्थितियां विचलित करके कहानी में ढल जाती थीं, अब वो स्थितियां समकालीन लेखकों के मर्म को विचलित नहीं कर पातीं। बीते कई वर्षों से खालिस गरीबी, बेरोजगारी और गांव पर केन्द्रित कोई कहानी नहीं आई जबकि यही सारी पहलू भी सभी समस्याओं की जड़ में हैं। उन्होंने कहा कि आज समय यह है कि अपने पड़ोसियों से भी हमारा परिचय जमीन पर नहीं, हवाओं में बनता है। उन्होंने 'नई धारा' की साहित्यिक परम्परा की प्रशंसा करते हुए उसे जन सरोकारों से जुड़ा बताया। इस अवसर पर 'नई धारा' की ओर से कथाकार जयनंदन को उदयराज सिंह स्मृति सम्मान से विभूषित करते हुए अध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने एक लाख रुपए सहित सम्मान पत्र, प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र आदि अर्पित किए।

विक्रम पार्वती उच्च विद्यालय में पूर्ववर्ती छात्र सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रम। पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को 1975 बैच के छात्र रहे सीनियर सिटीजन ने 50 वर्ष पूरे होने पर समारोह आयोजित की। समारोह में उपस्थित लोगों ने अपनी पुरानी यादों को साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहजानंद एवं संचालन शशिभूषण शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन देवत कुमार ने किया।

विद्यालय छात्र रहे शशिभूषण ने विद्यालय के ऐतिहासिक महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि यह 1930 का विद्यालय है। इसमें पढ़े हुए विद्यार्थी स्वयं पर गर्व महसूस करते हैं। इस विद्यालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने शिक्षा ग्रहण की थी। स्वतंत्रता संग्राम में विद्यालय के कई छात्र शहीद हुए थे। सुभाषचंद्र बोस,नेहरू एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी आने का अभी तक प्रमाण रहा है। उपस्थित लोगों ने स्कूल के बीते हुए लम्हों को याद कर आनंदविभोर हुए। मौके पर नीलम कुमारी, रमा कुमारी, संगीता कुमारी, मीना कुमारी, बालेश्वर शर्मा, कौशल कुमार, अरुण कुमार, गणेश शर्मा,बिंदेश्वरी सिंह, कमलेश शर्मा, नागेश्वर शर्मा, देवेंद्र कुमार, सहजानंद, सुबोध शंकर, अरविंद कुमार,महेश कुमार, उपेंद्र कुमार, मोती प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

संपादकीय

खेल व्यवस्था के जर्जर ढांचे ने हमसे दो खिलाड़ी छीन लिए?

हरियाणा में दो बास्केटबॉल खिलाड़ियों की मौत ने राज्य की खेल नीति, जर्जर ढांचे और विभागीय लापरवाही की सच्चाई उजागर कर दी है । हरियाणा में बास्केटबाल के दो खिलाड़ियों की मौत को भले ही हादसे के तौर पर देखा जाए, लेकिन यह दरअसल राज्य के समूचे तंत्र में खेलों के प्रबंधन से लेकर व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और वहां की खेल नीति पर एक गंभीर सवाल है। इससे अफसोसनाक और क्या होगा कि बास्केटबाल के ये खिलाड़ी अपनी मेहनत और लगन से देश के लिए कुछ बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहते थे, लेकिन सरकारी अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से उनकी जान चली गई।दोनों खिलाड़ियों की मौत पर व्यापक चिंता उभरने के बाद हुई कार्रवाई में कुछ संबंधित कर्मचारियों या अधिकारी को निलंबित किया गया और सरकार ने सभी खेल मैदानों और बास्केटबाल के पोल या खंभों की जांच के आदेश जारी किए। मगर सवाल है कि जो खंभे हादसे की वजह बने, लंबे समय से जर्जर हालत में होने के बावजूद संबंधित सरकारी महकमों ने उनकी अनदेखी क्यों की। इस लिहाज से देखें तो हादसों में दोनों खिलाड़ियों की मौत के वास्तविक जिम्मेदारों की पहचान और उन्हें कठघरे में खड़ा करने की जरूरत है। गौरतलब है कि राज्य के रोहतक और बहादुरगढ़ में अभ्यास करने के क्रम में दो खिलाड़ियों के पेट और सीने पर बास्केटबाल का खंभा गिर गया और उनकी मौत हो गई। जो खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बूते भविष्य में उपलब्धियां हासिल कर परिवार से लेकर देश के लिए गर्व का जरिया बन सकते थे, सरकारी लापरवाही की वजह से उनकी जान चली गई। खबरों के मुताबिक, दोनों ही जगह बास्केटबाल का खंभा इस जर्जर हालत में था कि उसमें हल्का जोर पड़ते ही टूट कर गिर गया।जाहिर है, खंभे का गिरना एक-दो दिन की लापरवाही का नतीजा नहीं हो सकता। रोहतक के लाखनमाजरा स्थित स्टेडियम में करीब पांच सौ खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। वे बीते काफी समय से खेल विभाग के अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक से मैदान की गुणवत्ता और उपकरणों को ठीक कराने की मांग कर रहे थे। मगर उनकी मांग पर किसी ने समय पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि राज्य में कई अन्य जगहों पर भी खेल मैदानों में जरूरी संसाधनों और उपकरणों की दशा ऐसी है कि खिलाड़ी खेलते या अभ्यास करते हुए हर समय एक तरह के जोखिम से गुजरते हैं।

बंटवारे से पहले सिंध की ज्यादातर आबादी हिंदू थी। प्रचलित शब्दों में वहां के लोगों को सिंधी कहा जाता है। सिंध के बंटवारे को यहां के हिंदू समाज ने ना तो व्यवहारिक माना, और ना ही उचित। आज यह पाकिस्तान का तीसरा बड़ा प्रांत है, जिसका क्षेत्रफल एक लाख 40 हजार 914 वर्ग किलोमीटर है। जुलाई 2001 का दूसरा हफ्ता था। राजधानी दिल्ली और आगरा में बड़ी हलचल थी। इस हलचल पर समूचे देश या यूं कहिए कि दक्षिण एशिया की विशेष निगाह थी। वजह थी, पंद्रह जुलाई से शुरू हो रही परवेज मुशर्रफ की भारत यात्रा। करगिल युद्ध के खलनायक तब तक पाकिस्तान का शासक हो चुका था।

एक इतिहास की धारणा को बल, एक भूगोल का इंतजार

(उमेश चतुर्वेदी)

मुशर्रफ तानाशाह राष्टपति बन चुके थे। करगिल का जख्म चूंकि अभी हरा था, लिहाजा मुशर्रफ की यात्रा उत्सुकता, उम्मीद और आशंका के दायरे में थी। जैसा कि ऐसी यात्राओं के दौरान होता है, कूटनीतिक तैयारियां भी खूब होती हैं। परवेज की यात्रा के ठीक पहले अपने चिर-परिचित अंदाज में पाकिस्तान ने कश्मीरी आत्मनिर्णय को लेकर कूटनीतिक दबाव बनाना शुरू कर दिया था। यात्रा के एक या दो दिनों पहले की बात है। दिल्ली में सिंधी समाज ने मुशर्रफ की यात्रा के मद्देनजर एक कार्यक्रम रखा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के सामने पाकिस्तान की उस कोशिश का जिक्र किया गया तो भरे मंच से उन्होंने पाकिस्तान को चेता दिया था, 'अगर पाकिस्तान कश्मीर का सवाल उठाएगा तो भारत जवाबी रूप से सिंध के आत्मनिर्णय का सवाल उठाएगा।'

इस वाकये का जिक्र इसलिए हो रहा है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ठीक चौबीस साल बाद सार्वजनिक मंच से कहा है कि भविष्य में सिंध भारत का हिस्सा हो सकता है। भारत की सीमाओं के बदलने की उम्मीद तो देश का एक तबका काफी अरसे से कर रहा है। लेकिन उसका ध्यान सिंध की बजाय बलूचिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर ज्यादा रहा है। सिंध का सवाल अपेक्षाकृत कम चर्चित और कम ध्यातव्य रहा है। लेकिन यह बात चूंकि देश के रक्षा मंत्री ने कही है तो यह मामला गंभीर हो जाता है। हो सकता है कि यह राजनाथ सिंह का निजी विचार हो। लेकिन वे भारत की आधिकारिक शासक मोदी कैबिनेट के दूसरे नंबर के व्यक्ति हैं। इसलिए उनके शब्द कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं और उन शब्दों का प्रभाव राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पड़ने स्वाभाविक है।

बंटवारे से पहले सिंध की ज्यादातर आबादी हिंदू थी। प्रचलित शब्दों में वहां के लोगों को सिंधी कहा जाता है। सिंध के बंटवारे को यहां के हिंदू समाज ने ना तो व्यवहारिक माना, और ना ही उचित। आज यह पाकिस्तान का तीसरा बड़ा प्रांत है, जिसका क्षेत्रफल एक लाख 40 हजार 914 वर्ग किलोमीटर है। गुजरात के कच्छ का रण और राजस्थान का थार रेगिस्तान इसके पूर्व में स्थित है, जबकि दक्षिण में इसका पांव अरब सागर पखार रहा है। अरब सागर के ही किनारे स्थित कराची पाकिस्तान का आर्थिक केंद्र है, जैसे भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई है।



दुनिया के चाहे जिस भी हिस्से में हिंदू समाज रहता है, अपने धार्मिक और संस्कार वाले कामों, पूजा-अर्चना आदि में सबसे पहले खुद को एक मंत्र से पवित्र करता है और अर्चना में जिस जल का उपयोग करता है, उसे वह एक मंत्र के जरिए पवित्र करता है। वह मंत्र है, गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु। जिसका अभिप्राय है कि गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु और कावेरी के जले से यह अर्चन कार्य करता हूं। इस मंत्र से स्पष्ट है कि भारतीय मनीषा और संस्कृति के लिए सदियों से गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती , नर्मदा, सिंधु और कावेरी नदियों को पवित्रतम नदियां रही हैं। उनका जल हमारी सभ्यता का वाहक रहा है, उनके जरिए हमारी संस्कृति और सभ्यता का विकास हुआ है। भारत की सप्त पवित्र नदियों में से एक सिंधु इसी सिंध प्रांत से होकर गुजरती है। इस लिहाज से देखें तो भारत भूमि के लिए सिंध का महत्व समझ में आता है। लालकृष्ण आडवाणी भी सिंध के वासी रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि उनकी पीढ़ी के सिंध के लोग भारत के विभाजन को स्वीकार नहीं कर पाए। राजनाथ सिंह ने अपने व्याख्यान में इस लेख का भी जिक्र किया है। आडवाणी अपने राजनीतिक उत्कर्ष के दिनों में सिंधु दर्शन यात्रा नाम से आयोजन करते रहे हैं। जिसका मकसद सिंधु के जरिए सिंध की माटी से बिछड़कर भारत आ गए लोगों को जोड़ना और उनकी स्मृतियों को जिंदा रखना रहा।

ब्रिटिश संसद द्वारा पारित कानून के तहत भारत विभाजन की योजना लार्ड माउंटबेटन ने बनाई। उन्होंने इसका जिम्मा कानून के जानकार सिरिल रेडक्लिफ को दिया। रेडक्लिफ को भूगोल और संस्कृति की जानकारी नहीं थी। विभाजन करते वक्त उन्होंने भारतीय वास्तविकताओं का ध्यान नहीं रखा। संस्कृतियों की भी समझ नहीं थी। इसका असर विभाजन पर भी दिखा। रेडक्लिफ रेखा एक तरह से उनकी मूर्खताओं का प्रतीक बन गई। उनकी संस्कृतिहीन सोच की वजह से भारत को विभाजन के वक्त भयानक विभीषिका को झेलना पड़ा। कई जगह पर विभाजन अगर कृत्रिम लगता है तो उसकी वजह रेडक्लिफ की संस्कृति, भूगोल और जमीनी हालात की नासमझी है।

इसी वजह से सिंध से भी भारत में विलय के लिए क्षीण ही सही, आवाजें उठती रहीं है। भारत से पाकिस्तान गए मुसलमानों को भी सम्मान नहीं मिला. उन्हें बिहारी और मुहाजिर कहा जाता रहा। एक दौर में सिंध में मुहाजिर कौमी मूवमेंट चलता रहा, जिसके प्रमुख अल्ताफ हुसैन रहे। हालांकि उनके आंदोलन का मकसद पाकिस्तान में भारत से गए उर्दू भाषी मुसलमानों के अधिकारो की रक्षा रहा। लेकिन पाकिस्तान सरकार उसे भारत समर्थक और विभाजनकारी मानती रही।

बाल्टिस्तान, बलूचिस्तान और पाकिस्तान के अधिकार वाले कश्मीर से तो भारत के साथ जुड़ने की मांग उठती रही है। हाल के दिनों में इस मांग ने तेजी पकड़ी है। वहां से आने वाले वीडियो में 'मोदी-मोदी ' के नारे भी सुनाई देने लगे हैं। हालांकि सिंध प्रांत से ऐसी आवाजें कम उठती रहीं। यहां याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान के एक प्रमुख राजनीतिक दल 'पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी' का सबसे ज्यादा असर सिंध प्रांत में ही है। जिसकी प्रमुख एक दौर में बेनजीर भुट्टो रही हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भुट्टो परिवार की जागीर मानी जाती है।

इन संदर्भों में देखें तो राजनाथ सिंह के बयान इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि सिंध में विभाजन को लेकर मांग बढ़ रही है। पाकिस्तान की बदहाली, उर्दू भाषी मुसलमानों के साथ दोयम दर्जे के व्यवहार की वजह से सिंध प्रांत में रह से मुहाजिर लोगों में भी भारत के प्रति अनुराग बढ़ रहा है। बेशक भारत से सीधी जुड़ी रही पीढ़ी अब नहीं रही, लेकिन उसने अपना दर्द, अपने सुहाने सपने और गौरवशाली अतीत को नई पीढ़ी के साथ साझा किया है। नई पीढ़ी के पास सूचना तकनीक है, सूचना के तमाम साधन है। इसलिए वह देख पा रही है कि सीमा के उस पार की हालत कैसी है। उसके लिए भारत का नजारा दर्द और क्षोभ का कारण बन जाता है। क्योंकि आजादी के पहले संयुक्त भारत में सिंध की गिनती समृद्ध राज्यों में होती थी। सिंध कभी हिंदू बहुल राज्य था। कराची शहर हिंदू प्रधान था। पाकिस्तान की जनसंख्या में सिर्फ 2.17 फीसद हिंदू हैं। जो करीब 52 लाख हैं। इनमें से करीब 49 लाख सिंध में ही रहते हैं। 2023 की जनगणना से अनुसार सिंध की आबादी करीब 5.57 करोड़ है। इस लिहाज से देखें तो यहां की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी करीब 8.8 प्रतिशत है। ग्रामीण आबादी में करीब 13.3 प्रतिशत हिंदू हैं. ये लोग ज्यादातर सिंध के थारपारकर और उमरकोट जिले में रहते हैं। विभाजन से पहले सिंध के कई जिलों में हिंदुओं की आबादी करीब 90 फीसद थी। 1941 की जनगणना के अनुसार, कराची में ही हिंदुओं की बड़ी संख्या में हिंदू आबादी थी। इसके अलावा शिकारपुर, खैरपुर, लरकाना, सुक्कुर में भारी संख्या में हिंदू रहते थे। आज भी उमरकोट जिले में मुस्लिम समुदाय की तुलना में हिंदुओं की संख्या ज्यादा है। इसकी दूरी भारतीय सीमा से सिर्फ 60 किलोमीटर है। कह सकते हैं कि राजनाथ सिंह के बयान ने वहां के हिंदू समुदाय के लोगों की उम्मीदें जगा दी होंगी। उन्हें लगता होगा कि एक न दिन वे भारत का उसी तरह हिस्सा होंगे, जैसे उनके पुरखे विभाजन के पहले थे। इस बयान ने एक अतीत और इतिहास की धारणा को जिंदा तो कर दिया है, एक भूगोल की उम्मीदें भी जगा दी हैं। एक भूगोल कब हकीकत बन पाएगा, यह कहना फिलहाल मुश्किल है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

अपना वक्त किसे दे रहे हैं आप

(अक्षय शुक्ला)

वीकेंड पर रूटीन वॉक के दौरान कई लोग छोटे बच्चों के साथ टहलते दिखाई देते हैं। इनमें से अधिकांश अपने मोबाइल फोन में ही बिज़ी रहते हैं, साथ चल रहा बच्चा अकेला बोर होता रहता है। बीच-बीच में वह उनका ध्यान खींचने की कोशिश करता है, पर जब कोई जवाब नहीं मिलता तो फिर चुपचाप चलने लगता है।

समझ नहीं आता कि ऐसी भी क्या ज़रूरी बात जो उस वक्त ही करनी है। जब बच्चे के साथ हैं तो फिर पूरा समय उसे ही दें। फोन पर बात तो बाद में भी हो सकती है। अगर वह कॉल इतना ही ज़रूरी था तो खत्म होने के बाद बाहर निकलते।

मोबाइल को तो वैसे भी आप दिन का मैक्सिमम टाइम दे रहे हैं। अपने लाड़लों के साथ जो थोड़ा बहुत वक्त मिलता है तो क्यों न उन्हीं के साथ भरपूर जीएं। अपना बचपन फिर से जीने का इससे अच्छा मौका नहीं होता। उनके साथ खेलिए, कहानियां सुनाइए, अच्छी आदतें सिखाइए। इस कच्ची उम्र में उनमें सीखने-समझने की अद्भुत क्षमता होती है। यहीं से उनकी आगे की दिशा तय होती है। ये वक्त दोबारा नहीं आएगा।

वरना होगा यह कि आपको देख वह भी खेलना भूल फोन की ज़िद करेगा। जब उसे लगेगा कि सारे बड़े इसी में लगे रहते हैं तो ज़रूर इसमें कुछ अच्छा ही होगा। जब लत लग जाएगी तब आप ही परेशान होंगे। कितने बच्चे बिना मोबाइल देखे खाने का एक निवाला तक मुंह में नहीं लेते। उनकी आउटडोर एक्टिविटी वैसे ही कम होती जा रही है।

मुझे याद है कि हमारा पूरा वीकेंड बेटी के नाम होता था। उसके साथ हम भी बच्चे बन जाते, खूब गेम खेलते, उसकी पसंद का कार्टून देखते और अक्सर कहीं ऐसी जगह घूमने निकल जाते, जहां उसे कुछ नया अनुभव मिले।

लेकिन आजकल अपने आसपास ऐसे कई लोग देखता हूं, जिनकी यह सोच हो गई है कि बच्चे के कारण मैं अपनी मर्ज़ी मुताबिक जीना क्यों छोड़ूं। वे अपने ट्वेंटीज़ से बाहर ही नहीं निकलना चाहते। उन्हें पहले जैसी ही नाइट लाइफ चाहिए, मूवी जाना है, पार्टी करनी है। ऐसे कई कपल पब में अपने छोटे बच्चों को ले आते हैं, जहां का शोर और माहौल उनके लायक है ही नहीं।

उन्हें यह समझना होगा कि ज़िंदगी हर पल एक समान नहीं रहती। किताब के अध्याय की तरह यह भी चैप्टर वाइज़ आती है। लाइफ का जब जो फेज़ चल रहा हो, उसे उसी हिसाब से जीना सीखना होगा। हमारे धर्म ग्रंथों में भी जीवन के चार चरण ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास के ज़रिए बताया गया है कि हर दौर की एक उम्र और उद्देश्य होता है। जब गृहस्थाश्रम में प्रवेश कर ही लिया है तो जीवन के उस अध्याय का सुख लें। देखिए, समय बीतते देर नहीं लगती, कल यह सोचकर पछताने से कुछ नहीं होगा कि बच्चा कब बड़ा हो गया, पता ही नहीं चला, हम तो उसके साथ वक्त ही नहीं बिता पाए। आगे जाकर एक वक्त ऐसा आता है कि हम उनसे बात करने के लिए तरसते हैं और उनके पास समय नहीं होता। इसलिए, अगली बार बच्चे के साथ टहलते वक्त फोन की घंटी बजे तो उठाने से पहले यह ज़रूर सोचिएगा कि अपना समय किसे देना है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

भारत के लिए बेहद खास रहा जी20 समिट 2025

भारत की अध्यक्षता में वर्ष 2023 में जी20 का सफल आयोजन हुआ था। इसमें भारत के पहल पर अफ्रीकन यूनियन जी20 का सदस्य बनाया गया और इस वर्ष दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में यह सम्मेलन का आयोजन होना भी भारत के लिए खास मायने रखता है।इतना ही नहीं भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान वैश्विक दक्षिण के विकास के मजबूत समर्थन की जो पहल शुरू की थी वह भी इस सम्मेलन के दौरान ज्यादा मुखर होता दिख रहा है।

डॉ मणिकांत झा

दक्षिण अफ्रीका में पहली बार आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया। कई मायने में यह सम्मेलन भारत के लिए बेहद खास साबित हुआ है। एक ओर जहां भारत के वैश्विक नेतृत्व क्षमता उभर कर सामने आई है वहीं दूसरी ओर दुनिया के विकासशील देशों की लगातार बढ़ रही चुनौतियों को मजबूती से पेश करने के लिए यह सम्मेलन एक बड़ा मंच साबित हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सम्मेलन में उपस्थिति ,सदस्य देशों के राष्ट्र अध्यक्षों के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता से लेकर निर्धारित एजेंडा में भी भारत की खास भूमिका लग रही है। सम्मेलन के प्रारंभ में ही दक्षिण अफ्रीका ने घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से पारित कराकर यह संदेश देने की कोशिश की कि अमेरिका के बहिष्कार करने की घोषणा के बावजूद भी इस पर कोई विपरीत प्रभाव पड़ने वाला नहीं है। जबकि सम्मेलन में 19 सदस्य देशों की उपस्थिति से सम्मेलन की सफलता का संदेश जाना भी स्वाभाविक ही है।

भारत की अध्यक्षता में वर्ष 2023 में जी20 का सफल आयोजन हुआ था। इसमें भारत के पहल पर अफ्रीकन यूनियन जी20 का सदस्य बनाया गया और इस वर्ष दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में यह सम्मेलन का आयोजन होना भी भारत के लिए खास मायने रखता है।इतना ही नहीं भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान वैश्विक दक्षिण के विकास के मजबूत समर्थन की जो पहल शुरू की थी वह भी इस सम्मेलन के दौरान ज्यादा मुखर होता दिख रहा है। वहीं अमेरिका द्वारा जी20 सम्मेलन के बहिष्कार की घोषणा के प्रतिरोध स्वरुप अफ्रीकी राष्ट्रपति राम फोसा ने समापन समारोह के मौके पर किसी अमेरिकी अधिकारी को अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा नहीं सौंपा । इससे संबंधित तथ्य यह है कि अगली जी20 सम्मेलन का आयोजन अमेरिका द्वारा किया जाना तय है। परंपरा के अनुसार इसके लिए सम्मेलन समापन के दिन अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा अगली मेजबान देश को सौपा जाता है। जो इस सम्मेलन के दौरान नहीं हो सका क्योंकि अमेरिका द्वारा किसी कारणवश सम्मेलन को बहिष्कार की घोषणा कर दी गई थी। हालांकि बाद में अमेरिका की ओर से कोई अधिकारी औपचारिकता को पूरा करने पहुंचे थे लेकिन अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा ने ऐसा नहीं किया फलस्वरूप खाली मेज पर रखकर ही औपचारिकता का निर्वाह किया। इस घटना को भारत की कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन के तीनों सत्रों में आर्थिक विकास ,जलवायु परिवर्तन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों पर स्पष्ट व स्वतंत्र पक्ष रखा ।उन्होंने वैश्विक विकास के मानक पर पुनः विचार करने का आह्वान करते हुए कहा कि जी-20 ने वैश्विक वित्त और विकास को आकर जरूर दिया है लेकिन वर्तमान समय में उपयोग में लाये जा रहे मॉडल एक बहुत बड़ी आबादी को संसाधनों से व वंचित कर दिया है। उन्होंने सभी को साथ लेकर समावेशी और सतत आर्थिक विकास पर जोर दिया है ।प्रधानमंत्री मोदी का प्रस्ताव प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए जी20 ग्लोबल हेल्थ केयर रिस्पांस टीम के गठन का भी है। इसमें प्रशिक्षित मेडिकल एक्सपर्ट्स को शामिल करने का प्रस्ताव है जिन्हें संकट के समय तुरंत सक्रिय किया जा सके। वहीं आतंकवाद के गठजोड़ को तोड़ने के लिए जी 20 इनीशिएटिव ऑन काउंटिंग ड्रग टेरर नेक्सस का है। उन्होंने चेताया कि ड्रग्स मानव स्वास्थ्य के लिए ही नहीं वरन आतंकवादी फंडिंग का भी बड़ा स्रोत बन रहा है। इसके अलावा उन्होंने वैश्विक सांस्कृतिक और पर्यावरणीय ज्ञान को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियां को सहज उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया।पीएम मोदी ने संदर्भित भारत के पक्ष रखते हुए कहा कि भारत इंसानों पर केंद्रित और सभी को साथ लेकर चलने वाले भविष्य को बनाने के लिए इन सभी मोर्चे पर लगातार काम कर रहा है। उन्होंने वैश्विक विकास के लिए सभी देशों को मिलकर काम करने की संस्कृति पर भी बल दिया। सभी देशों को अंतरिक्ष तकनीक का लाभ मिल सके इसके लिए ओपन सैटेलाइट डाटा पार्टनरशिप का भी प्रस्ताव उन्होंने दिया। जी20 शिखर सम्मेलन में उपस्थित सदस्य देशों ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे अन्य आर्थिक और वित्तीय संस्थानों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की प्रक्रिया में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर दिया। सम्मेलन का खास यह भी रहा कि वैश्विक दक्षिणी देशों ने आर्थिक साझेदारी के तौर पर अपने को पेश करने की जोरदार कोशिश की। वहीं लगातार बढ़ रही वैश्विक असमानता की खाई को पाटने के लिए गरीब देशों के प्राथमिकताओं के लिहाज से समावेशी विकास के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए दक्षिणी अफ्रीकी नेतृत्व की सराहना भी की । सम्मेलन में प्राकृतिक आपदाओं के खतरे को कम करने की पेशकश भारत के साथ-साथ सदस्य देशों ने भी की। इसके अतिरिक्त वैश्विक न्यूनतम कर और अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने के लिए जी20 देशों ने साथ-साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। जो भी हो जी-20 शिखर सम्मेलन ने यह साबित कर दिया है कि विकासशील अर्थव्यवस्था का प्रभाव लगातार ग्लोबल मंच पर बढ़ रहा है ।कुछ उन्नत देशों के भरोसे रहना कतई उचित नहीं होगा स्वयं की शक्ति को जगाने के साथ-साथ गरीब देश के चिंता को मंच के माध्यम से रखना भी आवश्यक है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिप्लोमेसी भारत को वैश्विक लीडर के रूप में मजबूत करेगा वही ट्रंप का बहिष्कार बहु पक्षपात के लिए नुकसान देह हो सकता है ।जबकि जी-20 में त्रिशक्ति में दम जरूर दिखा है। जबकि आस्ट्रेलिया कनाडा और भारत की साझेदारी मिलकर आगे की रास्ता तय करेंगे। घोषणा पत्र में आतंकवाद के खिलाफ भारत की रुख को समर्थन मिला।आपदा प्रबंधन में भारत के पहल को वैश्विक मान्यता भी मिली। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर संबंधों में नई ऊर्जा दी और वसुदेव कुटुंबकम का संदेश दिया। उनके ग्लोबल साउथ मंत्र को सराहा गया इससे विश्व मंच पर भारत को सम्मान मिला। अब जी-20 का अगला अध्यक्ष अमेरिका का होना तय है। सवाल है कि अमेरिका इसकी अध्यक्षता कैसे करता है जबकि इसके बगैर दुनिया आगे बढ़ चली है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

संक्षिप्त समाचार

निःशुल्क निःसंतान दंपति परामर्श शिविर

भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय स्थित भूषण मेडिकल्स के बगल में स्थित आनंद अस्पताल में निःशुल्क निःसंतान दंपति परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में फर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉ स्मृति स्पर्श व उनके सहयोगियों द्वारा 17 दंपतियों को निःशुल्क आईवीएफ की जानकारी दी गई। कैंप में वैसे दंपति पहुंचे जो विवाह के बाद भी माता-पिता बनने में असफल रहे, अनियमित माहवारी, ल्यूकोरिया जैसी समस्या थी। उन्होंने कहा कि निःसंतानता अब अभिशाप नहीं रहा। आधुनिक पद्धति से महिलाएं मातृत्व का सुख प्राप्त कर सकती हैं। इस शिविर को सफल बनाने में टिंकू कुमार उर्फ संजीव कुमार का विशेष योगदान रहा।

सघन जांच अभियान

नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नावकोठी थाना चैक पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु सघन जांच अभियान रविवार को चलाया। इससे बिना कागजात या अन्य कमियों वाले दोपहिया चार पहिया वाहन मालिक में हड़कंप मच गया। चालक वैकल्पिक रास्ते से भागते नजर आये। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में 105 छोटे, बड़े वाहनों के जरूरी कागजात, सीट बेल्ट, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी। 18 वाहनों से 39 हजार रुपए का चालान काटा गया।इस अभियान में सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार ओझा तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

फाईलेरिया जांच को रक्त संग्रह

नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। फाइलेरिया उन्मूलन हेतु महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा में रात्रि रक्त पट संग्रह किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चैधरी ने बताया कि फाइलेरिया का वैक्टेरिया रात्रि में ही सक्रिय होता है। इसके तहत बभनगामा में 300 व्यक्तियों का रक्त नमूना एकत्र किया गया है। इसकी जांच की जाएगी। जांचोपरांत फाइलेरिया से ग्रसित लोगों की पहचान हो जाएगी, जिसे नियमित दवा सेवन कराया जाएगा। दवा सेवन के उपरांत इस रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी,एलटी पंकज कुमार जोशी, सीएचओ राजा कुमार, विक्रांत कुमार, सूर्य भूषण कुमार, आशा फेसिलेटर संगीता कुमारी, आशा मुनचुन कुमारी सहित कई अन्य व्यक्ति मौजूद थे।

शराब कारोबारी गिरफ्तार

भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। तेयाय ओपी अध्यक्ष कुमारी निकिता भारती ने एक देशी शराब कारोबारी को चार लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध मे तेयाय ओपी अध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना पर काजीरसलपुर गाँव से महेश चैधर के पुत्र रोहित चैधरी को काजीरसलपुर गांव से ही चार लीटर देसी शराब के साथ देर रात्रि गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना कांड संख्या 340/25 दर्ज कर व्यवहार न्यायालय बेगूसराय भेज दिया गया।

दो आरोपी गिरफ्तार

बलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव से मारपीट मामले के दो आरोपी को गिरफ्तार किया।उक्त आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बिकास कुमार राय ने बताया कि मारपीट मामले के दो आरोपी पिता पुत्र पोखरिया गांव से नाथो यादव के पुत्र निशांत कुमार एवम रामचन्द्र यादव का पुत्र नाथो यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

शराब के साथ गिरफ्तार

बलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थानाध्यक्ष ने सब्जी मंडी में छापेमारी कर दो बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।उक्त संबंध में थानाध्यक्ष बिकास कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र नगर के छोटी बलिया सत्ती चैड़ा स्थित सब्जी मंडी के पास से एक दुकान से गुप्त सूचना पर छापेमारी किया।छापेमारी के दौरान दुकान के अंदर बालू से ढककर रखा 180 एमएल का दो बोतल अंग्रेजी शराब सिंगनेचर प्रीमियम ग्रेन व्हिस्की बरामद हुआ। शराब बरामद होते ही आरोपी नगरगामा गांव वार्ड तीन निवासी रामदेव सिंह का पुत्र रुद्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बिरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया की उक्त आरोपी के सब्जी मंडी में एक साल पूर्व भी एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ था। वही गिरफ्तार आरोपी ने कहा हमे फसाने व चलते ब्यवसाय में बाधा डालने को लेकर लोग हमें परेशान कर रहे है।

कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

रामनगर। राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में रामनगर प्रखंड के सोनखर गांव के निवासी सचिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेशनल स्कूल गेम में दमदार उपस्थिति दर्ज कर सचिन ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का झंडा फहरा सकते हैं। सचिन मध्य विद्यालय शिवपुर कॉलोनी का छात्र है, जहां नियमित अभ्यास और शिक्षकों की प्रेरणा ने उसकी प्रतिभा को नई दिशा दी है। सचिन की उपलब्धि से विद्यालय परिसर में उत्साह का वातावरण बन गया। इसी खुशी में विद्यालय में प्रधान शिक्षक चंद्रशेखर प्रसाद और खेल प्रभारी पुनीत कुमार के नेतृत्व में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सचिन को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यापकों ने कहा कि सचिन की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है और कठिन परिश्रम से हर लक्ष्य को पाया जा सकता है।

33 हजार लाईन में फाल्ट होने से चार घंटा बिजली आपूर्ति ठप

नरकटियागंज। रामनगर से नरकटियागंज जाने वाली 33 केवीए में फाल्ट आने के कारण मुशहरवा पीएसएस से जुड़े सोनासती, राजपुर, तुमकड़िया, बरवा बरौली, मठीया, सिरिसिया, मुरली, बेलवा, हैस्वा, गोपालपुर आदि क्षेत्र में रविवार को सुबह साढ़े सात से 12 बजे तक करीब चार घंटा से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली नही मिलने से उपभोक्ताओं के सभी उपकरण बंद हो गए जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि बिजली विभाग कर्मियों ने फॉल्ट को ढूंढ कर उसे दुरुस्त किया। लगभग साढ़े चार घंटे के बाद दोपहर करीब 12 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि रामनगर से मुशहरवा पीएसएस में आने वाली 33 हजार केवीए में फाल्ट हो गया था। जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। फाल्ट की जानकारी मिलते ही उसकी खोजबीन कर उसे दुरुस्त किया गया और बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

निक्षय मित्र योजना : ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा 55 टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट का वितरण

टीबी मरीजों को गोद लेकर फूड पैकेट वितरण करना सराहनीय कार्य : डॉ एपी सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संचालिका डॉ अंजू सिंह के द्वारा विगत दो वर्षों से छपरा शहर के विभिन्न मोहल्लों सहित एकमा प्रखंड से टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार खाने के लिए पोषाहार का वितरण किया जा रहा हैं। क्योंकि यह शहर ही नही बल्कि यूपी के जौनपुर में भी टीबी मरीजों को गोद लेकर सतत प्रयत्नशील संस्था के रूप में कार्य कर रहीं हैं। इसके अलावा यक्ष्मा के मरीजों को संस्था की ओर से जागरूक भी किया जाता है। उक्त बातें छपरा शहर की सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा लगभग 35 से अधिक टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग के अवकाश प्राप्त गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने शहर के साधनापुरी स्थित उक्त कार्यालय के सभागार में संस्था द्वारा गोद लिए गए टीबी रोगियों के लिए पौष्टिक आहार वितरण समारोह के दौरान कही।

इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापक सचिव डॉ अंजू सिंह ने उपस्थित आमजनों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गयी निक्षय मित्र योजना एक सार्थक एवं सकारात्मक पहल है। जिससे टीबी रोगियों की उपचार में सहायता मिलती हैं। क्योंकि इलाजरत मरीजों के पोषण की जरूरतें पूरी होती हैं। इससे आमजन के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी कदम बढ़ाकर टीबी उन्मूलन अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टीबी रोगियों की पहचान के लिए सदर अस्पताल में बलगम जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। उसके बाद पौष्टिक आहार खाने के लिए टीबी रोगियों को उनके इलाज के दौरान बेहतर पोषण के लिए प्रति माह एक रुपए की धनराशि स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी जाती है। हालांकि टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन को बढ़ाने के लिए किसी आम व्यक्ति, निजी अस्पतालों एवं निजी चिकित्सकों को टीबी रोगियों की जानकारी देने पर प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। छपरा शहर के 35 टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार के रूप में फूड पैकेट वितरण किया गया है, जबकि एकमा के 20 और डोरीगंज के 15 टीबी रोगियों के बीच जल्द ही फूड पैकेट वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापक सचिव डॉ अंजू सिंह, पूर्व एन सी डी ओ डॉ अमरेंद्र कुमार सिन्हा, वरीय पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी, मणि शाही और प्रीति शाही सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

निगम क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण योजनाओं का टेंडर जारी

बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़े सोवा बाबू चौक से मीना बाजार, शीतला माई चौक और जंगी मस्जिद होते हुए खुदाबख्श चौक तक डबल लेन रोड और नाला निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। इस परियोजना पर कुल 2.99 करोड़ रुपये की लागत आएगी। नाला और डबल लेन रोड बनने से इलाके में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और मीना बाजार क्षेत्र में जल जमाव की समस्या से राहत मिलेगी। इससे व्यापारियों और खरीदारों को भी काफी मदद मिलेगी। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि एक साल से उनके निरंतर प्रयासों के बाद बड़ा रमना मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। इस परियोजना पर 2.26 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसमें मैदान में बहुउपयोगी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। महापौर सिकारिया ने कहा ये योजनाएं नगर निगम के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। महापौर के अनुसार, इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहरवासियों को बेहतर सड़क, बेहतर जल निकासी और उन्नत सुविधाएं मिलेंगी।

पेड़ से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मनुआपुल थाना क्षेत्र में पतरखा - नौरंगिया रोड़ के ब्रह्म स्थान के समीप शनिवार की रात आठ बजे अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई गई। जिसमें दो चचेरे भाइयों की मौत की घटना स्थल पर ही हो गई। मृतकों में बैरिया थाना क्षेत्र के गजरवा बाजार वार्ड एक के शंभू धांगड़ के पुत्र संदीप कुमार (27) व संजय धांगड़ के पुत्र रामबाबू कुमार (20) शामिल है। आज सुबह में जब लोगो ने सड़क किनारे शवों को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मनुआपुल थाने की पुलिस ने रविवार की सुबह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया।

शनिवार की शाम करीब 6.30 बजे बाइक से मामा योगापट्टी के हरपुरा निवासी भुनेश बांगड़ के घर गए थे। रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से घटना की जानकारी मिली कि पतरखा- नौरंगिया रोड में ब्रहम स्थान मोड़ के समीप पेड़ से बाइक टकराने से दोनों की मौत हो गई है। सूचना पर सभी घटना स्थल पर पहुंचे, तो देखा कि शव सड़क किनारे पड़ी है और पुलिस भी पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया। उन्होंने बताया कि संदीप एकलौता संतान था। घटना को लेकर पिता शंभू धांगड़, मां देवानती देवी, बहन खुशबू कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक रामबाबू कुमार तीन भाई में बड़ा बड़ा था। घटना को लेकर दो छोटे भाई लालाबाबू कुमार (07) तथा राधे कुमार (05), मां सुगांतकी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरौनी सिटी। नेशनल कडेट्स कोर का सोलहवीं कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैम्प का 29 नवंबर 2025 को बरौनी के ओल्ड ट्रांसिट कैम्प में समापन समारोह मनाया गया। यह दस दिवसीय एन सी सी कैम्प कैम्प कमांडेंट कर्नल अमित अहलावत के दिशा निर्देश में संपन्न हुआ। यह कैंप 35 बिहार बटालियन एनसीसी पूर्णिया के द्वारा कैंप कमांडेंट कर्नल अमित अहलावत डिप्टी कैंप पी के चैधरी, सुबेदार मेजर सुरेश, 05 ए एन ओ, 03 जी सी आई तथा 36 अन्य सैन्य अधिकारियों के देख रेख में सफलतापूर्वक समापन हुआ।

इस कैम्प के सफल संचालन हेतु खुद ब्रिगेडियर अरुण उनियाल ने कैंप का निरीक्षण किया और कैम्प के सफल संचालन की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस दौरान एनसीसी के कैडेटों के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस कैंप में कैडेट्स को चार कंपनी में बांटा गया था जिसमें कैडेट्स की दिन की शुरूआत शारीरिक व्यायाम से होती थी उसके बाद ड्रिल परेड, राइफल चलाने की ट्रेनिंग छलावरण, बचाव, मिलिट्री के इतिहास मेप रीडिंग व्यक्तित्व विकास तथा आर्मी के अन्य विषयों की जानकारी दी जाती थी। कैम्प के दौरान खेल प्रतियोगितायों में खो खो, कबड्डी और वॉलीबॉल का टीम भावना से मैच खेला गया इसके अलावा टेंट पिचिंग प्रतियोगिता तथा अन्य संस्कृति कार्यक्रम का कैडेट्स द्वारा आयोजन किया गया। इसमें कैडेट्स ने सेना के कठिन जीवन शैली, त्याग बलिदान को दशार्ते हुए शहीदों को याद किया एवं विजेता तथा उपविजेता टीम को मेडल से प्रोत्साहित किया गया। इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान आरडीसी 2026 कैंप की प्रशिक्षण एनसीसी कैडेट्स को दी गई। आरडीसी के लिए लगभग 131 कैडेटों को दिल्ली भेजा जाएगा। कैम्प के दौरान विभिन्न शिक्षाविदों द्वारा गेस्ट लेक्चर भी हुवे इनमें सेकंड ऑफिसर एम डी शमीम के द्वारा लीडरशिप और समाज सेवा का बहुत ही बेहतर प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमन विभाग बरौनी द्वारा आग से बचाव के उपाय के बारे में बताया गया जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आपदा प्रबंधन और बाढ़ सुरक्षा टीम द्वारा विभिन्न आपदाओं से निपटने हेतु कैडेट्स को जागरूक किया। इसके अलावा कैडेट्स को ट्रैफिक नियम के पालन के लिए जागरूक किया गया। इस दस दिवसीय कैम्प का समापन कैम्प कमांडेंट के समापन भाषण से हुवा जिसमें कैंप कमांडेंट साहब ने यूथ डेवलपमेंट और नेशन बिल्डिंग के बारे में जोर दिया उन्होंने एनसीसी के आदर्श एकता और अनुशासन का पालन अपने जीवन शैली में करने का संदेश दिया तथा कैडेट्स को अपने जीवन को देश की सेवा में समर्पित करने के लिए प्रेरित भी किया।

मातृत्व व यूरोकेयर सुविधाओं से युक्त नये अस्पताल भवन का भव्य उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। Mom9 Advanced Urocare Hospital, Patna द्वारा अत्याधुनिक मातृत्व एवं यूरोकेयर सुविधाओं से युक्त नये अस्पताल भवन के भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री एस. सिद्धार्थ, विकाश आयुक्त, बिहार सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया। यह उद्घाटन एवं पूजा समारोह का आयोजन आज दिनांक 30 नवंबर, रविवार को अपराह्न 3 बजे से शुरू हुआ जिसमे विशिस्ट अतिथि अदिति नंदन, कुमोद कुमार एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि Mom9 अस्पताल का उद्देश्य केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीजों को हर जीवन-चरण में दया, विशेषज्ञता और भरोसे के साथ समग्र स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है। इस अवसर पर सभी अतिथियों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से युक्त इस नये परिसर का अवलोकन भी कराया जाएगा, जिसमें विश्वस्तरीय Urology, Nephrology, Obstetrics, Gynecology, Neonatal Care एवं Cosmetic Gynaecology जैसी सेवाएँ उपलब्ध होंगी। अस्पताल में किडनी/मूत्र रोग, प्रोस्टेट संबंधी समस्याएँ, किडनी एवं ब्लैडर कैंसर, पुरुष बांझपन, इरेक्टाइल डिसफंक्शन, स्ट्रिक्चर, गॉलब्लैडर स्टोन, उच्च रक्तचाप, क्रॉनिक किडनी डिजीज व डायलिसिस जैसी सभी सुविधाएँ आधुनिक तकनीक से लैस हैं। वहीं प्रसूति विभाग में हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी मैनेजमेंट, पेनलेस डिलीवरी, लेक्टेशन सपोर्ट, पोस्ट-डिलीवरी केयर तथा 24×7 NICU एवं एनेस्थीसिया की सुविधा उपलब्ध है। कॉस्मेटिक गायनोकोलॉजी विभाग Tesla Chair एवं Jett Plasma Device जैसी एडवांस्ड तकनीकों से सुसज्जित है, जिसके माध्यम से महिलाओं को यूरिनरी लीकेज, पेल्विक फ्लोर स्ट्रेंथनिंग एवं वजाइनल रीजुवेनेशन जैसी समस्याओं से राहत दी जाती है। उद्घाटन समारोह पिलर नं. 101, पटलिपथ, दिघा-AIIMS एलिवेटेड रोड, अभिमन्यु नगर, पटना-801503 स्थित अस्पताल परिसर में आयोजित होगा। अतिथियों को आमंत्रित करते हुए डॉ. शशिबाला एवं डॉ. अमित कुमार ने बताया कि यह अस्पताल बिहार में महिलाओं एवं यूरोलॉजी रोगियों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

पुण्यतिथि पर याद किये गये कीर्तन सम्राट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरौनी सिटी। कीर्तन सम्राट विन्देश्वरी सिंह गवैया के पुण्यतिथि पूरी शिद्दत के साथ याद किये गये। सिमरियाधाम स्थित सिद्धाश्रम में शनिवार को राष्ट्रकवि दिनकर फिल्मसिटी बेगूसराय के बैनर तले आयोजित पुण्यतिथि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने वाले तेघड़ा के नवनिर्वाचित विधायक रजनीश कुमार ने कहा कि बीहट साहित्य, सनातन, संस्कृति तथा संस्कार की भूमि रही है।

बीहट के ही लाल स्मृतिशेष विन्देश्वरी सिंह गवैया ने कीर्तन को शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचाया था। उनकी विषय संकीर्तन के विरासत के डिजीटलीकरण की पहल होगी। उनकी स्मृति में बीहट में स्मृति द्वार का निर्माण किया जायेगा। स्वामी चिदात्मन जी ने कहा कि कीर्तनकारों के लिए गवैयाजी प्रेरणा के पुंज हैं।गवैया जी के शिष्य जगमोहन ठाकुर तथा आनंद नारायण शरण उर्फ अशोक, रामाश्रय सिंह समेत अन्य ने अपने संस्मरणों को रखते हुए कहा कि उनके कीर्तन को लोग एकाग्रचित्त होकर सुनते थे। कीर्तन में विषय कीर्तन के वे जनक थे। विषय कीर्तन की रचना भी वे खुद करते थे और सुर-ताल-लय से आबद्ध कर गाते थे। रामाश्रय सिंह ने बिनोजी हरिनाम के प्रेमी, कीर्तनियां के प्राण, कीर्तन के सम्राट दुलरूवा, संत-सपूत महान गाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। लोगों ने स्मृतिशेष बिन्देश्वरी सिंह गवैया व राष्ट्रकवि दिनकर जी के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किया। सांस्कृतिक, साहित्यिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 40 लोगों को कीर्तन सम्राट विन्देश्वरी सिंह सम्मान से सम्मानित किया गया। मौके पर गवैया जी के जीवनवृत्त तथा उनसे जुड़े संस्मरणों पर आधारित एक स्मारिका का विमोचन भी आगत अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमिय कश्यप ने की। आगत अतिथियों का स्वागत प्रो. पी. के. झा प्रेम ने किया। रामकृष्ण ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर रवीन्द्र ब्रह्मचारी, सत्यानंद जी, संतोष कुमार, बबलू आनंद, रंजीत गुप्त, देवानंद सिंह, राजीव वत्स, सरोज कुमार चैधरी समेत अन्य मौजूद थे।

शहीद अरविंद पाठशाला का स्थापना दिवस आयोजित

नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के पहसारा पूर्वी पंचायत के गम्हरिया में शहीद मेजर अरविंद बजाला की पुण्यतिथि के मौके से अरविंद बजाला पाठशाला का पांचवां स्थापना दिवस समारोह रविवार को मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष अमन कुमार तथा संचालन कौशल मनीष मोहक ने किया। उपस्थित गणमान्य ने शहीद मेजर अरविंद बजाला के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में विंग कमांडर रंजीत कुमार ने उनके देश सेवा की चर्चा कर उनकी शहादत को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रवाद के नाम पर छदम राष्ट्रवादी झंडे और नारे के बदौलत राष्ट्रवाद का राग अलापते हैं।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत मालिक का मिला मोबाइल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। डंडारी पुलिस ने महीनों से खोए हुए तीन व्यक्ति का खोया हुआ मोबाइल फोन को पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद कर मोबाइल धारक को सुपुर्द किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि मई माह में एक व्यक्ति के द्वारा मोबाइल फोन खो जाने को लेकर आवेदन दी थी।

जिसके बाद डंडारी थाना के पुलिस के द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोजबीन कर शनिवार को डंडारी थाना में मोबाइल धारक को उनका खोया हुआ मोबाइल फोन लौटाकर उनके चेहरे की मुस्कान को वापस लौटाया। जिसके बाद खोए हुए मोबाइल फोन को पाकर मोबाइल मालिक के चेहरे पर सचमुच मुस्कान लौट आई। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत प्रतारपुर गांव निवासी देवन यादव का पुत्र पप्पू कुमार का फोन मई माह में घर से डंडारी चैक पर आने के क्रम में उनका मोबाइल फोन गिर गया था। इसके साथ ही डंडारी के कुमोद कुमार का फोन सितंबर माह में खो गया था। इसके साथ ही डंडारी निवासी अंशु कुमार का मोबाइल फोन एक सप्ताह पूर्व ही खोया था। जिसके बाद उक्त पीड़ित के द्वारा डंडारी थाना में आवेदन देकर सूचना दर्ज कराई गई थी। दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस के द्वारा तकनीकी शाखा की मदद से मोबाइल फोन को खोजा गया। जिसके बाद शनिवार को डंडारी थाना में अधिकारियों के द्वारा खोए हुए मोबाइल फोन को उनके मोबाइल फोन के वास्तविक धारक को सुपुर्द कर उनके मुस्कान को वापस लौटाया गया। वहीं मोबाइल धारक ने अपने खोए हुए फोन को पाकर पुलिस को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद का वार्षिकोत्सव आयोजित

पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा पटना स्थित एक विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में एक स्टॉल के माध्यम से जन-सामान्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभिवर्धित करने का प्रयास किया गया। नोट्रेडेम एकेडमी, पटना में दिनांक 29 नवम्बर, 2025 से 30 नवम्बर, 2025 तक आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राएं, शिक्षकगण, अभिभावकगण के अतिरिक्त दर्शकों के लिए यह स्टॉल आकर्षण का एक केन्द्र बना रहा। पर्षद् के वैज्ञानिकों द्वारा आगन्तुकों को स्टॉल पर प्रदर्शित परिवेशीय वायु की गुणवत्ता ज्ञात करने में प्रयुक्त PM10 एवं PM2.5 तथा ध्वनि मापक यंत्रों के परिचालन के बारे में बताया गया। राज्य पर्षद् द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रकाशित 8 प्रकार के रंगीन फोल्डरों को जन-सामान्य के सूचनार्थ रखा गया था। स्टॉल में प्रदर्शित फ्लैक्स तथा परिसर में लगाये गये विभिन्न विषयों के स्टैंडी के माध्यम से जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अतिरिक्त राज्य पर्षद् की अपील का पुनः स्मरण कराया गया।

धूमधाम से मना पंचमुखी हनुमान मंदिर का तृतीय वर्षगांठ

साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।। थाना परिसर में स्थापित पंचमुखी हनुमान मंदिर के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को हनुमान आराधना एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्वान पंडित बागेश्वर मिश्र द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। यजमान थाना के चौकीदार मनोज यादव ने बताया कि थाना परिसर में स्थापित संकट मोचन हनुमान जी का यह पंचमुखी मंदिर का आज स्थापना का 3 वर्ष पूरा हुआ। इस कार्य के लिए क्षेत्र की जनता तथा मुख्य रूप से तत्कालीन थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उदय कुमार को बधाई दी और कहा कि उनके अथक प्रयास से इस मंदिर का निर्माण हो सकता है। इस दौरान हनुमान आराधक सह संगीत शिक्षक जयप्रकाश सागर ने भजन कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान थाना अध्यक्ष राजन कुमार द्वारा जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर केसरिया थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उदय कुमार की मौजूदगी कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

भूमि व आपसी विवाद में विभिन्न गांवों में मारपीट की घटनाओं में 16 लोग घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा (सारण)। एकमा पुलिस अंचल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भूमि व आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटनाओं में 16 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का को उपचार हेतु एकमा सीएचसी में लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ इरफान अहमद द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में रसूलपुर थाना क्षेत्र के चपरैठा गांव निवासी सोनू कुमार गिरि, शशि कुमार गिरि, रविकांत गिरि, शशिकांत गिरि, उदित कुमार भारती, उत्तम गिरि, एकमा थाना क्षेत्र के फुचटीकला गांव निवासी सुमित कुमार, रामशंकर राय, प्रिंस कुमार, अंकित कुमार, बतन राय, प्रमोद राय, प्रभात कुमार राय, श्रीभगवान राय, श्रीराम रायदाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी अलिजा शामिल हैं।

संत माइकल्स एकेडमी का 38 वां वार्षिकोत्सव संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेतिया। नगर के रमना मैदान स्थित गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित संत माइकल्स एकेडमी, संत माइकल प्रेप स्कूल के 38 वें वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एसडीपीओ विवेक दीप, विशिष्ट अतिथि आईएमए जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कुमार और विद्यालय के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

अतिथियों का स्वागत प्रतीक एडवीन शर्मा ने किया। इसके बाद स्कूल क्वायर द्वारा स्वागत गीत का सुंदर गायन हुआ, जिसे बच्चों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले स्वर में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर टिंकर बेल प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गिव मी अ बेल टू रिंग पर फेरी फीट की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित अतिथियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रेप सेक्शन के केजी वन और केजी टू के बच्चों ने सूरज सा चमकें हम और स्कूल चलें हम गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सन 2000 के दशक के प्रसिद्ध सर्व शिक्षा अभियान के प्रसारण की याद दिला दी।कार्यक्रम के दौरान संत माइकल्स एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें डांसिंग डॉल, डांसिंग डायनामोज, कव्वाली, सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप जैसे नाटक और बुम्बरो, संस्कृति का महोत्सव जैसी नृत्य प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। वहीं प्रेप सेक्शन ने पार्कल स्टेप स्क्वाएड, लूंगी डांस, ऑर्फनेज जैसे ग्रुप डांस और नाटक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के दौरान संत माइकल्स प्रेप स्कूल की यशा शर्मा और डॉ. कुमारी अंजली ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। उद्घोषक की भूमिका में मोहित कुमार, शिवानी कुमारी, शरण्या मिश्रा, अभिषेक कुमार राव, सृष्टि कुमारी और तन्मय कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निदेशक इमानुएल शर्मा,रेणु शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. कुमारी अंजली, उप प्राचार्य विजय विक्टर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और रोटरी बेतिया सेंट्रल, रोटरी बेतिया टाउन और इनरव्हील क्लब बेतिया के सदस्य भी उपस्थित थे। यह वार्षिकोत्सव विद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्कृष्टता को दशार्ता है और बच्चों के बीच कला और संस्कृतियों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देता है।

सुखलही पैक्स अध्यक्ष पर प्राथमिकी दर्ज, जांच मे जुटी पुलिस

मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सुखलही पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता ने बताया कि बीसीओ नीरज कुमार के आवेदन पर पैक्स अध्यक्ष द्वारा अवैध राशि की वसूली की मंशा रखने,सरकार और सरकारी पदाधिकारीयो की छवि धूमिल करने के आरोप में सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बीसीओ ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि अखबार मे ष्धान खरीदारी में कमीशन को लेकर सुखलही पैक्स अध्यक्ष का ऑडियो वायरलष् शीर्षक मे प्रकाशित खबर के आलोक में त्रिस्तरीय जांच दल द्वारा जांच की गई। जांचोपरांत मामला सत्य पाया गया।जांच दल द्वारा वायरल ऑडियो को सत्य पाते हुए सुखलही पैक्स अध्यक्ष पर कानूनी कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है।

अपाची बाइक सवार अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने एक व्यक्ति को मारी गोली, मौके पर हुई मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

- पुलिस लाइन के समीप की घटना, स्थानीय लोगों ने कहा हमलोग हमलावर को देखते रह गए

छपरा (सारण)। बिहार के छपरा में सारण पुलिस को चुनौती देते हुए अपराधियों ने दिन दहाड़े एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। चर्चा के अनुसार शहर के बीचों बीच अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी है, जो पुलिस के खुली चुनौती है।

गोली मारने वाला अपराधी अपाची मोटर साइकिल पर सवार होकर पीछे से व्यक्ति को गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि गोली लगने के बाद वह इधर उधर भागने के दौरान एक दुकान के अंदर चला गया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि पुलिस लाइन के चहारदीवारी के पास ही अपराधियों द्वारा दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के समीप की बताई जा रही है। हालांकि इसकी सूचना मिलते ही पुलिस लाइन के पुलिस कर्मी और स्थानीय नगर थाने की पुलिस पहुंच कर जांच में जुट गई है। जब इसकी जानकारी सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष को मिली तो मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। वहीं एसडीपीओ सदर सहित दर्जनों अधिकारी पहुंच कर छानबीन में जुटे हुए हैं। हालांकि डॉग स्क्वायर और एफएसएल की टीम को बुलाकर वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, जिस कारण मामला और जटिल हो गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही अपराधियों की पहचान में जुट गई है। दिनदहाड़े पुलिस लाइन के पास हुई हत्या ने शहर में सनसनी फैला दी है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। हालांकि सारण पुलिस यह दावा कर रही है कि जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

भारत को दोहरी चोट... चीन-जापान से ज्यादा बोझ, जीरो टैरिफ वाले सामान का भी बुरा हाल

इन उत्पादों के निर्यात में सबसे बड़ी गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी।
अमेरिकी टैरिफ ने भारतीय निर्यात को बड़ा झटका दिया है। मई से अक्टूबर 2025 के बीच शिपमेंट में 28.5 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। जीरो टैरिफ वाले उत्पादों में भी 25.8 प्रतिशत की कमी देखी गई। थिंक टैंक जीटीआरआई ने सरकार से निर्यात प्रोत्साहन मिशन को जल्द शुरू करने और अमेरिका से अतिरिक्त टैरिफ हटाने के लिए माहौल बनाने को कहा है। अमेरिकी टैरिफ भारत के लिए दोहरी चोट साबित हुए हैं। एक ओर जहां चीन और जापान के मुकाबले भारत पर टैरिफ का बोझ बहुत ज्यादा है। वहीं, जीरो टैरिफ वाले उत्पादों के निर्यात में भी भारी गिरावट आई है। अमेरिका की तरफ से लगाए गए भारी टैरिफ के कारण भारत के निर्यात को बड़ा झटका लगा है। मई से अक्टूबर 2025 के बीच अमेरिका को होने वाले भारतीय शिपमेंट में गिरावट 8.83 अरब डॉलर से घटकर 6.31 अरब डॉलर पर आ गई है। अमेरिका ने अप्रैल 2025 में 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। जिसे अगस्त में बढ़ाकर 25 प्रतिशत और फिर उसी महीने के अंत तक 50 प्रतिशत कर दिया गया। इस वजह से भारतीय सामान अमेरिका के लिए सबसे ज्यादा टैक्स वाले उत्पादों में से एक बन गए। जीटीआरआई की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन पर लगभग 30 प्रतिशत और जापान पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगे हैं।

इस दौरान, भारत के अमेरिका को होने वाले निर्यात को जीटीआरआई ने तीन टैरिफ श्रेणियों में बांटा है। पहली श्रेणी में वे उत्पाद हैं जिन पर कोई टैरिफ नहीं लगा, जैसे स्मार्टफोन, दवाएं और पेट्रोलियम उत्पाद। अक्टूबर के निर्यात में इनका हिस्सा 40.3 प्रतिशत था। लेकिन, फिर भी इनमें 25.8 प्रतिशत की गिरावट आई। मई में यह 3.42 अरब डॉलर था, जो अक्टूबर में घटकर 2.54 अरब डॉलर रह गया। यानी 88.1 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ। दूसरी श्रेणी में वे उत्पाद थे जिन पर दुनिया भर में एक जैसे टैरिफ लगे थे। इनमें मुख्य रूप से लोहा, स्टील, एल्यूमीनियम, तांबा और ऑटो पार्ट्स शामिल थे। अक्टूबर के निर्यात में इनका हिस्सा सिर्फ 7.6 प्रतिशत था। मई में यह 62.9 करोड़ डॉलर था, जो अक्टूबर में घटकर 48 करोड़ डॉलर रह गया। इसमें लगभग 14.9 करोड़ डॉलर की कमी आई। निर्यात में सबसे बड़ी गिरावट उन उत्पादों में देखी गई जिनमें ज्यादा मेहनत लगती है। जैसे र प्रतिशत और आभूषण, सोलर पैनल, टेक्सटाइल और गारमेंट, केमिकल और समुद्री भोजन। इन उत्पादों पर भारत को अकेले 50 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ा। अक्टूबर के निर्यात में इनका हिस्सा 52.1 प्रतिशत था। लेकिन, इनमें 31.2 प्रतिशत की भारी गिरावट आई। मई में यह 4.78 अरब डॉलर था, जो अक्टूबर में घटकर 3.29 अरब डॉलर रह गया। यानी सिर्फ पांच महीनों में लगभग 1.5 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। यहां तक कि जिन उत्पादों पर कोई टैरिफ नहीं था, उन पर भी असर पड़ा। भारत से अमेरिका को जाने वाले सबसे बड़े उत्पाद स्मार्टफोन में 36 प्रतिशत की गिरावट आई। मई में यह 2.29 अरब डॉलर था, जो अक्टूबर में घटकर 1.50 अरब डॉलर रह गया। इसमें लगभग 79 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ। जीटीआरआई के अनुसार, मासिक निर्यात जून में 2 अरब डॉलर से शुरू होकर जुलाई में 1.52 अरब डॉलर, अगस्त में 96.48 करोड़ डॉलर, सितंबर में 88.46 करोड़ डॉलर तक गिरता रहा और अक्टूबर में 1.5 अरब डॉलर पर थोड़ा सुधरा। हालांकि, इसके पीछे का कारण नहीं बताया गया है।

क्या कर सकता है भारत

जीटीआरआई ने सरकार से एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन को जल्द से जल्द शुरू करने और अमेरिका से भारत पर लगाए गए रूस से जुड़े 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ को हटाने की मांग करने का आग्रह किया है। जीटीआरआई ने बताया कि मार्च में घोषित और 12 नवंबर को कैबिनेट की ओर से स्वीकृत यह मिशन अभी भी सिर्फ कागजों पर है। वित्तीय वर्ष के लगभग आठ महीने बीत जाने के बाद भी कोई भी योजना चालू नहीं हुई है। वहीं, मार्केट एक्सेस इनिशिएटिव और इंटरेस्ट इक्वलाइजेशन स्कीम जैसे लंबे समय से चल रहे कार्यक्रमों से इस साल कोई भुगतान नहीं हुआ है। जीटीआरआई का मानना है कि मिशन का वार्षिक फंड 4,200 करोड़ रुपये से कम होने के कारण यह अपने लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाएगा। तब तक जब तक कि सरकार जल्दी से दिशानिर्देश जारी न करे, नियमित भुगतान बहाल न करे और निर्यातकों को साफ पात्रता नियम और समयसीमा न दे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट ने इसी महीने एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) को मंजूरी दी है। यह मिशन 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित एक प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करना है। पहली बार निर्यात करने वालें और श्रम-गहन क्षेत्र शामिल हैं। इस मिशन के लिए 2025-26 से 2030-31 तक कुल 25,060 करोड़ रुपये का प्रावधान है। जीटीआरआई ने तर्क दिया है कि 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ को हटाने से भारतीय सामानों पर लगने वाला प्रभावी अमेरिकी टैरिफ आधा होकर 25 प्रतिशत रह जाएगा।

1 साल की एफडी पर करीब 8 प्रतिशत तक ब्याज दे रहे 10 बैंक

FIXED DEPOSIT

नई दिल्ली, एजेंसी। निकट भविष्य में फिक्स्ड डिपॉजिट में अपनी जमा पूंजी को इन्वेस्ट करके बेहतर रिटर्न पाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है। दरअसल, देश के कई बड़े प्राइवेट और सरकारी बैंक अपने ग्राहकों को 1 साल की एफडी पर करीब 8 पर्सेंट तक का ब्याज दे रहे हैं। अगर डीसीबी बैंक की बात करें तो यह अपने सामान्य ग्राहकों को 1 साल की एफडी पर 7.25 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 7.75 पर्सेंट तक ब्याज दे रहा है। आइए जानते हैं ऐसे ही 10 सबसे ज्यादा ब्याज देने वाले बैंकों के बारे में विस्तार से। तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक 1 साल की एफडी पर अपने सामान्य ग्राहकों को 7.25 पर्सेंट जबकि अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 7.75 पर्सेंट तक ब्याज दे रहा है। जबकि केनरा बैंक 1 साल की एफडी पर अपने सामान्य ग्राहकों को 7 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 7.50 पर्सेंट तक का ब्याज दे रहा है। इसके अलावा, कर्नाटक बैंक 1 साल की एफडी पर अपने सामान्य ग्राहकों को 7 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 7.40 पर्सेंट तक ब्याज दे रहा है। दूसरी ओर डॉयचे बैंक 1 साल की एफडी पर अपने सामान्य ग्राहकों को 7 पर्सेंट जबकि अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को भी इतना ही ब्याज दे रहा है।

फिक्की की कमान अनंत गोयनका के हाथों में

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडस्ट्री चेंबर फिक्की में नए नेतृत्व ने कमान संभाल ली है। आरपीजी ग्रुप के वाइस चेयरमैन अनंत गोयनका ने शनिवार को 2025-26 के लिए फिक्की अध्यक्ष का पद संभाल लिया। उन्होंने इमामी लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और एमडी हर्षवर्धन अग्रवाल का स्थान लिया है। यह जानकारी फिक्की द्वारा जारी बयान में दी गई। फिक्की के अनुसार अनंत गोयनका ने कैलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए किया है और यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिल्वेनिया के व्हार्टन स्कूल से अर्थशास्त्र में बीएस डिग्री हासिल की है।संस्थान में अन्य शीर्ष पदों पर भी नई नियुक्तियां हुई हैं। द सनमार ग्रुप के चेयरमैन विजय शंकर ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाला है। डालमिया भारत लिमिटेड के एमडी और सीईओ पुनीत डालमिया को फिक्की का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

8वें वेतन आयोग में पेंशन पर कर्मचारियों की बढ़ी टेंशन

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार के कर्मचारी और पेंशनभोगी हाल ही में जारी किए गए 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ़ रेफरेंस में दिख रही विसंगतियों को लेकर चिंतित हैं। विभिन्न कर्मचारी यूनियनों ने सरकार को पत्र लिखकर बताया है कि इस बार अ्श्क्रमें कई महत्वपूर्ण बिंदु पिछले वेतन आयोगों की तुलना में या तो गायब हैं या अस्पष्ट रखे गए हैं। इन यूनियनों और संगठनों ने वेतन संशोधन, पेंशन व्यवस्था, एनपीएस/यूपीएस से संबंधित प्रावधान, डीए एरियर, दया नियुक्ति और ट्रेड यूनियन अधिकार जैसी कई महत्वपूर्ण बातों पर स्पष्टता की कमी को लेकर आपत्ति जताई है। इसी कारण कर्मचारी और पेंशनभोगी सरकार की मंशा को लेकर असमंजस में हैं। अब जब संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरू होने वाला है, कर्मचारियों और पेंशनरों की उम्मीदें इस सत्र से जुड़ी चर्चाओं पर टिकी हैं। लोकसभा और राज्यसभा में कई सांसद इन मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछने वाले हैं, जिससे स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है। अगले हफ्ते वित्त मंत्रालय इन प्रमुख मुद्दों पर आधिकारिक तौर पर जवाब देगा। राज्यसभा की वेबसाइट पर दर्ज प्रश्नों में सांसद जावेद अली खान और रामजी लाल सुमन ने सरकार से पूछा है कि क्या 8वें वेतन आयोग के टीओआर से पेंशन संशोधन को हटा दिया गया है इस सवाल के बाद अ्श्क्रपर गंभीर बहस छिड़ गई है। पहले के सभी वेतन आयोगों में पेंशन संशोधन का स्पष्ट उल्लेख होता था, लेकिन इस बार 8वें सीपीसी के अ्श्क्रमें यह हिस्सा नजर नहीं आ रहा है। इस अस्पष्टता ने पेंशनभोगियों में आशंका पैदा कर दी है कि कहीं इस बार पेंशन संशोधन को आयोग के कार्यक्षेत्र से बाहर तो नहीं कर दिया गया है। राज्यसभा में उठे सवाल में सरकार से सीधे पूछा गया है कि क्या पेंशन संशोधन प्रस्तावित नहीं है और अगर ऐसा है तो इस ऐतिहासिक बदलाव की वजह क्या है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि यह बदलाव लाखों पेंशनभोगियों के लिए चिंता का विषय है। सांसदों ने एक और महत्वपूर्ण मुद्दा

कमर्शियल वाहनों की बिक्री ने भरी उड़ान

नई दिल्ली, एजेंसी।
वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मिले-जुले संकेत लेकर आए हैं। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े बीती छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। नए आंकड़ों में जहां कमर्शियल वाहनों और कृषि क्षेत्र में तेजी की बात है, वहीं निजी कारों की सुस्त बिक्री ने मध्यम वर्ग की चुनौतियों को भी उजागर किया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही मिले-जुला लेकिन उत्साहजनक संकेत लेकर आई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों ने एक दिलचस्प तस्वीर पेश की है। एक ओर कमर्शियल वाहनों की बढ़ती आवाजाही और निर्माण क्षेत्र में आई तेजी ने औद्योगिक गतिविधियों को नई रफ्तार दी है, वहीं दूसरी ओर, निजी कारों की घटती बिक्री ने मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आइए, सरकार की ओर से जारी वृद्धि दर के ताजा आंकड़ों की पड़ताल कर समझते हैं, आम आदमी के लिए इसका क्या मतलब है। हम यह भी जानेंगे कि अर्थव्यवस्था के उम्मीद से बेहतर आंकड़ों के बावजूद मध्यम वर्ग अब भी क्यों चुनौतियों से जूझ रहा है

अर्थव्यवस्था की लाइफलाइन में लौटी जान: अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ी राहत की खबर लॉजिस्टिक्स सेक्टर से आई है। कमर्शियल वाहनों की बिक्री, जिसे आर्थिक गतिविधियों का बैरोमीटर माना जाता है, ने जबरदस्त वापसी की है। पिछले साल समान तिमाही में कमर्शियल वाहनों की बिक्री में 10.7 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई थी। लेकिन इस साल तस्वीर पूरी तरह बदल गई है और इसमें 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

अगले हफ्ते खुल रहा मीशो का आईपीओ

नई दिल्ली, एजेंसी।
अगर आप आईपीओ में दांव लगाने का इंतजार कर रहे हैं तो अगले हफ्ते मीशो का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। मीशो का आईपीओ दांव लगाने के लिए बुधवार 3 दिसंब से खुल रहा है और यह 5 दिसंबर तक ओपन रहेगा। मीशो के शेयर अभी से ग्रे मार्केट में जबरदस्त परफॉर्मेंस दिखा रहे हैं। मीशो के शेयर ग्रे मार्केट में 33 पर्सेंट से ज्यादा के प्रीमियम के साथ कारोबार कर रहे हैं। कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज दोनों प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

आईपीओ में मीशो के शेयर का दाम 111 रुपये है। वहीं, ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर अभी से 37.50 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। अगर मौजूदा ग्रे मार्केट प्रीमियम के हिसाब से देखें तो मीशो के शेयर 148 रुपये के ऊपर बाजार में लिस्ट हो सकते हैं। मीशो के आईपीओ में शेयरों का अलॉटमेंट 8 दिसंबर 2025 को फाइनल हो सकता है। वहीं, कंपनी के शेयर बुधवार 10 दिसंबर को बाजार में लिस्ट हो सकते हैं। मीशो के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 5421.20 करोड़ रुपये तक का है। मीशो के आईपीओ में आम निवेशक (रिटेल इनवेस्टर) कम से कम 1 लॉट और अधिकतम 13 लॉट के लिए दांव लगा सकते हैं। आईपीओ की 1 लॉट में 135 शेयर हैं। यानी, आम निवेशक को 1 लॉट के लिए 14,985 रुपये का निवेश करना होगा। आईपीओ के 13 लॉट में टोटल 1755 शेयर हैं। मीशो की शुरुआत साल 2015 में हुई है। मीशो लिमिटेड एक मल्टी-साइडेड टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म है।

बस 2700 रुपये दूर... उसके बाद सोना बना लेगा नया रेकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी।
सोने में पिछले कुछ दिनों से तेजी आ रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव लगातार चौथे महीने ऊपर बंद हुआ। शुक्रवार को एमसीएक्स पर फरवरी 2026 की एक्सपायरी वाले सोने के फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट का भाव 1,932 रुपये या 1.51 प्रतिशत बढ़कर 1,29,599 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। यह भाव 17 अक्टूबर 2025 को दर्ज की गई 1,32,294 प्रति 10 ग्राम की रेकॉर्ड ऊंचाई से करीब 2,700 रुपये कम है। यानी 2700 रुपये और बढ़ते ही सोना नए शिखर पर पहुंच जाएगा।

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरें घटाए जाने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। ऐसे में पिछले हफ्ते भारत और दुनिया भर के बाजारों में सोने की कीमतों में जोरदार खरीदारी देखी गई। अगले महीने होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मीटिंग में 25 बेसिस पॉइंट की ब्याज दर कटौती की संभावना बढ़कर 87 प्रतिशत हो गई है। जानकारों के मुताबिक अमेरिकी डॉलर के भाव में गिरावट और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की वजह से पैदा हुई राजनीतिक अनिश्चितता के कारण भी सोने का भाव बढ़ रहा है।

वेडिंग सीजन के कारण भी कीमत में तेजी

भारत में इस समय शादियों का सीजन चल रहा है। इसके कारण भी सोने की कीमत में तेजी आई है। भारत में नवंबर की शुरुआत से मध्य दिसंबर 2025 तक करीब 45 से 50 लाख शादियां होनी हैं। शादियों में सोने की मांग बढ़ जाती है। इस कारण भी सोने की कीमत में तेजी आ रही है। हालांकि सोने महंगा होने के कारण कम कैरेट के सोने की डिमांड बढ़ गई है। लेकिन खरीदारी बनी हुई है।

आगे क्या रहेगी कीमत

पिछले हफ्ते प्रमुख एशियाई बाजारों में सोने की मांग कम रही। ऊंची कीमतों के कारण खुदरा खरीदारों ने कम खरीदारी की, भले ही भारत में शादी का मौसम शुरू हो गया था। चीन में सोने की खरीद पर टैक्स छूट हटाए जाने से ग्राहकों की दिलचस्पी कम हुई। लेकिन फेड रिजर्व की ब्याज कटौती की संभावना को देखते हुए सोने में तेजी आ सकती है। एक्सपर्ट के मुताबिक अगर घरेलू कीमतें 1,30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (फरवरी 2026 अनुबंध) से ऊपर बनी रहती हैं, तो सोना 1,34,000 रुपये प्रति 10 ग्राम या इससे भी ऊपर पहुंच सकता है।

भारत की अर्थव्यवस्था रफ्तार पर, 8.2 प्रतिशत जीडीपी दर ने आलोचनाओं को किया खारिज

नईदिल्ली, एजेंसी।
वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जारी हुई जीडीपी आंकड़ों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी सुधारों और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने से दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। गोयल ने दावा किया कि व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का निर्यात अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि विकास के आंकड़ों ने कुछ वर्गों की ओर से किए गए दावों को खारिज कर दिया है। यह दर्शाता है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हम निरंतर वृद्धि देखना जारी रखेंगे। गोयल ने बताया कि भारत के जीएसटी में भी इस वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्तूबर के दौरान उच्च वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान वस्तु निर्यात मामूली रूप से 0.63 प्रतिशत बढ़कर 254.25 अरब डॉलर हो गया, व आयात 6.37 प्रतिशत बढ़कर 451.08 अरब डॉलर हो गया। इस वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान, सेवाओं का निर्यात 237.55 अरब डॉलर रहा, वहीं अप्रैल-अक्तूबर 2024 में यह 216.45 अरब डॉलर था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कि इससे पूर्व अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के बाद आई है। इससे भारत को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था का खिताब बरकरार रखने में मदद मिली है।

यह उछाल त्योहारों से पहले बढ़ी खपत और हाल में लागू जीएसटी सुधारों से संभव हुआ, जिसने बाजार में अतिरिक्त मांग पैदा की और आर्थिक गतिविधियों को गति दी। यह विस्तार, चीन के 4.8 प्रतिशत से अधिक रहा। यह उच्च सार्वजनिक निवेश, सेवाओं की मांग, औद्योगिक उत्पादन और फर्म उपभोग के अलावा निम्न आधार के सांख्यिकीय प्रभावों (पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था औसत से कम 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी) के कारण हुआ।

विनिर्माण उत्पादन में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.7 प्रतिशत और पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत थी। वहीं निर्माण क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी।

मिलावट देख बढ़ी बेचैनी...छोड़ दी नौकरी और शुरू किया काम, अब 2 करोड़ की कमाई पर नजर

नई दिल्ली, एजेंसी।
भारतीय रसोई में मसालों को सुगंध और स्वाद का आधार माना जाता है। हालांकि, अक्सर ये मिलावट का शिकार होते हैं। इस चौंकाने वाली सच्चाई से बेचैन होकर केरल के श्रीकुमार मारंगघट सांभु ने एक क्रांतिकारी कदम उठाया। तब तक वह एचसीएल और कैपजेमिनी जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में लंबा तकनीकी करियर बना चुके थे।

उन्होंने शुद्ध, प्रामाणिक और प्रीमियम मसालों का ब्रांड वायनाडक्राफ्ट स्पाइसेज एंड हैंडीक्राफ्ट्स की नींव रखी। 2023 में स्थापित यह ऑर्गेनिक डी2सी फूड ब्रांड सीधे वायनाड के उनके पैतृक फार्म से उत्पाद बेचता है। इसका मुख्य टारगेट मिलावटी मसालों का शुद्ध विकल्प देना है। यह ब्रांड न केवल शुद्धता सुनिश्चित करता है, बल्कि किसानों को सशक्त बनाने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर भी फोकस करता है। इसके चलते वित्त वर्ष 2025-26 में इसका 2 करोड़ का वार्षिक राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य है। आइए, यहां श्रीकुमार मारंगघट सांभु की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

भारतीय मसाला उद्योग में मिलावट की डरावनी सच्चाई ने श्रीकुमार को झकझोर दिया। आईआईएम कलकत्ता और आईबीएमआई से पढ़े श्रीकुमार ने 2003 से एचसीएल, कैपिजिमिनी और माइक्रोलैंड जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में एक लंबा और सफल कॉर्पोरेट करियर बनाया। अपनी यात्राओं के दौरान उन्होंने महसूस किया कि शहरी उपभोक्ता अशुद्ध मसालों के खतरों से पूरी तरह अनजान हैं। इनमें कीटनाशक और गैर-खाद्य पदार्थ मिले होते हैं। केरल के वायनाड में अपने पैतृक फार्म पर शुद्ध जीवन बिताने की यादों से प्रेरित होकर श्रीकुमार ने 2023 में वायनाडक्राफ्ट स्पाइसेज एंड हैंडीक्राफ्ट्स की शुरुआत करने का फैसला लिया। उनका मुख्य उद्देश्य बाजार में नकली दालचीनी (जो अक्सर कैसिया बार्क से बनी होती है) और अन्य मिलावटी मसालों की ओर से छोड़े गए अंतर को भरना था। इस सिद्धांत पर कि वाणिज्यिक लाभ उनके लिए सेकेंडरी है।

ऐसे जीता ग्राहकों का भरोसा

अपने कॉर्पोरेट काम को जारी रखते हुए श्रीकुमार ने वायनाड में अपने परिवार के 1978 से चल रहे मिश्रित-फसल बागान पर फोकस किया, जो 20 वर्षों से अधिक समय से जैविक और टिकाऊ खेती की पद्धतियों का सख्ती से पालन कर रहा था। शुरुआत में उन्होंने अपनी उपज थोक बाजार में बेची। लेकिन, जल्द ही महसूस किया कि यह कदम उनके प्रामाणिकता के मूल सिद्धांत के उलट था। इसके बाद उन्होंने मसालों की खुद ही पैकेजिंग शुरू की और छोटे खुदरा पाउच बनाकर उन्हें वायनाड से बेंगलुरु तक पहुंचाया। उन्होंने जीएसटी, एफएसएसएआई और एनपीओपी/पीजीएस-इंडिया जैसे जैविक प्रमाणन प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की। श्रीकुमार ने खुद को केवल एक ब्रांड के रूप में पेश करने के बजाय मिलावट के दुष्परिणामों के बारे में उपभोक्ताओं को शिक्षित करने पर फोकस किया।

इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए एमयू के चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुंगेर। विश्वविद्यालय मुंगेर के स्पोर्ट्स कैलेंडर 2025 -2026 के अनुसार इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन आरडी एंड डीजे कॉलेज द्वारा नवंबर 28 से नवंबर 29, 2025 तक किया गया। यह ज्ञातव्य है कि आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ बिजेंद्र कुमार के नेतृत्व में बॉव्यज कॉमन रूम के न्यू बैडमिंटन कोर्ट पर दो दिवसीय टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग में डीएसएम कॉलेज झाझा विजेता रहा जबकि महिला वर्ग में जेआरएस कॉलेज विजेता रही। जबकि दोनों ही वर्ग में आरडी एंड डीजे कॉलेज उपविजेता रहा। आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर के स्पोर्ट्स सेक्रेटरी मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि ईस्ट जोन का इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन संबलपुर यूनिवर्सिटी उड़ीसा में किया जाएगा। पुरुष बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 17 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा जबकि महिला वर्ग का इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट 20 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। मुंगेर विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज टूर्नामेंट के सफल आयोजन के बाद आज पुरुष और महिला वर्ग के चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। सिलेक्शन कमेटी में चीफ रेफरी के रूप में मुंगेर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के वीरेंद्र भारती, चयनकर्ता के रूप में बीआरएम कॉलेज के डॉ रामरेखा, आब्जर्वर के रूप में मुंगेर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ शहीद राजा जमाल और आरडी एंड डीजे कॉलेज के कीड़ा सचिव मुनींद्र कुमार सिंह थे।

R.D. & D.J. COLLEGE, MUNGER UNIVERSITY, MUNGER
Organising
Inter - College Badminton (M&W) Tournament 2025-2026
Date : November 28 to November 29, 2025
Venue : Boys Common Room (New Badminton Court)
Chief Guest
Prof. (Dr.) Sanjoy Kumar
Guest of Honour
Prof. (Dr.) Maheshwar Mishra
Dr. Ghanshyam Roy
Prof. (Dr.) Bijendra Kumar
Principal, R.D. & D.J. College, Munger

SPORTS COUNCIL
R.D. & D.J. COLLEGE, MUNGER UNIVERSITY, MUNGER
Organising
10
5

पुरुष वर्ग में चयनित खिलाड़ियों की सूची

उत्सव कुमार - डीएसएम कॉलेज झाझा
आकाश कुमार -डीएसएम कॉलेज झाझा
महमूद आलम-आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर
फरहान अख्तर-आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर
कुमार शुभम प्रकाश- केएसएस कॉलेज लखीसराय
उमंग शर्मा - केएसएस कॉलेज लखीसराय
अनिमेष कुमार झा- आरएस कॉलेज तारापुर

जेआरएस कॉलेज से सूरज कुमार और कोशी कॉलेज खगड़िया से कुमार शुभम दीप को स्टैंड बाय में रखा गया है।

इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए महिला वर्ग के चयनित खिलाड़ियों की सूची

गुड़िया कुमारी-जेआरएस कॉलेज जमालपुर
रिया बनर्जी -जेआरएस कॉलेज जमालपुर
ईंशा खान -आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर
तेजस्विता कुमारी -आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर
आदित्या श्रीवास्तव - डीएसएम कॉलेज झाझा

महिला कॉलेज खगड़िया से लवली कुमारी और चिंकी कुमारी को स्टैंडबाई में रखा गया है। सिलेक्शन कमिटी और मुंगेर विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स सेक्रेट्री डॉक्टर संजय मांझी ने इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय 10 दिन के कैंप करने का सुझाव दिया है ताकि खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारा जा सके और टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन हो सके। चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी होने के बाद मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो डॉ महेश्वर मिश्रा ने कहा कि खिलाड़ियों को ससमय सुविधा प्रदान की जाएगी। मुंगेर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ घनश्याम राय ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत और अभ्यास करना चाहिए। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार ने कहा कि पिछले वर्ष क्रिकेट में मुंगेर विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था, उम्मीद है कि बैडमिंटन के खिलाड़ी भी इस्ट जोन के इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में भी मुंगेर विश्वविद्यालय की एक पहचान बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को बधाई भी दिया।

प्रो. फारूक़ी ने फुलवारी में असगरिया सिलाई केंद्र का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। नॉलेज एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तहत संचालित असगरिया सिलाई केंद्र, पेट्रोल लाइन ईसापुर का अवलोकन जामिया हमदर्द, नई दिल्ली के पूर्व कुलपति और जाने-माने शिक्षाविद–सामाजिक चिंतक प्रोफेसर सैयद अली अहमद फारूक़ी ने किया। उन्होंने केंद्र की व्यवस्था, प्रशिक्षण सुविधाओं और महिलाओं को कौशलयुक्त बनाने की पूरी प्रक्रिया का बारीकी से अध्ययन किया। निरीक्षण के बाद प्रो. फ़ारूकी ने कहा कि इस ट्रस्ट द्वारा चलाया जा रहा प्रशिक्षण केंद्र न केवल जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि क्षेत्र के कमजोर वर्गों के लिए भी उम्मीद का मजबूत आधार बन रहा है। उन्होंने ट्रस्ट के अध्यक्ष मुफ़्ती जमालुद्दीन क़ासमी की समर्पित कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा के प्रति उनका निस्वार्थ प्रयास प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। मौके पर मुफ़्ती जमालुद्दीन क़ासमी ने प्रोफेसर फ़ारूक़ी के आगमन और उत्साहवर्धन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि ट्रस्ट का लक्ष्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, विशेषकर महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रो. फारूक़ी की यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमारे संकल्प को और मजबूत बनाती है। कार्यक्रम में मौलाना मुहम्मद रज़ा उल्लाह क़ासमी, खालिद हुसैन समेत कई सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

ASGHAREA SILAI CENTRE

हथियार एवं हत्या का प्रयास समेत विभिन्न मामलों में तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ पुलिस ने फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान के तहत बीते दो दिनों से चलाया जा रहे अभियान के दौरान हथियार, गोलीबारी एवं हत्या का प्रयास समेत कई मामलों में वांछित तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा विभिन्न मामलों में फरार चल रहे चार वारंटी को भी गिरफ्तार किया है।। ऐसे में धनरूआ थाना क्षेत्र के चकजोहरा गांव से हथियार के मामले में सोनू कुमार पिता संजीव प्रसाद को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा धर्मेंद्र बिंद पिता स्वर्गीय विमल बिंद को हत्या के प्रयास मामले में नुसरतपुर गांव से गिरफ्तार किया है।वही गोपाल पासवान यादव जगदीश यादव को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा फरार वारंटियों में कैलेंद्र यादव चकजोहरा, शंभू प्रसाद लछूबिगहा, रामप्रवेश यादव छोटकी धमौल और कांति यादव को रसूलपुर गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मसौढ़ी अनुमंडल के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एक दिसंबर से हड़ताल पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। बिहार राज्य सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ के आह्वान पर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संवर्ग के सभी अधिकारी अपने विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में 1 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। राज्य के सभी सहकारिता पदाधिकारी इस हड़ताल में शामिल होंगे। सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ जिला इकाई के अध्यक्ष शशि कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि पूर्व में हमारे संवर्ग के अधिकारियों की वाजिब मांगों को लेकर विभाग को ज्ञापन सौंपा गया है लेकिन विभाग द्वारा इन मांगों पर संज्ञान नहीं लिए जाने से नाराज सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी संघ व इससे जुड़े अधिकारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होना पड़ा है। संघ से जुड़े अधिकारियों बताया कि सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों के सामूहिक हड़ताल पर जाने से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया प्रभावित होगी। वहीं फरवरी 2026 में होने वाले पैक्स निर्वाचन की प्रक्रिया भी प्रभावित होगी। अपने प्रमुख मांगों के संबंध में बताया कि धान अधिप्राप्ति में निर्दोष सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई पर रोक, संवर्ग को राजपत्रित किये जाने, सहकारिता प्रसाद पदाधिकारियों को वाहन उपलब्ध कराये जाने, पैक्स स्तर पर दक्ष कर्मी बहाल किये जाने, प्रखंड स्तर पर सहकारिता भवन का उपलब्धता, सहायक निबंधक पद को प्रोन्नति से भरे जाने सहित अन्य संवर्ग के समतुल्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्रमुख मांगों में शामिल हैं। मसौढ़ी मंडल से मसौढ़ी प्रखंड से लाल राजीव रंजन, धनरूआ प्रखंड से विकास कुमार और पुनपुन प्रखंड से अमरेंद्र और विपिन कुमार भी शामिल हैं।

हड़ताल
हड़ताल
हड़ताल

बच्चों में शिक्षा की अलख जगा रहा दाउदपुर का शिक्षालय ज्ञान कुटीर

संविधान दिवस के मौके पर हुई शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। दलित वंचितों एवं असंगठित कामगार मजदूर के बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जाग रहा है मसौढ़ी के दाउदपुर मोहल्ले में शुरू हुआ शिक्षालय, ज्ञान कुटीर, जो डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय में शुरुआत की गई है। जहां न केवल उन बच्चों में शिक्षा का अलख जाग रहा है बल्कि उनके भविष्य के संवारने की कोशिश की जा रही है। दरअसल 26 नवंबर यानि संविधान दिवस के मौके पर यह पहल की शुरुआत की गई है। इसके संयोजक धर्मेंद्र रंगकर्मी ने बताया कि निर्धन बच्चों के पढ़ने का सपना पूरा करने के लिए यह ज्ञान कुटीर समर्पित है। जो गरीब बच्चों का भविष्य संवारने के लिए निःशुल्क शिक्षा का ज्ञान वितरण कर देश के उज्ज्वल भविष्य, विकास और प्रगति में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बच्चों के बीच पढ़ा रहे ज्ञान कुटीर के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि यह हमारा सपना था कि हम बच्चों को निशुल्क शिक्षा देंगे, जिसमें मलिन बस्तियों में पहुंचकर बच्चों को चिन्हित किया,जिसमें इस पाठशाला में करीब 60 बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। फिलहाल तीन शिक्षक हैं जिसमें सिद्धनाथ, मनीष और रागिनी कुमारी है जो निस्वार्थ भाव से गरीब असहाय बच्चो को पढ़ाने में अपना योगदान दें रहे है। संस्था अध्यक्ष ने बताया समाज में ऐसे भी गरीब परिवार है जो गरीबी के चलते अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहे इसी को देखते हुए झोपड़पट्टी में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। हमारा संकल्प है कि समाज के हर उस बच्चे तक शिक्षा पहुंचाई जाए, जो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सपना देखा था। इस अभियान में अध्यक्ष सुरेंद्र दास, उपाध्यक्ष राम पुकार, सचिव धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सुजीत दास भी शामिल है।



गांजा व नकद के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दानापुर। रूपसपुर ने गुप्त सूचना पर टहल टोला में छापेमारी कर गांजा के खरीद-बिक्री करने वाले दो तस्कर को 260 ग्राम गांजा व 6,765 रूपये के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लक्ष्मण कुमार व कमलदेव राय टहल टोला रूपसपुर निवासी है। थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि बीते रात गुप्त सूचना मिला कि टलल टोला में गांजा खरीद-बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने टहल टोला में छापेमारी कर 260 ग्राम गांजा के साथ तस्कर कमलदेव राय व लक्ष्मण कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कमलदेव व लक्ष्मण के पास से 6,765 रूपये बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार कमलदेव व लक्ष्मण से पूछताछ के बाद एनडीपीएस के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मसौढ़ी में उर्दू को बढ़ावा देने का ख्वाब हो रहा धूमिल

नहीं है ऊर्दू स्कूलों में शिक्षक, कैसे करें नौनिहाल उर्दू की पढ़ाई

शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। शिक्षा विभाग की ओर से उर्दू को बढ़ावा देने की योजना अनदेखी के कारण धूमिल होती नजर आ रही है। करीब पांच वर्ष पहले मसौढी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में उर्दू को बढ़ावा देने के नाम पर सरकार ने प्राथमिक स्तर से भी हिंदी और अंग्रेजी के साथ-साथ उर्दू भाषा भी पढ़ाने की योजना बनाई थी। इस योजना के तहत प्राइमरी स्कूल एवं मिडिल स्कूलो में भी उर्दू शिक्षक के पद बनाए गए थे। कक्षाओं के हिसाब से उर्दू का पाठयक्रम व पुस्तकें स्कूलों में भेजी जानी थी, लेकिन इस सारी कवायद के बाद भी उर्दू भाषा को कोई बढ़ावा नहीं मिला। उदाहरण के तौर पर मसौढी प्रखंड में मात्र छह उर्दू स्कूल हैं। जिसमें दो उत्क्रमित मध्य विद्यालय हैं और चार प्राइमरी स्कूल हैं,ऐसे में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलिकाना में कक्षा 1 से 5 तक सिर्फ एक शिक्षक हैं। जबकि उर्दू भाषी छात्र-छात्रा 458 हैं। उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज में तीन शिक्षक हैं और छात्र-छात्राओं की संख्या 133 है। ऊर्दू प्राथमिक विद्यालय दनाडा में मात्र एक शिक्षक हैं छात्रों की संख्या 100 से ऊपर है। उर्दू प्राथमिक विद्यालय नदौल में भी मात्र एक या दो शिक्षक हैं और छात्रों की संख्या 50 से अधिक हैं। वहीं ऊर्दू प्राथमिक विद्यालय लखनौर में मात्र दो शिक्षक हैं बच्चों की संख्या 50 से अधिक हैं। उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय पीपला में तीन शिक्षक हैं और बच्चे 166 है। बहरहाल वर्षों से शिक्षकों की कमी के कारण बच्चे अपनी मातृभाषा की पढ़ाई सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू मालिकाना के छात्राओं में शायरा प्रवीण, खुशी प्रवीण, सुल्ताना प्रवीण, नाजिया प्रवीण,आसफा हसनैन आदि छात्राओं ने कहा कि हमें उर्दू पढ़ने की बहुत इच्छा होती है, लेकिन शिक्षक न होने की वजह से हम सही तरह से सीख नहीं पाते। अगर स्कूल में उर्दू शिक्षक होते तो हम उर्दू अच्छे से पढ़ पाते, हमारे माता-पिता चाहते हैं कि हम उर्दू पढ़ें, लेकिन स्कूल में पढ़ाई न होने से हमें दिक्कत होती है। प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद अशरफ परवेज ने कहा हमारे विद्यालय में 2007 से ही शिक्षक नहीं है जबकि पढ़ने वाले मुस्लिम छात्रों की संख्या 400 से अधिक है। प्राइमरी सेक्शन में सिर्फ एक ही शिक्षक हैं जबकि कक्षा चार से आठवां तक एक भी शिक्षक नहीं है।

vivo T2x
Sep 11, 2025, 13:03

मिशन नौनिहाल सम्मान मुहिम ने शिक्षा व नशामुक्ति का दिया मजबूत संदेश

छोड़ो शराब,पकड़ो किताब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। संपतचक प्रखंड के भोगीपुर (एकतापुरम) में "छोड़ो शराब–पकड़ो किताब" अभियान के तहत विद्यार्थी चिंतन–संकल्प कार्यक्रम आयोजित हुआ। मिशन नौनिहाल सम्मान द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में बच्चों ने शराबबंदी के समर्थन में नारे लगाए और नशामुक्त समाज के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्रीबाई फुले एवं बाबा साहब डॉ। भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सावित्रीबाई फुले के शिक्षा–समता के आदर्शों को याद करते हुए बच्चों को नशा छोड़कर किताब अपनाने का संदेश दिया गया। मौके पर बच्चों के बीच निःशुल्क पठन–पाठन सामग्री का वितरण किया गया। संस्थापक सुखदेव बाबू ने संबोधन में कहा "जब बच्चे किताब से जुड़ेंगे, तभी परिवार, समाज और देश स्वस्थ व सशक्त बन सकेगा।" सामाजिक कार्यकर्ता बिनेश पासवान ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो बच्चों को जागरूक बनाकर समाज को सही दिशा देती है। कार्यक्रम की शुरुआत सावित्रीबाई फुले और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर हुई। बच्चों के बीच अध्ययन सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में निःशुल्क कोचिंग देने वाली तृषा कुमारी पासवान, मिन्ता कुमारी पासवान, अनिषा कुमारी, तान्या कुमारी, स्वीटी कुमारी, शिल्पी कुमारी, रंजीत कुमार, राज कुमार, आकांक्षा कुमारी, रिसु कुमारी, सुन्दरी कुमारी, मोनी कुमारी सहित अनेक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। अभिभावकों में बबीता देवी, पिंकी देवी, लालमोहन पासवान, हीरा पासवान, पेड़ा पासवान, शुशीला देवी, मनोज पासवान आदि उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षा, सामाजिक समरसता और नशा मुक्ति को प्राथमिकता बनाने का संकल्प लिया।

छोड़ो शराब- पकड़ो किताब
विद्यार्थी चिंतन–संकल्प कार्यक्रम
मिशन नौनिहाल सम्मान
दिनांक:- 30 नवंबर 20

विभिन्न मामलों में चार अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लहसुना पुलिस ने बीते शनिवार की देर शाम को विभिन्न इलाकों में छापेमारी करते हुए चार अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसमें थाना क्षेत्र के निशियावां पंचायत के विलेनचक गांव से हत्या के प्रयास मामले में कर्मवीर कुमार पिता स्वर्गीय भुवनेश्वर बिंद को गिरफ्तार किया है। दरअसल बीते 14 अक्टूबर 2025 को उस्मान चक में आपसी विवाद में मारपीट की घटना हुई थी जिसमें तकरीबन 12 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले फरार कर्मवीर की गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा मध निषेध मामले में राहुल कुमार पिता नागेश्वर सिंह के अलावा सुनील पासवान पिता जोगेंद्र पासवान कराय गांव से और नगीना पासवान पिता देवशरण पासवान कराय गांव से गिरफ्तार किया गया है।

रामकृष्ण नगर के आदर्श विहार में चौथी बाइक चोरी, निवासी दहशत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के आदर्श विहार रोड नंबर-2 में बाइक चोरी की घटनाओं ने स्थानीय लोगों की नींद उड़ा दी है। शुक्रवार की रात मकान संख्या 31/B के नीचे से होंडा शाइन मोटरसाइकिल असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी कर ली गई। बाइक मालिक सुरेश प्रसाद ने बताया कि उनकी गाड़ी रात 9:10 बजे के आसपास गायब हुई। पीड़ित ने रामकृष्ण नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन मोहल्लेवासियों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई धीमी है और गश्ती पर्याप्त नहीं हो रही। पुलिस को चोरी का सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा गया है, जिसमें दो युवक गली में घूमते हुए नजर आए और फिर उसी दिशा से चोरी कर मोटरसाइकिल लेकर भागते दिखाई दिए। इससे पहले भी इसी इलाके में लगातार तीन मोटरसाइकिलें चोरी हो चुकी हैं, जिससे मोहल्ले में डर और असुरक्षा का माहौल बन गया है।अगर सुरक्षा व्यवस्था सुधारी नहीं गई, तो रात के समय घरों से बाहर निकलना लोगों के लिए जोखिम भरा हो जाएगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि देर रात संदिग्ध युवकों की आवाजाही बढ़ गई है, और लोग रात में घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को घर में ही सुरक्षित रहने को कहा जा रहा है, जिससे रोजमर्रा की गतिविधियाँ भी प्रभावित हो रही हैं। इससे पहले तार चोरी की घटना भी लगातार हो रही थी। इस स्थिति के मद्देनजर मोहल्ले के लोगों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि यदि थानाध्यक्ष गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई नहीं करते हैं, तो पूरा मोहल्ला सीनियर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर मामला उठाएगा।

28/11/2025 17:29:40

नाटक ने दिया संदेशः ठंड में लापरवाही पड़ सकती है जानलेवा

मरीजों एवं बुजुर्गों को हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज के बढ़ते खतरे से कलाकारों ने नाटक के जरिए किया बचाव के लिए जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक श्रृंखला के तहत महेश चौधरी द्वारा लिखित और मिथिलेश कुमार पांडे द्वारा निर्देशित नाटक "शीतलहर हावा हऊवे जानलेवा" का मंचन वाल्मी फुलवारी शरीफ में किया गया। इसमें कलाकारों ने ठंड के मौसम में लोगों को बीमारियों एवं शुगर बीपी ऊपर नीचे होने से जान जोखिम से बचाव के लिए जागरूक किया है। कार्यक्रम की शुरुआत अमन कुमार के स्वरबद्ध गीत "वहे शीत लहर हावा हऊवे जान लेवा, ये मोरा भईया हो" से हुई। नाटक के माध्यम से दर्शकों को ठंड के मौसम में बरती जाने वाली सावधानियों पर जागरूक किया गया। नाटक में बताया गया कि अत्यधिक ठंड की वजह से बीपी और शुगर से पीड़ित मरीजों एवं बुजुर्गों को हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज का खतरा काफी बढ़ जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ने से भी हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज की संभावनाएं बढ़ती हैं। साथ ही गलत तरीके से स्नान करना भी खतरनाक साबित हो सकता है — इसलिए नहाते समय सबसे पहले सिर पर पानी नहीं डालें, बल्कि पैरों से शुरुआत करें। शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए घर से बाहर निकलते समय ऊनी और गर्म कपड़े पहनने की अपील की गई। नाटक में महेश चौधरी, अमन कुमार, करण कुमार, नमन कुमार, देव दर्शन और अंजनी कुमार वर्मा ने अभिनय किया।

सामाजिक उन्नयन
निबंधन संख्या : 954/14-15
ला सांस्कृति
नाटक की प्र
निदेशक

यात्रियों से भरा मालवाहक टेंपो पलटा, आधा दर्जन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी/पटना। धनरूआ थाना क्षेत्र के साई के पास मंगलवार की शाम एक भीड़भाड़ से भरा मालवाहक टेंपो अचानक पलट गया, जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे में दो बच्चियां, तीन महिलाएं और अन्य यात्री चोटिल हुए हैं। टेंपो चालक नीतीश कुमार और एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, साई के पास स्थित सरकारी विद्यालय में निर्माण कार्य जारी था। उसी समय जेसीबी मशीन से बालू-गिट्टी उठाने का काम हो रहा था। इसी दौरान मसौढ़ी की ओर से आ रहा यात्रियों से भरा टेंपो जेसीबी से टकरा गया। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर आगे बढ़ा और डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया। पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही धनरूआ थाना की डायल-112 गाड़ी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार, गंभीर रूप से घायल चालक नीतीश कुमार, एक बच्ची और एक महिला को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार धनरूआ अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टेंपो को जब्त कर थाने में जमा करा दिया है। बताया जाता है कि सभी यात्री मसौढ़ी के मणीचक से शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर देवधा लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

एचपीसीए ने मंडी की लेडी कांस्टेबल नेहा सैनी को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

देहरादून (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश पुलिस की महिला कांस्टेबल नेहा सैनी ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एसपी ऑफिस मंडी में तैनात नेहा सैनी को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) की महिला अंडर-19 टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। मंडी (रजनीश)ः हिमाचल प्रदेश पुलिस की महिला कांस्टेबल नेहा सैनी ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एसपी ऑफिस मंडी में तैनात नेहा सैनी को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) की महिला अंडर-19 टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। नेहा सैनी 30 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक देहरादून और लखनऊ में आयोजित होने वाले बीसीसीआई महिला अंडर-19 नैशनल वन डे मैचों में टीम का नेतृत्व करेंगी।

सुंदरनगर की रहने वाली नेहा सैनी का क्रिकेट से नाता काफी पुराना है। उन्होंने बताया कि जब वर्ष 2006 में हिमाचल में महिला क्रिकेट की शुरूआत हुई थी, तब उन्होंने खेलना शुरू किया था। वह 2006 से 2011 तक एक सक्रिय खिलाड़ी के रूप में मैदान पर डटी रहीं। खेल के प्रति उनके समर्पण के साथ-साथ उन्होंने देश सेवा को भी चुना और 2010 में पुलिस विभाग ज्वाइन किया। हालांकि, खाकी वर्दी पहनने के बाद भी उनका क्रिकेट प्रेम कम नहीं हुआ। क्रिकेट के मैदान पर अपने अनुभव का लाभ अब वे नई पीढ़ी को दे रही हैं। नेहा 2023 से लगातार एचपीसीए की महिला अंडर-19 और अंडर-23 टीमों के साथ बतौर मैनेजर जुडी हुई हैं। वहीं अब एक बार फिर उन्हें हिमाचल महिला क्रिकेट टीम की कमान सौंपी गई है। इस दौरे का पूरा खर्च हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा उठाया जाएगा। वहीं नेहा सैनी ने एसपी मंडी साक्षी वर्मा, डीएसपी हैडक्वार्टर मंडी दिनेश कुमार, मंडी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राणा और सचिव अभिनव गुलेरिया का आभार जताते हुए कहा कि पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों और क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन के कारण ही वह अपनी ड्यूटी के साथ-साथ खेल के प्रति अपने जुनून को जीवित रख पाई हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी और टीम को बेहतरीन मार्गदर्शन देकर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

टी20 सीरीजः लिटन दास की कप्तानी पारी, बांग्लादेश ने आयरलैंड को 4 विकेट से हराया

चटगांव, एजेंसी। बांग्लादेश ने सीरीज के दूसरे टी20 मुकाबले में आयरलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। जीत के साथ बांग्लादेश ने सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। बीर श्रेष्ठो फ्लाइट लेफ्टिनेंट मतिउर रहमान क्रिकेट स्टेडियम, चटगांव में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश को जीत के लिए 171 रन की जरूरत थी जिसे टीम ने आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर हासिल कर लिया। 171 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी बांग्लादेश के लिए कप्तान लिटन दास ने अर्धशतक लगाया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे दास ने 37 गेंद पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 57 रन की धमाकेदार पारी खेली। लिटन दास ने दूसरे विकेट के लिए परवेज हुसैन इमोन के साथ 60 और तीसरे विकेट के लिए सैफ हसन के साथ 52 रन की साझेदारी की। इन दोनों साझेदारियों का टीम की जीत में अहम योगदान रहा था। 138 रन के स्कोर पर बांग्लादेश का तीसरा विकेट गिराने के बाद आयरलैंड ने वापसी की कोशिश की और अगले 19 रन के अंदर 3 विकेट गिराए, लेकिन मोहम्मद सैफुद्दीन ने 7 गेंद पर 17 और मेहदी हसन ने 3 गेंद पर 6 रन बनाकर टीम को 2 गेंद पहले जीत दिला दी। बांग्लादेश ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 174 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीता। परवेज हुसैन इमोन ने 28 गेंद पर 43 और सैफ हसन ने 22 रन बनाए। आयरलैंड के लिए मार्क अडेयर और गारेथ डेल्ने ने 2-2 विकेट लिए।

विराट कोहली ने 52वां शतक जड़कर रचा हैरतअंगेज इतिहास

टूट गया सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपने करियर के उस फेज हैं, जब भी वह मैदान पर उतरते हैं तो रिकॉर्ड्स बनते और टूटते हैं। कुछ ऐसा ही रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में भी देखने को मिला। कोहली ने रांची के मैदान पर 102 गेंदों में 100 रन कंप्लीट किए और कीर्तिमानों की झड़ी लगा दी। यह उनके वनडे करियर का 52वां शतक था। कोहली ने हैरतअंगेज इतिहास रच डाला है। वह एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक सेंचुरी जमाने वाले वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड तोड़ डाला है। सचिन ने अपने करियर में टेस्ट फॉर्मेट में 51 शतक जड़े।

बता दें कि कोहली 2023 में सचिन को पछाड़कर वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक मारने वाले क्रिकेटर बन थे। सचिन ने वनडे में 49 सेंचुरी लगाईं। 37 वर्षीय कोहली ने सचिन का एक और ध्वस्त किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैचों में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले भारतीय प्लेयर बन गए हैं। वह अभी तक 32 मैचों में 6 शतक लगा चुके हैं। वहीं, महान बल्लेबाज सचिन ने साउथ अफ्रीका के विरुद्ध 57 वनडे मैचों में पांच शतक ठोके थे। इसके अलावा, कोहली घरेलू मैदान पर वनडे में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। उन्होंने साथ ही घर पर 100 बार पचास प्लस स्कोर बनाने का कारनामा अंजाम दिया है।

रोहित बने वनडे में सिक्सर किंग

शाहिद अफरीदी के रिकॉर्ड की धज्जियां उड़ाकर बनाया विश्व कीर्तिमान

रांची (एजेंसी)। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला जा रहा है। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। वहीं रोहित शर्मा बने वनडे में सिक्सर किंग बन गए उन्होंने शाहिद अफरीदी के रिकॉर्ड की धज्जियां उड़ाकर विश्व कीर्तिमान अपने नाम कर लिया था।भारतीय टीम ने 32 ओवर में 4 विकेट पर 208 रन बना लिए थे। विराट कोहली ने शानदार शतक लगाया। ऋतुराज गायकवाड (8 रन) को ओटनिल बार्टमैन ने डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। रोहित शर्मा (51 बॉल पर 57 रन) को मार्को यानसन ने एलबीडब्ल्यू किया। यशस्वी जायसवाल 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नांद्रे बर्गर ने विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक के हाथों कैच कराया। टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। रोहित अब वनडे क्रिकेट में 352 छक्कों के साथ इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। रोहित को इस मैच से पहले ये रिकॉर्ड बनाने के लिए 3 छक्कों की जरूरत थी। रोहित ने इस मामले में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी (351) को पीछे छोड़ दिया है जो इससे पहले वनडे इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के (351) मारने वाले खिलाड़ी थे।

आंद्रे रसेल ने आईपीएल से संन्यास लिया

- केकेआर के सपोर्ट स्टाफ से जुड़े; 11 साल तक टीम के लिए खेले

नईदिल्ली (एजेंसी)। आंद्रे रसेल ने आईपीएल से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है।इसी के साथ 37 साल के रसेल का बतौर खिलाड़ी चयक्रके साथ 11 साल का रिश्ता खत्म हो गया। आईपीएल 2026 ऑक्शन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने रसेल को रिलीज कर दिया था। इस फ्रेंचाइजी से वह 2014 में जुड़े रहे। रसेल ने केकेआर के लिए 133 मैच खेले। उन्होंने 2014 और 2024 में केकेआर को खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।

रसेल ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलकर अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 2012 और 2013 में दिल्ली के लिए खेले, 2014 में वे केकेआर में शामिल हुए और तब से इस टीम के खास मेंबर बन गए।रसेल ने आईपीएल से रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए एक वीडियो शेयर किया, जिसमें बताया कि वह आईपीएल 2026 में केकेआर में बतौर पावर कोच की भूमिका में नजर आएंगे। केकेआर ने रसेल को पिछले मेगा ऑक्शन से पहले 12 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया था, लेकिन आईपीएल 2025 में खराब प्रदर्शन के बाद चयक्रने उन्हें इस साल रिलीज कर दिया था। उन्होंने आईपीएल 2025 में 13 पारियों में सिर्फ 167 रन बनाए और आठ विकेट लिए थे। आंद्रे रसेल ने लिखा, आईपीएल से संन्यास ले रहा हूं, लेकिन स्वैग नहीं छोड़ रहा। आईपीएल करियर शानदार रहा, 12 सीजनों की यादें, और केकेआर परिवार से मिला ढेर सारा प्यार। मैं दुनिया की अन्य क्रिकेट लीग में छक्के मारता रहूंगा और विकेट लेता रहूंगा।

अभिषेक शर्मा की 12 गेंद में फिफ्टी 32 में लगाया शतक

पंजाब (एजेंसी)। अभिषेक शर्मा ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 148 रन की पारी खेलकर कई रिकॉर्ड तोड़ डाले। पंजाब के कप्तान ने बंगाल के खिलाफ 12 गेंद में फिफ्टी और 32 गेंद में सेंचुरी पूरी की। उन्होंने इस पारी में 16 छक्के लगाए। यह मेंस टी-20 क्रिकेट में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है और भारतीय खिलाड़ियों में दूसरा सबसे तेज भी है।

अभिषेक ने 425.00 की स्ट्राइक रेट से 12 गेंद में 5 चौके और 5 छक्के लगाकर फिफ्टी पूरी की। इसके बाद उन्होंने 7 चौके और 11 छक्के की मदद से 32 बॉल पर शतक पूरा किया। अभिषेक 52 बॉल पर 8 चौके और 16 छक्के की मदद से 148 रन बनाकर आउट हुए।

अभिषेक ने प्रभसिमरन सिंह के साथ 205 की पार्टनरशिप की। उनकी इस पारी के दम पर पंजाब ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 310 रन बोर्ड पर लगा दिए। यह मैच हैदराबाद में खेला गया।पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 70 रन बनाए। रमनदीप सिंह ने 15 बॉल पर 4 छक्के और 2 चौकों की मदद से 39 रन बनाए। सनवरी सिंह ने 8 बॉल पर 2 चौके और 2 छक्के लगाकर 22 रन बनाए ।मेंस टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड नेपाल के दिपेंद्र सिंह ऐरी (9 बॉल) के नाम है। उन्होंने यह रिकॉर्ड सितंबर 2023 में हांगझो एशियन गेम्स के दौरान मंगोलिया के खिलाफ बनाया था। भारत के अशुतोष शर्मा इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 2023-24 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 11 गेंदों में अर्धशतक लगाया था।

तीसरा सबसे तेज अर्धशतक, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 16 छक्के लगाए

फाफ डु प्लेसिस ने आईपीएल को कहा अलविदा, सीएसके की पोस्ट पर दिया भावुक संदेश

नईदिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अपना सफर आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया है। उन्होंने आईपीएल 2026 की नीलामी में पंजीकरण न कराने का फैसला किया है और अब वे पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। इसी के साथ आईपीएल में उनके 14 साल लंबे करियर पर विराम लग गया।

डु प्लेसिस ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए नौ मैचों में हिस्सा लिया था। इससे पहले वे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), राइजिंग पुणे सुपरजायंट, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान के रूप में और कई यादगार भूमिकाओं में नजर आए।

भावुक ट्रिब्यूट और फाफ का दिल से जवाब

फाफ के नीलामी से हटने के बाद सीएसके ने अपने पूर्व सितारे को एक खास श्रद्धांजलि दी, जिसमें उनके चैंपियनशिप योगदान और शीर्ष क्रम पर निभाई महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया गया।

सीएसके की इस पोस्ट पर फाफ भावुक हो गए और कहा, मैंने हमेशा सोचा था कि मेरा अंत पीले जर्सी में ही होगा। 'व्हिसल पोडू' फैन्स के साथ उनका यह रिश्ता आईपीएल इतिहास की सबसे भावुक खिलाड़ी फ्रेंचाइज़ी बॉन्डिंग में से एक रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, डु प्लेसिस पीएसएल को एक नया चैलेंज मानते हैं। उन्होंने आईपीएल से दूरी को अंतिम विदाई नहीं बताया, बल्कि भविष्य में लौटने की संभावना को खुले रूप में छोड़ दिया।

इंटर मियामी पहली बार एमएलएस के फाइनल में पहुंचा

न्यूयॉर्क सिटी को 5-1 से हराया; कार्लोस अल्काराज मैच देखने स्टेडियम पहुंचे

न्यूयार्क (एजेंसी)। इंटर मियामी ने पहली बार मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप के फाइनल में जगह बना ली। लियोनेल मेसी की कप्तानी में टीम ने शनिवार को ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में न्यूयॉर्क सिटी स्रष्ट को 5-1 से हरा कर खिताब जीता। टीम इस जीत के साथ ही एमएलएस के फाइनल में जगह बना ली।

ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल के इस मुकाबले में तदेओ अलेंदे ने शानदार हैट्रिक लगाई, जबकि मातेओ सिल्वेत्ती और टेलास्को सेगोविया ने एक-एक गोल दागा। वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज भी ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस का फाइनल मुकाबला देखने स्टेडियम पहुंचे।

इंटर मियामी की इस जीत में मेसी के हमवतन और अर्जेंटीना टीम के साथी तादेओ अलेंदे का सबसे बड़ा योगदान रहा। अलेंदे बेहतरीन फॉर्म में दिखे और उन्होंने शानदार हैट्रिक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।आठ बार के बैलन डी ओर विजेता मेसी ने भी इस मुकाबले में एक उपलब्धि हासिल की। मेसी के क्लब और नेशनल टीम को मिलाकर अब कुल 405 असिस्ट हो गए हैं, जो फुटबॉल के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा किए गए सबसे ज्यादा असिस्ट हैं।एमएलएस की सबसे सफल टीम रु गैलेक्सी है, जिसने 2024 तक रिकॉर्ड छह एमएलएस कप खिताब जीते हैं। चार खिताब के साथ डीसी यूनाइटेड के साथ दूसरे नंबर पर है। कोलंबस क्रू ने तीन टाइटल जीते हैं।

भारत की ओमान पर 17-0 से शानदार जीत, क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने के करीब

हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप

चेन्नई (एजेंसी)। भारत ने चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अपने दूसरे पूल बी मैच में ओमान को 17-0 से हराकर पुरुषों के हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिली को 7-0 से हराया था। अर्शदीप सिंह (4', 33', 40'), मनमीत सिंह (17', 26', 36') और दिलराज सिंह (29', 32', 58') ने हैट्रिक बनाई, जबकि अजीत यादवल (34', 47'), गुरजोत सिंह (39', 45') और लुवांग थोनाओजम इंगालेम्बा (43', 50') ने दो-दो गोल किए।अ नमोल एक्का (29') और शारदा नंद तिवारी (55') ने मैच के बाकी दो गोल किए।

अर्शदीप ने चौथे मिनट में गोल किया, लेकिन यह पहले क्वार्टर का एकमात्र गोल साबित हुआ, क्योंकि ओमान ने अपनी किस्मत और आखिरी समय में कुछ अच्छे डिफेंस के दम पर स्कोर 1-0 पर बनाए रखा। लेकिन, दूसरे पीरियड में मनमीत सिंह के दो गोल से भारत ने बढ़त बना ली, जिसके बाद दिलराज सिंह और अनमोल एक्का ने हाफ-टाइम तक भारत को 5-0 से आगे कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में जोरदार वापसी की, जिसमें मेज़बान टीम ने मेहमान टीम पर आठ गोल किए, जिसमें मनमीत और अर्शदीप ने अपनी-अपनी हैट्रिक पूरी कीं। भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी चार और गोल करके अच्छा प्रदर्शन किया, जब दिलराज सिंह ने 58वें मिनट में अपने हैट्रिक गोल से शानदार स्कोरलाइन को खत्म किया। भारत के पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जबकि शारदा नंद तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। बाकी 11 गोल ओपन प्ले से आए। इस जीत की वजह से, भारत अभी चल रहे जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के ग्रुप बी में बेहतर गोल डिफरेंस के आधार पर टॉप पर है। इस नतीजे का यह भी मतलब है कि अगर भारत मंगलवार को अपने आखिरी ग्रुप बी मैच में स्विट्जरलैंड से हार से बचता है, तो वह पूल विनर के तौर पर सीधे मेन्स हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के क्वार्टर-फाइनल में पहुंच जाएगा। अगर भारत स्विट्जरलैंड से हार जाता है जिसने भी दो मैचों में दो जीत हासिल की हैं, तो उसे क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए छह रनर-अप टीमों में टॉप दो टीमों में शामिल होना होगा।

अवध ओझा ने बताया आप में दिक्कत, छोड़ने के बाद खुश

नई दिल्ली, एजेंसी। राजनीति में अपनी छोटी सी पारी के बाद ही संन्यास की घोषणा कर देने वाले मशहूर शिक्षक अवध ओझा इन दिनों बेहद खुश हैं। हाल ही में राजनीति की राह छोड़ने वाले अवध ओझा ने कहा है कि वह इस बात को लेकर खुश हैं कि अब जो चाहें बोल सकते हैं, पार्टी लाइन के मुताबिक बोलने की बंदिश नहीं है। उनका इशारा उस इंटरव्यू की ओर था जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बीच में दखल देते हुए इसे बंद करा दिया था और बेबस होकर अवध ओझा ने कहा था कि पार्टी लाइन वही लोग बताएंगे और वह उसी मुताबिक बोल सकते हैं।

एक पॉडकास्ट में अवध ओझा ने कहा कि चुनाव लड़ने के बाद उन्हें इस बात का अहसास हुआ कि यह उनके लिए उचित नहीं था। ओझा ने अब इस बात से भी इनकार किया कि वह आगे भाजपा में जा सकते हैं। इससे जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह टिकट नहीं मांगेंगे।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना ने जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी।
सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने शनिवार को एक गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के फैसलों पर केवल इसलिए दोबारा विचार नहीं करना चाहिए कि उन फैसलों को लिखने वाले जज बदल गए हैं। यह टिप्पणी उन्होंने उन मामलों के संदर्भ में की जहां बाद की बेंचों द्वारा पुराने फैसलों को पलटने की प्रथा बढ़ रही है। हरियाणा के सोनीपत में ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन में बोलते हुए, जस्टिस नागरत्ना ने न्यायिक स्वतंत्रता की विकसित समझ पर जोर दिया।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि न्यायिक स्वतंत्रता की विकसित समझ के लिए यह हमारे कानूनों की प्रणाली द्वारा आश्वासन जरूरी है कि एक बार दिया गया फैसला समय के साथ टिका रहेगा, क्योंकि यह 'स्याही से लिखा गया है, रेत से नहीं।' उन्होंने कहा कि कानूनी बिरादरी और शासन ढांचे में शामिल सभी प्रतिभागियों का यह कर्तव्य है कि वे एक फैसले का उसके मूल रूप में सम्मान करें, आपत्ति केवल कानून में निहित परंपराओं के अनुसार उठाएं और केवल इसलिए उसे बाहर फेंकने का प्रयास न करें क्योंकि चेहरे बदल गए हैं।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि न्यायपालिका देश के शासन के लिए एक अभिन्न संस्था है और आज न्यायपालिका को नियमों के उल्लंघन होने पर कानून के शासन को सुनिश्चित करने का कर्तव्य निभाना है।

न्यायिक स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए उन्होंने जजों के निजी आचरण की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक जज का व्यवहार संदेह से परे माना जाना चाहिए और राजनीतिक अलगाव एक निष्पक्ष न्यायिक प्रणाली के लिए आवश्यक है। न्यायिक स्वतंत्रता न केवल जजों द्वारा लिखे गए फैसलों से बल्कि उनके व्यक्तिगत आचरण से भी सुरक्षित होती है। जस्टिस नागरत्ना की यह टिप्पणी उस घटनाक्रम के बाद आई है जब सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 26 नवंबर को एक बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की थी, जहां पिछले फैसलों से व्यथित पक्षों के इशारे पर बाद की बेंचों या विशेष रूप से गठित बेंचों द्वारा फैसलों को पलटा जा रहा है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि फैसलों की अंतिम वैधता को बनाए रखने से न केवल अंतहीन मुकदमेबाजी को रोका जाता है, बल्कि न्यायपालिका में जनता का विश्वास भी बना रहता है।

संक्षिप्त समाचार

गर्भवती बेटी को घसीटा व पीटा; दीप्ति की मां ने गंभीर आरोप लगाए

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के वसंत विहार में मशहूर पान मसाला कारोबारी के 38 वर्षीय बहू दीप्ति चौरसिया की कथित खुदकुशी के मामले में मृतका के परिजनों ने दीप्ति के पति अर्पित और ससुराल पक्ष पर बेटी के उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के गंभीर आरोप लगाए हैं। दीप्ति की मां शारदा ने पुलिस को दी शिकायत में इस मामले की सीबीआई से जांच करने की मांग की है। इसके अलावा शारदा ने दामाद अर्पित पर कई गंभीर आरोप लगाए है। शारदा ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ वसंत कुंज में रहती हैं। परिवार में दो बेटे व बेटी है। उन्होंने बेटी दीप्ति की शादी दो दिसंबर 2010 में अर्पित चौरसिया के साथ की थी। शारदा का आरोप है कि फरवरी व मार्च 2011 में अर्पित व उसकी मां ने उनकी बेटी को पहली मंजिल से घसीटकर नीचे लाए और उसके मारपीट की। उस समय दीप्ति गर्भवती थी। इस मामले में अर्पित के परिजनों ने माफी भी मांगी थी। बता दें कि, दिल्ली पुलिस ने दीप्ति चौरसिया की मां की शिकायत के आधार पर शुक्रवार को पान मसाला कंपनी के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति के पति और सास के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार, दीप्ति बीते मंगलवार दोपहर वसंत विहार स्थित अपने घर के एक कमरे में फंदे से लटकी पाई गई थी। दीप्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।
दीप्ति की मां ने अपनी शिकायत में दामाद और उसके परिवार पर लंबे समय से शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायतकर्ता के हवाले से बताया कि दीप्ति की शादी 2 दिसंबर 2010 को हुई थी और शादी के कुछ ही महीनों बाद कथित रूप से उसे तंग किया जाने लगा। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि दीप्ति की सास ने उसे गलत तरीके से पेश किया, समाज में उसका अपमान किया और परिवार के समारोहों में उसे शामिल नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि दीप्ति की मौत से कुछ दिन पहले उनके दामाद विदेश गए थे और उनके लौटने के बाद दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। दीप्ति ने 25 नवंबर को सुबह करीब 7.30 बजे कथित तौर पर अपनी मां से फोन पर बात की थी, झगड़े का जिक्र किया और अपने पिता के स्वास्थ्य के बारे में पूछा था।

दिल्ली में बारात में 17 साल के लड़के की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में शाहदरा के मानसरोवर पार्क इलाके में शनिवार रात बारात में 17 साल के लड़के की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में ष्ठ्वस्स्न के एक हेड कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार किया है। आरोपी हेड कॉन्स्टेबल पर लड़के अपनी सर्विस पिस्टल से गोली मारने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को एक आम आदमी से सूचना मिली कि मानसरोवर पार्क इलाके में डीडीए मार्केट कम्युनिटी सेंटर के पास एक बच्चे को गोली मार दी गई है। थाने से पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि न्यू मॉडर्न शाहदरा निवासी 17 वर्षीय लड़का कम्युनिटी सेंटर के सामने हो रहे एक शादी समारोह (बारात) के दौरान गोली लगने से घायल हो गया है।

20 हजार मतदाताओं के नाम गायब

● एसआईआर पर सपा सांसद राजीव राय का गंभीर आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी।
समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम गायब होने का आरोप लगाया है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में उन्होंने कहा कि मऊ सदर विधानसभा से 20 हजार नाम गायब हैं। राजीव राय ने मोबाइल फोन दिखाते हुए कहा, 'इसमें कहा गया है कि डिलीशन का एप्लिकेशन स्वीकार कर लिया गया है। आखिर यह डिलीशन कहां से आया, किस अज्ञात पते से आया? यह हमें नहीं बताया जा रहा है। मैंने सबूतों के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त को कल पत्र लिखा। हम लोग पूरे दिन इंतजार करते रहे कि समय मिलेगा मगर ऐसा नहीं हुआ।'

घोसी से सपा सांसद राजीव राय ने कहा, 'मैंने जिलाधिकारी को चिट्ठी लिखी। अभी फोन आया तो बताया गया कि डीएम को जांच कराने के लिए कहा गया है। ऐसा हाल हो गया है। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है।' उन्होंने कहा कि मऊ विधानसभा से 20 हजार नाम काटे गए हैं। मैं चुनाव आयोग से जानना चाहता हूं कि डिलीशन का एप्लिकेशन किसने दिया है? क्या बीजेपी के वार रूम से यह बैठे-बैठे हो रहा है? सपा नेता ने कहा, 'मैं गलत भी हो सकता हूं लेकिन मुझे इसका जवाब चाहिए। ऐसा हो सकता है कि 20 हजार लोगों के नाम चुन-चुनकर हटाए गए हों। आखिर आपको बताने में क्या परहेज है।'

बता दें कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी एसआईआर को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। अखिलेश ने शनिवार को कहा कि एसआईआर को लेकर इतनी जल्दबाजी में क्यों हैं। उन्होंने कहा, 'शादियों के मौसम में सभी लोग व्यस्त हैं। इसी समय आयोग एसआईआर करवा रहा है। आख़िर भाजपा और आयोग के बीच क्या सेटिंग है। एसआईआर को लेकर कोई बड़ी साजिश रची जा रही है।' अखिलेश ने कहा है कि प्रदेश में लगातार शादियां हो रही हैं और शादियों के समय पर लोगों का एक दूसरे के यहां आना-जाना, शादी की तैयारी करना सब व्यस्त हैं। इतने कम समय में एसआईआर कराना पूरे प्रदेश का और किस-किस को आपने जिम्मेदारी दी हैं।' अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा दोनों मिले हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एसआईआर कराने की जल्दी क्यों है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को सहायक बनाया गया है।

दिल्ली के वसंत कुंज में मर्सिडीज कार ने 3 लोगों को मारी टक्कर, 23 साल के युवक की मौत; 2 घायल

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में एंबियंस मॉल के पास रविवार तड़के एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने तीन लोगों को टक्कर मार दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वसंत कुंज नॉर्थ थाना पुलिस ने कार ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि रविवार तड़के करीब 2 :30 बजे वसंत कुंज नॉर्थ थाने को रोड एक्सीडेंट के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। पुलिस स्टाफ तुरंत घटनास्थल वसंत विहार में नेल्सन मंडेला मार्ग पर एंबियंस मॉल के सामने पहुंचा। पुलिस टीम को वहां हिमाचल नंबर एचपी 11डी 0060 की एक मर्सिडीज त्न63 कार क्षतिग्रस्त हालत में मिली। इसके साथ ही तीन लोग मौके पर घायल पड़े मिले। इनमें से दो लोगों की उम्र 23 साल और एक की उम्र 35 साल है। सभी एंबियंस मॉल के एक रेस्टोरेंट के कर्मचारी हैं। तीनों घायलों को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के दौरान उत्तराखंड के चमोली जिले के रहने वाले 23 साल के रोहित को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य का अब भी इलाज चल रहा है। मर्सिडीज कार के ड्राइवर की पहचान दिल्ली के करोल बाग निवासी 29 वर्षीय शिवम के तौर पर हुई है। घटना के समय वह अपनी पत्नी और बड़े भाई के साथ गाड़ी चला रहा था।

किरण बेदी की मांग: सरकारी दफ्तरों में एयर प्यूरीफायर पर लगे रोक

ताकि अधिकारी महसूस करें प्रदूषण का दर्द

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने सरकारी दफ्तरों और आवासों में एयर प्यूरीफायर पर प्रतिबंध की मांग की है, ताकि अधिकारी वायु प्रदूषण की गंभीरता को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें और समाधान खोजने के लिए प्रेरित हों। उनका तर्क है कि सुरक्षा घेरे में रहने से अधिकारी जमीनी हकीकत से अनभिज्ञ रहते हैं, जबकि नागरिक प्रदूषित हवा से परेशान हैं।

पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने शनिवार को सरकारी दफ्तरों और सरकारी आवासों में एयर प्यूरीफायर लगाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि अगर सरकारी अधिकारियों को वायु प्रदूषण की समस्या की गंभीरता को समझना है, तो उन्हें इसके प्रभावों का प्रत्यक्ष अनुभव होना चाहिए। एक्स पर शेयर की गई एक पोस्ट में, बेदी ने लिखा सरकारी दफ्तरों और घरों में सरकारी खर्च पर एयर प्यूरीफायर लगाने पर रोक लगाने के बारे में आपका क्या विचार है?

उन्होंने एक्स पर आगे लिखा कि वे प्रदूषित हवा में साँस कैसे लेंगे ताकि पता चल सके कि क्या हो रहा है? इसके अलावा, इससे उन्हें मैदान में जाकर हॉटस्पॉट की जाँच करने में भी दिक्कत होती है। हमें समाधान चाहिए, किसी को नुकसान न पहुँचाने के लिए। एक्स पर एक अलग पोस्ट में, बेदी ने यह भी सवाल उठाया कि सरकारी अधिकारी ज़हरीली हवा की गंभीरता को कैसे समझ सकते हैं, जबकि वे हर कदम पर प्यूरीफायर से सुरक्षित रहते हैं। बेदी ने कहा कि इस तरह का इन्सुलेशन अधिकारियों को बाहर की वास्तविक स्थिति का अंदाज़ा लगाने से रोकता है, जबकि नागरिक परेशान हैं।

बहन से दोस्ती करने पर नाबालिग पड़ोसी को चाकू से गोद डाला

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में शुक्रवार देर रात एक लड़के ने बहन से दोस्ती करने पर नाबालिग पड़ोसी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी हमलावर दोस्तों समेत फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल मुख्य आरोपी समेत पांच नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया। इनके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है।

डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि गत 28 नवंबर की रात भलस्वा डेयरी पुलिस को गोला चौक नमक गोदाम के पास चाकूबाजी की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल 17 साल के नाबालिग को पास के अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि नाबालिग की मौत हो चुकी है। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि नाबालिग पर चार-पांच लड़कों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह अचेत होकर गिर गया तो आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गए।

घटना की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि 17 साल का नाबालिग अपने परिजनों के साथ भलस्वा डेयरी इलाके में साथ रहता था। उसकी पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से दोस्ती थी। इस बात को लेकर नाबालिग का लड़की के भाई से विवाद चल रहा था। नाबालिग किसी काम से स्वरूप नगर एक्सटेंशन के गोला चौक इलाके पास गया था, तभी लड़की के भाई ने अपने चार दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी।

चीन के लिए काल बनेगा ताइवान का 'टी-डोम'

ताइपे, एजेंसी। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने हाल ही में देश की सबसे महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना 'टी-डोम' की आधिकारिक घोषणा की। इसकी तुलना इजरायल के मशहूर आयरन डोम से की जा रही है। वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि ताइवान का टी-डोम आयरन डोम से भी अधिक पावरफुल होगी, क्योंकि इसे चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के लड़ाकू विमानों, बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और ड्रोनों सभी तरह के खतरों से एक साथ निपटना है। दरअसल, ताइवान सरकार ने अगले कई वर्षों में रक्षा बजट में अतिरिक्त 40 बिलियन डॉलर जोड़ने का प्रस्ताव रखा है, जिसमें टी-डोम को विकसित करना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन के बढ़ते खतरे का मुकाबला करने के लिए टी-डोम के निर्माण में तेजी लाने का वादा किया है। बता दें कि ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने टी-डोम की घोषणा लाई ने 10 अक्टूबर को की थी। टी-डोम को चीनी लड़ाकू विमानों, मिसाइलों या ड्रोनों के संभावित हमले से लोकतांत्रिक द्वीप की रक्षा के लिए डिजाइन किया जाएगा। टी-डोम की तुलना इजरायल की आयरन डोम से की जा रही है। लेकिन दोनों में अंतर है। ताइपे स्थित सुरक्षा विश्लेषक जे. माइकल कोल ने बताया कि आयरन डोम मुख्य रूप से कम दूरी के हथियारों के लिए डिजाइन किया गया है, जबकि टी-डोम को खतरों की एक बहुत व्यापक श्रृंखला का सामना करना पड़ेगा।

जेलेंस्की के सबसे ताकतवर सहयोगी का इस्तीफा

कौन हैं एंड्री यरमक, जिनके जाने से यूक्रेन में मची हलचल

यूक्रेन, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों द्वारा उनके घर पर छापेमारी के बाद उन्हें अपने पद से हटना पड़ा। यह पूरा मामला 100 मिलियन डॉलर के किकबैक घोटाले से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है।



एंड्री यरमक यूक्रेन के दूसरे सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माने जाते थे और रूस के आक्रमण के दौरान कूटनीति व शांति वार्ताओं के प्रमुख चेहरा थे। उन्होंने विदेशी संपर्कों का प्रबंधन किया और कीव में आने वाले नेताओं की मेजबानी की। इसके अलावा वे सैन्य एवं राजनयिक समर्थन के लिए राष्ट्रपति के साथ अंतरराष्ट्रीय मिशनों पर भी गए। एंड्री यरमक का जन्म कीव में हुआ। यरमक ने टारस शेवचेंको नेशनल यूनिवर्सिटी से अंतरराष्ट्रीय निजी कानून की पढ़ाई की। इसके बाद 1997 में अपनी लॉ फर्म शुरू की। अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत उन्होंने पार्टी ऑफ रीजन्स के सांसद और पूर्व ओलंपिक पहलवान एल्ब्रस टेडेयेव के कानूनी सलाहकार के रूप में की। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया में भी कदम रखा, 2012 में उन्होंने गार्नेट मीडिया ग्रुप की स्थापना की। यह ग्रुप यूक्रेनी फिल्मों और टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम करता था। 2011 में उनकी पहली मुलाकात जेलेंस्की से हुई, जब वे इंटर चैनल के जनरल प्रोड्यूसर थे। जेलेंस्की के राष्ट्रपति बनने के बाद यरमक को विदेश नीति सहायक बनाया गया। यरमक ने रूस के साथ कैदियों की अदला-बदली और अमेरिका के साथ संचार संभाला। इसके बाद 2020 में वे चीफ ऑफ स्टाफ और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्य बने। रूस के 2022 के आक्रमण के बाद वे मानवीय मामलों के समन्वयक भी बने। अक्सर जेलेंस्की जैसी मिलिट्री स्टाइल पोशाक में नजर आने वाले यरमक को ग्रीन कार्डिनल का उपनाम मिला था। इसके बाद उन्हें लगभग सह-राष्ट्रपति, यूक्रेन का सबसे शक्तिशाली अनिर्वाचित व्यक्ति माना जाने लगा।

कैलिफोर्निया में बच्चे की बर्थडे पार्टी में गोलीबारी

लोग बोले- हमें लगा कि जश्न में पटाखे फूट रहे हैं

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।
कैलिफोर्निया के स्टॉकटन शहर के ल्यूसिल एवेन्यू इलाके में शनिवार रात को एक बैंक्वेट हॉल में अचानक गोलीबारी हो गई। इस हॉल में बच्चे की बर्थडे पार्टी चल रही थी। घटना में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, कुल 14 लोगों को गोली लगी थी, जिनमें से 4 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर के उप-मेयर जेसन ली ने फेसबुक पर लिखा, 'आज मेरा दिल बहुत भारी है। एक बच्चे के जन्मदिन की पार्टी में हुई इस सामूहिक गोलीबारी से मैं दुखी और गुस्से में हूं। हमारी कम्युनिटी को सच जानने का हक है और पीड़ित परिवारों को न्याय और हर संभव मदद मिलनी चाहिए।'

उप-मेयर जेसन ली ने कहा, 'जन्मदिन की पार्टी कभी भी ऐसी जगह नहीं होनी चाहिए जहां परिवारों को अपनी जान का डर हो। यह डरावना है। एक नेता के रूप में अपने लोगों को इससे गुजरते देखना मुझे अंदर तक झकझोर देता है।' उन्होंने आगे कहा,'मैं कर्मचारियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं ताकि समझ सकूं कि क्या हुआ था, और मैं जवाब पाने की कोशिश करूंगा। आज रात, मैं उन परिवारों के लिए अपनी संवेदनाएं, प्रार्थनाएं और प्यार व्यक्त करता हूं जो इस पीड़ा से गुजर रहे हैं।'

यह घटना एक बैंक्वेट हॉल में हुई जहां एक लोग जश्न मना रहे थे। जश्न के दौरान, गोलीबारी शुरू हो गई। सैन जोक्विन काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, पीड़ितों में बच्चे और बड़े दोनों शामिल हैं। शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता हीथर ब्रेंट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शुरूआती संकेत से यह एक सोची समझी साजिश लग रही हैं। ब्रेंट ने कहा, 'इस समय हमारी पहली प्राथमिकता हमलावर की पहचान करना है।'

पुलिस अधिकारियों ने अभी तक पीड़ितों की उम्र या हमलावर के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। पुलिस पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच कर रही है और लोगों से उस क्षेत्र में न जाने की अपील की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोलीबारी इतनी तेज थी कि उन्हें लगा जैसे पटाखे फूट रहे हैं। एक गवाह ने कहा, 'हम पास में ही एक बच्चे के जन्मदिन की पार्टी मना रहे थे, हमें लगा खुशी में आतिशबाजी हो रही है। '

मिसिसिपी में हुई गोलीबारी में हुई थी छह की मौत: बीते माह अमेरिका के मिसिसिपी डेल्टा क्षेत्र में भी गोलीबारी की घटना हुई थी। दो अलग-अलग जगहों पर हुई गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लोग घायल हो गए। राज्य के सीनेटर डेरिक सिमंस ने बताया कि एक घटना में लीलैंड शहर में हाई स्कूल फुटबॉल होमकमिंग गेम के बाद गोलीबारी हुई। इसमें चार लोगों की मौत हुई और 4 अन्य घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना हाइडलबर्ग शहर में हाई स्कूल होमकमिंग वीकेंड के दौरान स्कूल परिसर में गोलीबारी हुई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।

ऑस्ट्रेलिया के कचरा प्रोसेसिंग प्लांट में भीषण आग; 500 फीट तक लपटें उठी

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी में शनिवार देर रात एक कचरा प्रोसेसिंग प्लांट में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि वहां जोरदार धमाका हुआ और आग की लपटें करीब 500 फीट तक ऊपर उठ गईं। धमाके के साथ एक बड़ा केमिकल टैंक हवा में उड़ गया, जिसके के टुकड़े जमीन पर गिरे। ये टुकड़े मौके पर पहुंचे 200 से ज्यादा फायर फाइटर पर भी गिरे। दो फायर फाइटर्स के हाथों में हल्की चोट आई। हालांकि, अभी तक किसी और के घायल होने की खबर नहीं है। आग कैसे लगी, इसका अभी पता नहीं चल सका है।

काठमांडो-पोखरा उड़ान से पक्षी टकराया, प्रोपेलर क्षतिग्रस्त बुद्ध एयर की काठमांडो-पोखरा उड़ान (विमान संख्या- 617) शनिवार को पोखरा विमान स्थल पर लैंडिंग के दौरान पक्षी से टकरा गई। एटीआर-72 विमान रनवे 12 की पूर्व दिशा से उतर रहा था, उसी दौरान पक्षी के टकराने से दाहिनी ओर के इंजन के एक प्रोपेलर में नुकसान हुआ। विमान में 68 यात्री सवार थे और सभी सुरक्षित हैं।

कीमती स्टोन चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। जुगसलाई बाजार स्थित ऑप्टिकल एंड स्टोनकी दुकान से एक चोर ने दिनदहाड़े कीमती रत्नों से भरा एक बॉक्स चोरी कर ली थी। जिसमें 433 विभिन्न प्रकार के स्टोन रखे हुए थी। जिसका अनुमानित मूल्य लगभग ढाई लाख रुपये बताया गया था। सीसीटीवी में वह चोर दिखाई पड़ रहा था।

जुगसलाई पुलिस के थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ 9 घंटे के अंदर इस कांड का उद्वेदन करते हुए जुगसलाई निवासी अरबाज खान उर्फ चूहा को गिरफ्तार कर पार्वती घाट से वह अल्युमिनियम का बॉक्स भी बरामद कर लिया। जिसमें 433 मूंगा, फिरोजा, मोती,गोमेद टोपाज, मून आदि कीमती स्टोन थे।

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर ने बताया कि अरबाज खान का आपराधिक इतिहास रहा है। वह टाटानगर रेल थाने से दो बार जेल गया है। बिस्टुपुर थाने से भी एक बार जेल गया है। वह अकेला ही घूमते रहता है और जहां कहीं भी मौका हाथ लगता है। वह चोरी कर लेता है।

अवैध कोयला खनन पर बड़ी कार्रवाई, 130 टन कोयला जब्त

बोकारो। जिला पुलिस, खान एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को महुआटांड़ थाना क्षेत्र के दुधमटिया के समीप अवैध कोयला खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। विशेष छापामारी अभियान के दौरान टीम ने एक खुली अवैध कोयला खदान का पता लगाया। साथ ही पास के जंगल में लगभग 130 टन अवैध कोयला भंडारित मिला, जिसे प्रशासन द्वारा मौके पर ही जप्त कर लिया गया।

छापामारी दल में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, खान निरीक्षक अजय कुमार महतो, पुलिस उपनिरीक्षक प्रवीण महतो (महुआटांड़ थाना), वनरक्षी नितय कुमार महतो (गोमिया वन प्रक्षेत्र), क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी आशीष झा (सीसीएल, रजरप्पा क्षेत्र) तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल शामिल थे। अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र की तलाशी ली और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों की पहचान को लेकर जांच तेज कर दी है।

जप्त कोयले से जुड़े अवैध खनन एवं तस्करी के मामले में महुआटांड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

जनवादी लेखक संघ बोकारो ने दी नारायण सिंह को श्रद्धांजलि

बोकारो। जनवादी लेखक संघ बोकारो द्वारा सेक्टर 4 एफ में साहित्यकार प्रहलाद चंद्र दास के आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर हाल ही में दिवंगत हुए झारखंड के प्रसिद्ध कथाकार नारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित साहित्यकारों ने साहित्यकार नारायण सिंह के कृतित्व और उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की। विशेष रूप से उनके उपन्यास ₹ये धुआं कहां से उठता है₹ और उनकी अद्यतन कृति ₹सीता बनाम राम₹ पर चर्चा हुई। अंत में सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर बोकारो में हिन्दी और मगही के वरिष्ठ कवि आर. पी.वर्मा की सद्यः प्रकाशित पुस्तक ₹धनियां आ होरी देखली (मगही कविता संग्रह) का लोकार्पण किया गया। मौके पर कथाकार प्रहलाद चंद्र दास, ललन तिवारी, कुमार सत्येन्द्र, शांति भारत, आर पी वर्मा, अजय यतीश इत्यादि लोग उपस्थित थे।

लापता लैब तकनीशियन का पता लगाने को आगे आया ब्रह्मर्षि परिवार

बोकारो। ब्रह्मर्षि परिवार, बोकारो की एक बैठक सेक्टर 4जी 3175 में हुई, जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर एन के राय और संचालन आयोजक मंडल के सदस्य प्रेम कुमार ने किया।

प्रेम कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, बोकारो के लैब तकनीशियन संतोष कुमार लम्बे समय से लापता है। बोकारो प्रशासन आज तक कुछ भी पता नहीं लगा पाया है। समाज मे आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बैठक में उपायुक्त कार्यालय एवं सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना देने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त और एस पी की निष्क्रियता के विरुद्ध समाज के लोग एकत्रित होकर आक्रोश व्यक्त करेंगे।

धरना की तैयारी के किए 07 दिसंबर रविवार को चास मगध मंडप, अविनाश जीके आवास में बैठक होगी, जिसमें धरना की तिथि का निर्धारण किया जायेगा और आंदोलन की रूपरेखा तैयार किया जायेगा।

आयोजक मंडल, सदस्य एन एन पी साही ने कहा कि ब्रह्मर्षि परिवार, बोकारो की बैठक प्रत्येक 15 दिनों पर विभिन्न क्षेत्रो मे की जायेगा और समाज को एककृत किया जाएगा। बैठक मे मुख्य रूप से एच के चौधरी, अशोक कुमार राय,सुशील कुमार ठाकुर, पियूष राय, श्याम मनोहर सिंह, बाल कृष्णा मुरारी, रचित कुमार, सुधीर कुमार, के के सिंह, सर्वेश चौधरी, संजय कुमार, मदन प्रसाद सिंह, शैलेन्द्र कुमार, विकास ठाकुर संजय कुमार, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

कांस्टेबल भर्ती में फर्जीवाड़ा की तैयारी का फंडाफोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

झरिया (धनबाद)। धनबाद पुलिस ने पश्चिम बंगाल में होने वाली कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा करने वाले गैंग का पदार्फाश किया है। यह गैंग पश्चिम बंगाल के नदिया जिले से संचालित होता था और धनबाद के झरिया क्षेत्र में आकर फर्जी अभ्यर्थियों को परीक्षा दिलाने की तैयारी कर रहा था।

सीटी एसपी ऋतिक श्रीवास्तव ने रविवार शाम को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि शनिवार को जांच अभियान के दौरान झरिया थाना क्षेत्र के घनुवाडिह पुल के पास एक संदिग्ध स्कॉर्पियो दिखी। जांच में पता चला कि उसमें सवार लोग पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के हैं। पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ कि वे रविवार

⇨ झरिया से 17 लोगों को किया गिरफ्तार

⇨ 273 प्रवेश पत्र, 67 मोबाइल बरामद

को होने वाली पश्चिम बंगाल कांस्टेबल परीक्षा में फर्जी तरीके से अभ्यर्थियों को बैठाने की योजना बना रहे थे। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने झरिया के एक लॉज में छापेमारी की, जहां से 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी पश्चिम बंगाल के निवासी हैं।गिरफ्तार आरोपियों के पास से 273 अभ्यर्थियों के परीक्षा प्रवेश पत्र, 67 मोबाइल फोन, तथा अभ्यर्थियों के मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक सहित कई अन्य दस्तावेज बरामद किए गए।

अनुसंधान में खुलासा हुआ कि यह गिरोह अभ्यर्थियों को प्रश्नों के उत्तर मोबाइल के माध्यम से भेजकर याद करवाता था, ताकि वे परीक्षा में उत्तीर्ण हो सकें। परीक्षा से ठीक पहले यह पूरा नेटवर्क सक्रिय हुआ था, लेकिन धनबाद पुलिस की तत्परता से फजीर्वाड़ा पकड़ा गया।

गिरफ्तार लोगों में मजरुल हक मंडल, शाफिकुल शेख, शमीम अख्तर, शाहीन शाह, आमिर सोहेल, किरण शेख, अब्दुल्लाह शेख, बबलू मंडल, मोहम्मद अमीरुल मंडल, सकलेन मंडल, सुमित कुमार मंडल, चंदन चक्रवर्ती, उज्जवल शेख, सोनू कुमार, शुभंकर मंडल, अरूप मंडल और ऋषिराज गोस्वामी शामिल हैं। सभी आरोपियों का मेडिकल करवाकर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

इस पूरे मामले की जांच में पश्चिम बंगाल पुलिस भी जुट गई है और दोनों राज्यों की पुलिस मिलकर फजीर्वाड़ा गैंग की पूरी कड़ी खंगालने में लगी हैं।

जय झारखंड विस्थापित मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

जय झारखण्ड विस्थापित मोर्चा
(बोकारो)

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। जय झारखंड विस्थापित मोर्चा बोकारो ने बोकारो स्टील प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर शहर में खाली पड़े जमीन को विस्थापितों के लिए अलॉट नहीं किया जाएगा तो विस्थापित आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मोर्चा की आज एक बैठक सेक्टर चार जाहेरगढ़ में आयोजित की गई। जिसमें विस्थापितों के के समस्या से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि बोकारो स्टील शहरी क्षेत्र में विस्थापितों को रोजगार के लिए खाली पड़े जमीन प्रबंधन अलॉट करें ।उसके साथ-साथ प्लांट के सभी गेट के बाहर जो अवैध तरीके से गाड़ी पार्किंग संचालित है उसे बंद करते हुए विस्थापितों का देने का काम करें। अगर प्रबंधन इस पर ठोस पहल शुरू नहीं करती है तो मोर्चा आंदोलन को बाध्य होगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि प्रबंधन को यह चेतावनी है। हमारी मांगों पर विचार करें ।सात ही उन्होंने धनबाद के भाजपा सांसद पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने विस्थापितों का वोट लिया, लेकिन आज विस्थापितों को गुमराह कर छोड़ देने का काम किया हैं ।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ नगर सेवा भवन पर प्रदर्शन आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ और अन्य सहयोगी दुकानदार संघों की ओर से सोमवार एक दिसंबर को बोकारो इस्पात नगर सेवा भवन के समक्ष प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रविवार को मजदूर मैदान में महासंघ पदाधिकारियों की तैयारी बैठक रखी गयी। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने की।

सेल प्रबंधन के संपदा न्यायालय द्वारा दुंदीबाद और सिटी सेंटर सेक्टर चार सहित पूरे बोकारो में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत एक हफ्ते में दुकाने हटा लेने का का नोटिस जारी किया गया है। इसी के विरोध में झुग्गी-झोंपड़ी और दुकानदार संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन का निर्णय लिया है। महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने कहा कि सोमवार को पूरे बोकारो के झुग्गीवासी और फुटपाथ दुकानदार

प्रदर्शन में शामिल रहेंगे।

उन्होंने कहा कि सेल अध्यक्ष को नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक के माध्यम से मांगपत्र सौंप कर न्याय की मांग की जाएगी ।मांगपत्र में किसी भी दुकान को हटाने से पूर्व पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के तहत पुनर्वासित करने, अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जिन मीट दुकानदारों की दुकानें तोड़ी गयी हैं या जिन्होंने स्वयं ही व्यवसाय बंद कर दिया है, उन्हें पुनर्वासित करने, जो अन्य दुकानदार और झुग्गीवासी बेघर हुए हैं, उन्हें मुआवजा देने और पुनर्वासित करने, बेघर हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के गरीबों को राज्य या केन्द्र सरकार से सरकारी सहायता देने और सरकारी योजनानुसार आवास देने, सेक्टर पांच हटिया में बिना सुविधा प्रदान किये वसूली बंद करने सहित अन्य मांगे शामिल रहेंगी।

बैठक में महासंघ के सचिव राजकुमार पासवान, उपाध्यक्ष गोविंद जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार सिंह, बालेश्वर महतो, सुधीर कुमार, मुन्ना कुमार, शंभु यादव, धर्मेंद्र कुमार, दीपक कुमार, सुमित कुमार, सुनील कुमार, नुनू लाल साह सहित अन्य मौके पर उपस्थित रहे।

जुआ अड्डा से सात गिरफ्तार, नकद एवं शराब जप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह के निर्देशन में माराफारी थाना पुलिस ने घोईंचा टोला स्थित एक जुआ अड्डे पर देर रात छापेमारी कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5,500 रुपये नकद और 22 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। कार्रवाई थाना प्रभारी मोहम्मद आजाद खान के नेतृत्व में की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, माराफारी थाना क्षेत्र में स्थित इस जुआ अड्डे का नाम पहले भी आपराधिक गतिविधियों में जुड़ चुका है। कुछ वर्ष पूर्व इसी इलाके में जुआ विवाद को लेकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद से पुलिस समयझसमय पर निगरानी तो करती रही, लेकिन हाल के दिनों में जुआ गतिविधियों के फिर से सक्रिय होने की सूचना एसपी को मिली थी। विश्वसनीय सूचना पर एसपी ने तुरंत छापेमारी का निर्देश दिया।

निर्देश मिलते ही माराफारी पुलिस

की टीम ने घोईंचा टोला में दबिश दी, जहां मौके पर कई लोग जुआ खेलते हुए पाए गए। पुलिस को देखते ही कुछ लोग भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर सात आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने वहां से ताश की गड्डियाँ, नकदी और विदेशी शराब की बोतलें जब्त कीं।

थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम तथा उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जुआ अड्डा संचालित करने वाले मुख्य आयोजकों की पहचान कर रही है और आगे भी ऐसे अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

कराया गया सामूहिक विवाह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामगढ़। भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के द्वारा आज गुरु नानक स्कूल के ऑडिटोरियम में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर 51 जोड़ों का विधिवत विवाह भारतीय रीति रिवाज के अनुसार 18 पंडितों के द्वारा संपन्न किया गया।

इस कार्यक्रम में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और कार्यक्रम के आयोजन सह संयोजक गोविंद मेवाड़ के अलावा भारत विकास परिषद के दिल्ली एवं रांची के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में रामगढ़ शहर के कई प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी लोग शामिल हुए जो इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। मौके पर कार्यक्रम के आयोजक गोविंद मेवाड ने बताया कि आज भारत विकास परिषद के तरफ से 51 ऐसे जोड़ों की शादी कराई जा रही है जो विवाह करने में सक्षम नहीं थे।

मौके पर पहुंचे विधायक रोशन लाल चौधरी ने बताया कि आज का यह पुण्य काम पूरे समाज को यह संदेश देगा कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामर्थ के अनुसार दायित्व का निर्वाह करना चाहिए अपने से गरीब व्यक्तियों की सेवा करनी चाहिए ऐसा करने से बेटी बाप पर बोझ नहीं रहेगी।

कार्यक्रम में पहुंचे हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है, समाज में एक रूप और समरसता लाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का हम सभी को स्वागत करना चाहिए, अगर समाज के हर समृद्ध व्यक्ति अगर एक बेटी की जिम्मेवारी उठा ले तो इस देश में बेटी कभी अभिशाप नहीं बनेगी।

सदर अस्पताल परिसर में आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र का हुआ उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। सदर अस्पताल परिसर में नव निर्मित आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) का आज राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह तथा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस दौरान अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने रिसेप्शन एरिया, वार्ड 1 तथा 2, किचेन एरिया, प्ले एरिया, डॉक्टर चैंबर समेत पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपायुक्त के प्रयास से तैयार इस आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र की व्यवस्था देखकर सराहना की।

अपर मुख्य सचिव ने इलाजरत बच्चों तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर स्वास्थ्य सुविधाओं तथा बच्चों का हाल चाल जाना। उन्होंने इलाजरत बच्चों के बीच

पोषक आहार किट का वितरण भी किया जिसका प्रयोग बच्चे डिस्चार्ज होने के बाद अपने घरों में करेंगे।

इस आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) में बेड से लेकर बच्चों के इलाज और मनोरंजन की तमाम व्यवस्था की गई है।

जिसमे मॉड्यूलर किचेन है ताकि साफ - सफाई का ध्यान रखा जाए। सभी चीजें व्यवस्थित हो और बच्चों के पोषण से संबंधित खाना बना सके। साथ ही साथ पूरे क्षेत्र को बच्चों से संबंधित (चाइल्ड फ्रेंडली)चिजो (खेल कुद, शिक्षा, आदि) में डेवलप किया गया है ताकि बच्चो बच्चो का मन लगे । प्रतिदिन यहां उनका ग्रोथ रेट देखा जाएगा। आने वाले समय मे यह आदर्श कुपोषण केन्द्र पूरे राज्य के लिए बनेगा इस सोच के साथ कार्य किया जा रहा है। जिला के बाकि कुपोषण केन्द्र को भी इसी तरह सुद्दढ़ किया जाएगा।

इस आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) में बैंक ऑफ इंडिया के सीएसआर फंड की भी सहायता ली गई है। उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर बैंक ऑफ इंडिया ने कुपोषण उपचार केंद्र में उपायोगी सामग्री उपलब्ध कराई है।

मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, सिविल सर्जन डॉक्टर आलोक विश्वकर्मा, सदर उपाधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार, आंचलिक प्रबंधक, बीओआई दिनेश प्रसाद, उप आंचलिक प्रबंधक, बीओआई अवरातनु चंद्र समेत अन्य पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहें।

दुगार्पुर पंचायत में पीयर लीडर कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत में सहयोगिनी संस्था द्वारा किशोरी पीयर लीडर्स के लिए एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न गांवों से आई किशोरियों एवं पीयर लीडर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों में नेतृत्व क्षमता का विकास, कैपेसिटी बिल्डिंग, जीवन में आने वाली चुनौतियों का सकारात्मक रूप से सामना करना, समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना तथा उनके अंदर आत्मविश्वास में वृद्धि करना था।

प्रशिक्षण का संचालन ट्रैनर प्रेम कुमार महतो द्वारा किया गया। उन्होंने टीमवर्क, प्रभावी संवाद कौशल, निर्णय लेने की क्षमता एवं समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इस

पीयरलीडर क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम
आयोजक : सहयोगिनी, बोकारो

अवसर पर उन्होंने कहा पीयर लीडर्स समाज में परिवर्तन की वाहक होती हैं। यदि वे आत्मनिर्भर और जागरूक बनेंगी, तो गांव की हर लड़की और महिला सशक्त हो सकेगी।

उन्होंने कहा इस प्रकार की कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग से किशोरियाँ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं और अपने समुदाय में बदलाव की मिसाल पेश करती हैं।

ट्रेनिंग के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि वे अपने-अपने गांवों में बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल यौन शोषण जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

सहयोगिनी संस्था की एनिमेटर बिनीता देवी ने बताया कि संस्था दुगार्पुर पंचायत में किशोरी एवं महिला समूहों के साथ मिलकर जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता के विकास पर कार्य कर रही है, ताकि वे हिंसा और भेदभाव के खिलाफ सशक्त आवाज उठा सकें।

कार्यक्रम ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा, जिसने प्रतिभागी किशोरियों में नेतृत्व और आत्मविश्वास की नई ऊर्जा भर दी।

इस अवसर पर संस्था की एनिमेटर बिनीता देवी, बिंदु कुमारी, लाडली खातून, प्रीति कुमारी, खुशबू कुमारी, मनीषा कुमारी, मालवती कुमारी, नेहा कुमारी, पूनम कुमारी, वर्षा कुमारी, डोली कुमारी सहित कई किशोरियाँ उपस्थित रहीं।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं
संपादक कमल किशोर
द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि.
के लिए
भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,
गोविंदपुर मेन रोड,
अशोक नगर, केजी
आश्रम, धनबाद
(झारखंड) से मुद्रित तथा
प्लॉट नंबर 31,
कॉपरेटिव कॉलोनी,
बोकारो स्टील सिटी,
जिला बोकारो (झारखंड)
से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर,
नवबिहार टाइम्स
(दैनिक), सत्येंद्र नगर,
औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक:
मनोज विशाल
फोन नंबर:
9431145865,
8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण
संख्या:
JHAHIN/2017/72655,
Email :
bokaronbt@gmail.com